हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 21.06.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 324 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## साईं बाबा के दर्शन कर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मांगा राज्यवासियों के सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महाराष्ट्र प्रवास के दौरान शनिवार को शिरडी पहुंचकर साईं बाबा के समाधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंडवासियों के सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर जाने से मानसिक शांति मिलती है तथा जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्राप्त होती है। ऐसे स्थान व्यक्ति को आत्ममंथन का अवसर देने के साथ समाज और मानवता के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी देते हैं।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और जनसेवा की भावना को मजबूत करने में आध्यात्मिक स्थलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साईं बाबा के आशीर्वाद से ही उन्हें जनता की सेवा करने की शक्ति और प्रेरणा मिलती है।



दर्शन के बाद श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और साईं बाबा की प्रतिमा भेंट की।

गाडिलकर ने कहा कि शिरडी विश्वभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका शिरडी से पुराना आध्यात्मिक जुड़ाव रहा है और वह पहले भी कई बार यहां दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में भी साईं बाबा के अनेक मंदिर हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य में पेयजल व्यवस्था और जल संरक्षण पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से बड़ी संख्या में घरों तक नल के माध्यम से पानी पहुंचाया गया है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में अभी भी पेयजल की समस्या बनी हुई है, जिसके समाधान के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया संदेश में भी राज्यवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि साईं बाबा की कृपा सभी पर बनी रहे।

## विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा पूर्वी भारत : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**तारकेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंग दिवस समारोह में कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में पूर्वी भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मिशन पूर्वोदय के माध्यम से पूर्वी राज्यों के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है और पश्चिम बंगाल इस अभियान का प्रमुख केंद्र है।

हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा तारकनाथ की पावन भूमि पर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि चुनाव और शपथ ग्रहण के बाद जनता के बीच आने का यह पहला अवसर है और बंगाल में उन्हें बदलाव की नई ऊर्जा और उम्मीद दिखाई दे रही है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंग दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बंगाल के संघर्ष, त्याग, गौरवशाली विरासत और अस्मिता को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि राज्य अब विकास और प्रगति के नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है।

### पीएम ने जारी की किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करते हुए देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि हस्तांतरित की।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दशकों तक वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस की सरकारों ने पश्चिम बंगाल के विकास को बाधित किया। उन्होंने कहा कि कुशासन के कारण उद्योगों का पलायन हुआ, रोजगार के अवसर घटे और राज्य विकास की दौड़ में पिछड़ गया। अब विकास परियोजनाओं के माध्यम से स्थिति बदल रही है और जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

मोदी ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसी महान विभूतियों की धरती ने देश को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### ओडिशा को मिले 20 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव : मोदी

रायरंगपुर : प्रधानमंत्री ने बताया कि ओडिशा को उत्कर्ष ओडिशा पहल के तहत लगभग 20 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देंगे। मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में ऊर्जा, सड़क, आधारभूत संरचना, उद्योग और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।



## पकड़ा गया हथियारबंद संदिग्ध

### अभिषेक की हत्या की साजिश का आरोप

एजेंसी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचने के दौरान एक हथियारबंद संदिग्ध के पकड़े जाने से राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि संदिग्ध व्यक्ति अभिषेक बनर्जी की हत्या की साजिश के तहत एयरपोर्ट परिसर में मौजूद था।

घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है, जब अभिषेक बनर्जी दिल्ली से कोलकाता पहुंचे। टीएमसी के अनुसार, एयरपोर्ट के निकास द्वार के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ देखा गया, जिसे पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया



मंच एक्स पर घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके विमान के उतरने के तुरंत बाद यह चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने बताया कि वह, अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी रात करीब 9:45 बजे एयरपोर्ट के एग्जिट गेट से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध हथियारबंद व्यक्ति वहां मौजूद मिला, जिसे सतर्क महिला कार्यकताओं ने पकड़ लिया।

## बड़ा हादसा: हनुमान मंदिर की छत गिरने से 6 श्रद्धालुओं की मौत, कई दबे

एजेंसी

**परभणी :** महाराष्ट्र के परभणी जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां के यशवाड़ी गांव में स्थित एक हनुमान मंदिर के सभा मंडप का स्लैब (छत) अचानक भरभराकर गिर गया। इस दुखद घटना में कम से कम 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि मलबे में कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसा शनिवार दोपहर को उस समय हुआ जब मंदिर परिसर में निर्माण कार्य चल रहा था।

शनिवार का दिन होने के कारण मंदिर में कीर्तन और महाप्रसाद का आयोजन किया गया था, जिसकी वजह से वहाँ भारी संख्या में भक्त मौजूद थे। जैसे ही छत गिरी, पूरे परिसर में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन



गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है और मलबे से निकाले जा रहे घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

बता दें कि यह दुर्घटना मनवत रोड पर स्थित यशवाड़ी गांव में हुई है, जो छत्रपति संभाजीनगर से करीब 190 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। फिलहाल प्रशासन का पूरा ध्यान मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने पर केंद्रित है।

## बड़ा खुलासा : रांची के बाद लखनऊ को दहलाने की थी साजिश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची स्थित आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि रांची में हमला करने के बाद लखनऊ में भी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई गई थी। पुलिस के अनुसार पाकिस्तानी हैंडलर शाहबाज आलम उर्फ भट्टी और दुबई में बैठे आवेश राजपूत उर्फ राणा ने गिरफ्तार युवकों को लखनऊ में धमाके का टास्क दिया था।

गिरफ्तार लोहरदगा निवासी अमन अंसारी ने पूछताछ में बताया कि वीडियो कॉल के जरिए उसका संपर्क भट्टी और राणा से था। आरएसएस कार्यालय पर हमले से पहले दोनों ने निर्देश दिया था कि घटना के बाद आरोपी सीधे कानपुर पहुंचें और वहां से ट्रेन या बस के माध्यम से लखनऊ जाएं, जहां उन्हें एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जानी थी।




पुलिस के अनुसार 17 जून को आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के बाद अमन और सैफ कानपुर के लिए रवाना हुए थे, लेकिन कोडरमा के गझंडी स्टेशन के पास उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि 15 जून को पाकिस्तानी हैंडलर ने अमन के मोबाइल पर रांची के निवारणपुर स्थित आरएसएस कार्यालय की तस्वीर और लोकेशन भेजी थी। इसके बाद हमले की पूरी योजना तैयार की गई।

अमन ने पूछताछ में बताया कि भट्टी और राणा ने हमले के बदले तीनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये देने का वादा किया था। काम पूरा होने के बाद भुगतान करने की बात कही गई थी। इसी दौरान अमन ने रांची निवासी सायम सुजान से भी संपर्क कर उसे 50 हजार रुपये देने का प्रस्ताव दिया था।

जांच एजेंसियों के अनुसार शाहजाद भट्टी सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को जोड़कर कट्टरपंथी नेटवर्क संचालित करता है। वह कथित रूप से 333 नामक नेटवर्क के माध्यम से युवाओं को प्रभावित करता है। सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि यह नेटवर्क युवाओं को गुमराह कर आपराधिक गतिविधियों में शामिल करने का काम करता है।

सुरक्षा एजेंसियों को संदेह है कि भट्टी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा है। जांच में सामने आया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से बेरोजगार और असंतुष्ट युवाओं को निशाना बनाकर उन्हें पहले छोटे काम दिए जाते हैं और बाद में बड़ी साजिशों में शामिल किया जाता है।

मामले की जांच के सिलसिले में एटीएस और स्थानीय पुलिस की टीम लोहरदगा स्थित अमन अंसारी और सैफ अंसारी के घर पहुंची। टीम ने दोनों के परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई हैं।

अमन ने पुलिस को बताया कि वह राणा के कहने पर 8 जून को पंजाब गया था। वहां उसे एक व्यक्ति से संपर्क कर हथियार लेने का निर्देश दिया गया था। हालांकि हथियार उपलब्ध नहीं होने के कारण वह वापस लौट आया। इस काम के लिए उसे 10 हजार रुपये भी दिए गए थे।

## पाकिस्तान में दोहरा धमाका 7 लोगों की मौत

**पाकिस्तान :** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में शनिवार को एक बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें आतंकियों ने दो बैक-टू-बैक रिमोट-कंट्रोल धमाके किए। मरका बेरा इलाके में हुए इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला धमाका डोमेल की ओर जा रहे एक निजी यात्री वाहन को निशाना बनाकर किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद, जब घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तब घटनास्थल से महज एक किलोमीटर की दूरी पर दूसरा धमाका हुआ, जिसमें दो और लोगों ने अपनी जान गंवा दी। घटना की सूचना मिलते ही 'रेस्क्यू 1122' की टीमों ने शवों और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इलाके में और भी इम्प्रूव्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (क्ग्ऊ) छिपे हो सकते हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए निर्दोष नागरिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## ढाका में गूंजा जय श्री राम का नारा

### भगवान राम की मूर्ति का निर्माण रोके जाने पर बवाल

**ढाका :** मुस्लिम बहुल देश बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक अधिकारों को लेकर एक बार फिर तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। राजधानी ढाका में शुक्रवार को हजारों हिंदुओं ने भगवान राम की तस्वीर के कथित अपमान और एक भव्य मूर्ति के निर्माण कार्य को जबरन रोके जाने के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मशाल जुलूस निकाला और 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए अपनी नाराजगी दर्ज कराई। यह पूरा विवाद उत्तरी गाइबांधा जिले के पलाशबाड़ी में स्थित श्री श्री राधा गोविंद मंदिर परिसर से जुड़ा है, जहां भगवान राम की 81 फीट ऊंची मूर्ति का निर्माण किया जा रहा था। मंदिर समिति के मुताबिक इस परियोजना का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका था, लेकिन हाल ही में कट्टरपंथी समूहों द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों को लगातार धमकियां दी जाने लगीं। यहाँ तक कि एक कट्टरपंथी मौलवी ने मूर्ति को बुलडोजर से ढहाने की धमकी भी दे डाली। इसके बाद आयोजकों ने सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया है।



## एक नजर

### लोहरा जंगल बना था अवैध शराब का अड्डा, उत्पाद विभाग की कार्रवाई में भट्ठियां ध्वस्त



**चौपारण :** थाना क्षेत्र के लोहरा जंगल में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची विभागीय टीम ने जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ, तैयार चुलाई शराब और शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। अभियान के दौरान करीब 9500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया, जबकि 800 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। इसके अलावा शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे कई उपकरणों को भी मौके पर नष्ट कर दिया गया। बताया गया कि उत्पाद विभाग को लोहरा जंगल में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। विभागीय टीम के पहुंचते ही अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उत्पाद विभाग ने मामले में संबंधित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मोहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**बड़कागांव :** मुहर्रम त्यौहार को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने की । बैठक में बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत तमाम गांव से जनप्रतिनिधि एवं हिंदू मुस्लिम प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से लोगों ने अपनी बातों को रखा। और शांतिपूर्वक मुहर्रम त्योहार मनाने की बात कही। वहीं महुदी में विवादित रामनवमी जुलूस मार्ग को लेकर भी चर्चा की। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा की एक दूसरे के त्यौहार का सम्मान करें,बड़कागांव और सिरमा के मुस्लिम समुदाय के द्वारा हिंदुओं के त्योहार में हिंदुओं का स्वागत एक मिसाल है। विवादित त्योहार से संबंधित मार्ग की समस्या को शीघ्र दूर करने की जरूरत है। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने कहा कि जो भी लाइसेंस धारी है वे थाना में आवेदन जमा करें। निर्धारित जुलूस मार्ग से ही जुलूस निकाले। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह लोगों से कहा की त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार को खराब करने वाले उपद्रवियों एवं सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज भेजने वाले पर पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, प्रतिनिधि भीखन महतो, दीपक दास, अली रजा, इरफान खान, सोनू इराकी, शेख अब्दुल्ला , मो. मुस्ताक , मो. वसीम, मो. यूसुफ, गुलाम सरवर , मो. रफीक, हुलास प्रसाद दांगी , इम्तियाज हुसैन, मो. साहब , मो. निजामुद्दीन, मो. नसरुल्लाह , मो. अरमान, मो. सलीम , मो. सद्दाम , राजकुमार राणा एवं अख्तर अंसारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# नेस्ले इंडिया और नासवी के सहयोग से प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, नेस्ले इंडिया तथा नासवी (नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को होटल ए.के. इंटरनेशनल, हजारीबाग में एक दिवसीय खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग श्री मो. मंजर हुसैन सहित खाद्य सुरक्षा कार्यालय, हजारीबाग के विकास शर्मा एवं सूरज कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री मो. मंजर हुसैन ने बताया कि नेस्ले इंडिया एवं नासवी के सहयोग से शहर के स्ट्रीट फूड वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 100 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्ट्रीट फूड वेंडर्स का समाज में महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं तकनीकी जानकारी के अभाव में कई प्रकार की कमियां देखने को मिलती हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम वेंडर्स को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण में भाग ले रहे स्ट्रीट फूड वेंडर्स को संबोधित करते हुए श्री हुसैन ने कहा कि असुरक्षित खाद्य सामग्री अनेक संक्रामक एवं खाद्य जनित बीमारियों का कारण बन सकती है। इसलिए खाद्य कारोबारियों को भोजन तैयार करने, संग्रहित करने एवं परोसने के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन करना चाहिए। उन्होंने वेंडर्स को स्वच्छता बनाए रखने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय के दौरान एप्रन, ग्लव्स और हेयर गियर का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन कर ही उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया जा सकता है तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दिया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, स्वच्छ खाद्य प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य भंडारण तथा उपभोक्ता स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## नीट परीक्षा को लेकर होटलों में चला सघन जांच अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हजारीबाग हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशानुसार आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (ठएएळ) परीक्षा के मद्देनजर जिले में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रूपक कुमार सिंह, डीएसपी सीसीआर अरमानुल हक, कोर्रा थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के जवानों द्वारा गत रात्रि कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न होटलों में ठहरे हुए व्यक्तियों का सत्यापन एवं जांच की गई। जांच के दौरान होटल संचालकों एवं प्रबंधकों को आगंतुकों का समुचित अभिलेख संधारित करने, पहचान पत्रों का सत्यापन सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने का निर्देश दिया गया। जांच अभियान के दौरान मनोकामना



होटल, स्वागत पैलेस, होटल मीत मिलन, होटल वनांचल सहित अन्य होटलों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने होटल संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध कार्य अथवा परीक्षा से संबंधित अनियमितताओं पर प्रशासन की कड़ी नजर है तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बड़कागांव की टीम ने बादम को 8 विकेट से रौंदकर टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में बड़कागांव प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हंटर ग्रुप के अध्यक्ष सह समाजसेवी अभिनव कुमार उर्फ बिंटू के सौजन्य से आयोजन किया गया । फाइनल मैच बड़कागांव एवं बादम क्रिकेट टीम के बीच खेली गई। जिसका विधिवत उद्घाटन बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने फीता काटकर किया। बादम की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 98 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जिसमें बादम की ओर से मंजर अली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंद में पांच छक्के की मदद से 33 रनों का योगदान दिया। वही 98 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बड़कागांव की टीम ने कप्तान



सुमित कुमार, महेश कुमार एवं विकास सिंह पाठा के धुआंधार छक्के चौके के दम पर मात्र 9 ओवर 3 गेंद में 2 विकेट खोकर बड़कागांव की टीम ने 101 रन बनाकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी करने के लिए कप्तान सुमित कुमार को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के लिए विकास सिंह पाठा को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। इसके अलावा बेस्ट बॉलर का खिताब पिंटू कुशवाहा एवं बेस्ट बल्लेबाज का खिताब महेश कुमार को दिया गया। प्रतियोगिता में सफल अंपायरिंग पवन कुमार एवं शशि सिंह ने किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने विजेता, उपविजेता को शील्ड और नगद इनाम देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए खेल अत्यंत जरूरी है। आप पढ़ाई के अलावा खेल में भी अपना करियर बना सकते हैं।

## हजारीबाग में योग की गूंजः आयुष विभाग की प्रभातफेरी, आज कर्जन ग्राउंड में भव्य समारोह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जिला आयुष समिति और आयुष विभाग हजारीबाग ने शहर में भव्य प्रभातफेरी निकालकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। प्रभातफेरी का उद्देश्य 21 जून के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना था।

झील परिसर से निकली प्रभातफेरी प्रभातफेरी का शुभारंभ झील परिसर स्थित त्रिमूर्ति चौक से हुआ। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्यामानंद तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। आयुष चिकित्सक, योग शिक्षक, कर्मचारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने "करे योग, रहे निरोग", "योग अपनाएं,




स्वस्थ जीवन पाएं" जैसे नारों के साथ पूरे झील परिसर का भ्रमण किया।

डॉ. तिवारी ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है। यह सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ-संतुलित जीवन की संपूर्ण पद्धति है। "करे योग, रहे निरोग" केवल नारा नहीं, स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है।

**आज कर्जन ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम**

जिला आयुष नोडल अधिकारी डॉ. आनंद शाही ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम "Yoga for Healthy Ageing" रखी गई है। योग बढ़ती उम्र में शरीर की कार्यक्षमता बनाए रखने और मानसिक तनाव कम करने में बेहद कारगर है।

21 जून 2026 को जिला आयुष समिति के तत्वावधान में विश्व योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक होगा। इसमें हजारों योग प्रेमी, छात्र, सरकारी कर्मी और आम नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमंत सती होंगे।

जिले भर में प्रचार अभियान

योग दिवस को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग प्रचार वाहनों से गांव-गांव तक बैनर और संदेश पहुंचा रहा है। जिला आयुष समिति ने सभी नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर भाग लें और योग को जीवन का हिस्सा बनाएं।

प्रभातफेरी के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नियमित योग करेंगे और समाज को भी योग से जोड़कर "स्वस्थ भारत" के निर्माण में योगदान देंगे।

कार्यक्रम में डॉ. आनंद शाही, सुबोध ओझा, डॉ. विजय तिवारी, डीपीएम जमाल समेत बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सक, योग शिक्षक और साधक उपस्थित थे।

## डिलीवरी बॉय को फोर व्हीलर ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**बरही :** बरही के जवाहर घाट के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में अमेजॉन डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, 38 वर्षीय धर्मेंद्र गुप्ता पिता सुरेश साव, निवासी ग्राम तिलैया, जिला कोडरमा, तिलैया से डिलीवरी करने बरही आ रहे थे। इसी दौरान जोहर घाट के पास एक फोर व्हीलर वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धर्मेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और घायल को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फोर व्हीलर वाहन की पहचान की जा रही है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बैंक ऑफ इंडिया ने परिजनों को 2 लाख का मुआवजा सौंपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बैंक ऑफ इंडिया, बादम शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के अंतर्गत एक अत्यंत गरीब और असहाय परिवार को ?2 लाख की क्लेम राशि का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक (बैंक मैनेजर) ने अपने हाथों से यह 2 लाख का चेक लाभुक महिला अनीता देवी को सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महुगाई कला पंचायत के ग्राम हाहे निवासी महेंद्र कुमार महतो (41 वर्ष) का करीब चार माह पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। महेंद्र पेशे से एक मजदूर थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे।



उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी अनीता देवी खुद को पूरी तरह असहाय और बेसहारा महसूस कर रही थीं। परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया था।

स्वर्गीय महेंद्र कुमार महतो ने बैंक ऑफ इंडिया की बादम शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा कराया था। उनके निधन के बाद बैंक प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कागजी प्रक्रिया को पूरा कराया और 2,00,000 (दो लाख रुपये) की क्लेम राशि स्वीकृत कराई। अनीता देवी ने कहा ₹पति के जाने के बाद मैं खुद को बिल्कुल असहाय समझ रही थी। आगे की जिंदगी और बच्चों का भविष्य अंधकारमय लग रहा था, लेकिन बैंक के माध्यम से मिली इस 2 लाख की राशि से मुझे बहुत बड़ा आर्थिक सहारा मिला है। राशि प्राप्त करने के बाद अनीता देवी के चेहरे पर जहां एक ओर संतोष दिखा, वहीं उन्होंने बैंक प्रबंधन और सरकार की इस योजना के प्रति आभार व्यक्त किया।

चेक सौंपने के दौरान बैंक प्रबंधक ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी वर्ग के लोग, विशेषकर मजदूर और किसान, अपने बैंक खातों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) को अवश्य चालू रखें। मात्र कुछ रुपयों के वार्षिक प्रीमियम पर मिलने वाला यह सुरक्षा कवच, किसी भी अनहोनी की स्थिति में पीछे छूटे परिवार को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 23 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड डोनेट कैंप लगेगा



**बड़कागांव :** हजारीबाग उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर जिले के तमाम प्रखंडों में ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसे लेकर हजारीबाग सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने जिले के तमाम प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को चिट्ठी जारी कर ब्लड डोनेट कैंप लगाने का निर्देश दिया है। जिसमें बड़कागांव समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में 23 जून को सुबह 10 :00 बजे से ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने दी है ,उन्होंने प्रखंड सह अंचल के तमाम पदाधिकारी जनप्रतिनिधि प्रबुद्ध जन से ब्लड डोनेट करने की अपील की है। कहा की ब्लड की कमी से कई मरीज की मौत हो जाती है, आपका ब्लड दूसरे की जीवनदायनी का काम करेगा , बढ़-चढ़कर हिस्सा लें यह महापुण्य का कार्य है।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर निजी खर्चे से कराया गया नाली साफ-सफाई



**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना के समीप संचालित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम और निर्देशक कुलदीप कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में थाना से लेकर सिरमा नदी तक के बजबजाती नाली को जेसीबी मशीन लगाकर स्कूल के निजी खर्च से साफ कराया गया। बताते चले की स्कूल बंद रहने के दरमियान ग्रामीणों के द्वारा नाली पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण नाली का पानी रोड में बह रहा था और काफी दुर्गंध आ रहा था। जिस कारण स्कूल कॉलेज आने जाने वाले विद्यार्थियों के साथ साथ बुढ़वा महादेव, सिरमा, छावनिया पड़रिया के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस सफाई अभियान में पड़ोस के ग्रामीणों ने भी आर्थिक सहयोग किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, आज कई संस्थानों में मनाई जाएगी



**बड़कागांव :** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़कागांव प्रखंड के कई संस्थानों में मनाई जाएगी। संस्थाओं के प्रबंधन टीम की ओर से सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। योग दिवस पर योग शिक्षक लोगों के योग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देंगे एवं योगा करायेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर, बड़कागांव थाना परिसर , कन्या मध्य विद्यालय ,प्लस टू हाई स्कूल, कर्णपुरा महाविद्यालय, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय , कर्णपुरा कॉलेज, पीएम श्री मध्य विद्यालय बड़कागांव के अलावा तमाम सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में लोग अपने-अपने स्तर से योग दिवस मनाएंगे। योग करने के अलावा लोगों को जागरुक भी करेंगे।

### चेपाकला में 200 साल पुरानी बनस मंडा पूजा की तैयारी जोरों पर



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला गांव में बनस मंडा पूजा 25 की रात को एवं 26 जुन की सुबह 50 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा कर फूल का छिड़काव करेंगे। पूजा समिति के द्वारा तैयारी जोड़ों पर की जा रही है। गांव में पिछले 200 वर्षों से मंडा पूजा की जा रही है। 2026 में अब तक कल 25 शिव भक्त श्रद्धालु शामिल हुए हैं। पूजा में चेपाकला के अलावा कटकम दाग के चीची ,कुबा गांव तथा सिंदवारी पंचायत के हेसाबार गांव के शिव भक्त श्रद्धालु पूजा में शामिल हो रहे हैं। जिसमें पाटभगत-संकर करमाली ,फूल भगत-चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, पाट बजनिया-अनिप तुरी ,बाकी भगत -बिजली महतो,प्रबील महतो ,बालेश्वर तूरी , रमेश भोगता, कैला गंझू,सूरज भूइयां,बिनोद भुइयां,25 तारीक को फूलखूंदी सह मेला का आयोजन होगा तथा 26 जून को 50 फीट उंचे लट्ठे पर झूलेंगे साथ हीं मेले की शमाप्ती होगी।

### मोहर्रम को लेकर चलकुशा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**चलकुशा :** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चलकुशा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने की। जबकि संचालन बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी ने किया बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर इमदाद बीडीओ अमृता सिंह एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों से पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो और इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक में इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने शराब के सेवन एवं अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील करते हुए कानून का पालन करने का आग्रह किया। और बीडीओ अमृता सिंह ने लोगों से शांति पूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की बैठक में उप प्रमुख शमशेर आलम, विधायक प्रतिनिधि लखन साव, सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह एवं विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव शामिल हुए।

## एक नजर

### न्यूक्लियस मॉल में खुला घराना रेस्टोरेंट

**रांची** : राजधानी रांची के स्वाद प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। शहर के सर्कुलर रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल के चौथे तल्ले पर घराना रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ हो गया है। 19 जून 2026 से शुरू हुए इस रेस्टोरेंट में ग्राहकों को स्वादिष्ट इंडियन और चाइनीज व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला का आनंद मिलेगा। रेस्टोरेंट प्रबंधन के अनुसार, घराना रेस्टोरेंट अपने बेहतरीन स्वाद के साथ-साथ विशेष मेहमाननवाजी और उत्कृष्ट सेवा के लिए भी जाना जाएगा। आकर्षक इंटीरियर, शांत वातावरण और प्रशिक्षित स्टाफ ग्राहकों को यादगार डाइनिंग अनुभव देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रेस्टोरेंट में पारंपरिक भारतीय व्यंजनों से लेकर लोकप्रिय चाइनीज डिशेज तक कई स्वादिष्ट विकल्प उपलब्ध हैं। यहां भोजन की गुणवत्ता, शुद्धता और स्वाद का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि ग्राहकों को बेहतरीन खानपान का अनुभव मिल सके। परिवार, मित्रों और विशेष अवसरों पर भोजन का आनंद लेने के लिए घराना रेस्टोरेंट रांचीवासियों के लिए एक नया पसंदीदा ठिकाना बनने की ओर अग्रसर है। रेस्टोरेंट प्रबंधन ने रांचीवासियों से परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचकर स्वादिष्ट व्यंजनों और उत्कृष्ट सेवा का आनंद लेने की अपील की है।

### गोंदली पोखर-पुरुलिया मार्ग पर अमृत तुल्य चाय दुकान का शुभारंभ

**अनगड़ा** : गोंदली पोखर-पुरुलिया मुख्य सड़क स्थित अमृत तुल्य चाय दुकान का शनिवार को रांची जिला दिव्यांग संगठन के अध्यक्ष तबरेज अंसारी ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, स्थानीय नागरिक और व्यवसायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस चाय दुकान के खुलने से स्थानीय लोगों और राहगीरों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने व्यवसाय की सफलता की कामना करते हुए संचालक को शुभकामनाएं दीं। दुकान संचालक कैप्टन ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण चाय और बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों के बीच चाय का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में शाहबाज, राजा, रियान, बाबू कुरैशी, अहमद कुरैशी, कैप्टन, सौदागर आजाद, मूसा परवेज, अब्दुल रजाक, तौफीक, जीशान, जावेद, तौसीफ सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड को मिला दोहरा स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**रांची** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड को स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश के प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में एचबीएनसी-एचबीवाईसी कार्यक्रम तथा प्रचार वाहन (टीआईटी) नवाचार के लिए झारखंड को दो अलग-अलग श्रेणियों में यह सम्मान दिया गया। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। इसमें बताया गया कि यह पुरस्कार प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार प्रो महेंद्र देव और भारत सरकार के कानून और न्याय विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ मनोज कुमार की उपस्थिति में एनएचएम झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा और उनकी टीम ने ग्रहण किया। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा है कि टीआईटी अभियान के तहत राज्य के 24 जिलों में 24 विषयों पर विशेष प्रचार वाहनों के माध्यम से 192 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 5,576 लोगों को प्रशिक्षित किया गया। वहीं एचबीएनसी-एचबीवाईसी कार्यक्रम के जरिए सहियाओं और सेविकाओं के प्रयास से रेफरल दर में 50 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई और डिजिटल निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया।

## नीट यूजी री-एग्जाम 2026: रांची में 21 केंद्रों पर परीक्षा

# 10 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : नीट यूजी 2026 री-एग्जाम को लेकर रांची जिला प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 21 जून (रविवार) को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक रांची के 21 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पेपर लीक विवाद के बाद आयोजित हो रही इस परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सख्त रखी गई है। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न कराने में जुटे हुए हैं।

### परीक्षा केंद्रों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

परीक्षा के दिन सभी केंद्रों पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले पहचान पत्र, एडमिट कार्ड और बायोमेट्रिक सत्यापन सहित कई चरणों की जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। हर परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि को तुरंत रोका जाएगा।

### केंद्रों के 200 मीटर दायरे में लागू होगी धारा 163

परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनावश्यक भीड़, जमावड़ा और संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक रहेगी। प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा संचालन के दौरान लगातार निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### वायुसेना के विशेष विमान से पहुंचे प्रश्न पत्र

सूत्रों के अनुसार, री-नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र भारतीय वायुसेना के विशेष विमान के जरिए कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पहुंचाए गए हैं। प्रश्न पत्रों को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया है और निर्धारित समय पर प्रशासनिक निगरानी में ही खोला जाएगा। पूरे परीक्षा तंत्र की निगरानी के लिए बहु-स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम भी बनाया गया है।

### सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी

इस बार प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है। परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला प्रशासन ने विशेष जांच टीमों का गठन किया है, जबकि पुलिस अधिकारियों को फ्लाइंग स्क्वाड और गश्ती दल सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष नजर रखी जाएगी ताकि पेपर लीक, अफवाह या भ्रामक सूचनाओं को तुरंत रोका जा सके।

# रांची एयरपोर्ट से 1 जुलाई से बंद होंगी चार उड़ानें

## एटीएफ महंगा पड़ रहा भारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : विमान ईंधन (एटीएफ) की लगातार बढ़ती कीमतों का असर अब झारखंड की राजधानी रांची की हवाई सेवाओं पर भी दिखने लगा है। बढ़ती परिचालन लागत के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने 1 जुलाई 2026 से रांची एयरपोर्ट से संचालित चार महत्वपूर्ण उड़ानों को बंद करने का फैसला लिया है।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दिल्ली और हैदराबाद सेवा रोकी

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रांची से दिल्ली और रांची से हैदराबाद के बीच संचालित अपनी दो नियमित उड़ानों को बंद करने की घोषणा की है। एयरलाइन के अनुसार, ईंधन की बढ़ती कीमतों और परिचालन खर्च में लगातार हो रही वृद्धि के कारण इन रूटों पर सेवाओं का संचालन आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो गया था।

### इंडिगो भी बंद करेगी दो उड़ानें

देश की प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो ने भी बड़ा फैसला लेते हुए रांची से कोलकाता और रांची से हैदराबाद के लिए संचालित अपनी उड़ान सेवाएं स्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। इन दोनों मार्गों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं।

### यात्रियों की बढ़ेंगी परेशानियां

रांची से दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद के लिए व्यवसायी, छात्र, नौकरीपेशा लोग, मरीज और पर्यटक बड़ी संख्या में यात्रा करते हैं। चार उड़ानों के बंद होने से यात्रियों के विकल्प कम हो जाएंगे। इसके साथ ही अन्य उपलब्ध उड़ानों में सीटों की मांग बढ़ने से हवाई किराए में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि रांची एयरपोर्ट से अन्य एयरलाइंस की सेवाएं फिलहाल सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी, लेकिन नियमित यात्रियों को अब वैकल्पिक उड़ानों या अन्य परिवहन साधनों का सहारा लेना पड़ सकता है।

### अन्य सेक्टरों पर भी पड़ सकता है असर

विमानन क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि यदि एटीएफ की कीमतों में जल्द राहत नहीं मिली, तो आने वाले समय में देश के अन्य शहरों से संचालित कुछ और उड़ान सेवाओं पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन के प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनीं नीतू बड़ाईक, गांव में खोला ब्यूटी पार्लर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : अनगड़ा प्रखंड के आरा गांव की रहने वाली नीतू बड़ाईक आज ग्रामीण युवतियों और महिलाओं के लिए प्रेरणा की मिसाल बन गई हैं। उषा मार्टिन फाउंडेशन से प्राप्त कौशल प्रशिक्षण के बल पर उन्होंने न केवल आत्मनिर्भरता हासिल की है, बल्कि अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार की राह दिखा रही हैं।
नीतू बड़ाईक ने स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी, लेकिन रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण उन्हें अपनी जरूरतों के लिए परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था। इसी दौरान उन्हें उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी मिली। उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रशिक्षण में नामांकन कराया।
चार माह तक चले प्रशिक्षण के दौरान नीतू ने ब्यूटी केयर, हेयर स्टाइलिंग, स्किन ट्रीटमेंट, मेकअप और ग्राहक प्रबंधन जैसे व्यावहारिक कौशल सीखे। इस प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास को नई पहचान दी और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
प्रशिक्षण पूरा होने के बाद नीतू ने जनवरी 2026 में अपने गांव में ही ब्यूटी पार्लर की शुरूआत की। शुरूआती चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के दम पर ग्राहकों का विश्वास जीता। आज उनका पार्लर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और वे प्रतिमाह लगभग 7,000 से 8,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं।

## मौसम अलर्ट : अगले 2 दिन भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाए हुए हैं और कई क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्यभर में तेज आंधी, वज्रपात और भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में देवघर में सबसे अधिक 42 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।
मौसम विभाग के अनुसार कोल्हान और संताल परगना के कुछ जिलों में अगले 48 घंटों के दौरान भारी बारिश हो सकती है। वहीं रांची, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, खूंटी और सरायकेला-खरसावां समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ है। रांची का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।
मानसून के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रांची विद्युत आपूर्ति अंचल द्वारा पेड़ों की शाखाओं की छंटाई और रखरखाव कार्य किया जा रहा है। इसके चलते शहर के कई इलाकों में निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को बताया देश की ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को लोक भवन में आयोजित पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस समारोह में झारखंड में निवास कर रहे पश्चिम बंगालवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और जीवन-पद्धतियों का संगम है तथा विविधता में एकता देश की सबसे बड़ी शक्ति है।
राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पारस्परिक समझ और भावनात्मक एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक जुड़ाव भी बेहद मजबूत है।
उन्होंने झारखंड में निवासरत बंगाली समाज के शिक्षा, संस्कृति, उद्योग, व्यापार और सामाजिक जीवन में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# विश्व योग दिवस पर नवा बिहान और ग्राहक पंचायत का संयुक्त योग शिविर, 280 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था नवा बिहान और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में मोराबादी स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल, एदल्हाटू में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हेल्दी एजिंग के लिए योग पर आधारित कार्यक्रम में लगभग 280 विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए इंटर्न्स ने भाग लिया।
कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। शिविर का मुख्य आकर्षण ढाई वर्ष की बालिका शताक्षी श्रीनि रहीं, जिन्होंने मंत्रोच्चारण और योगासन का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।
विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा अमृता उरांव ने कहा कि बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से योग की आदत विकसित करने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। योग एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक है।
आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता अनिल अमिताभ पन्ना ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण बढ़ रही बीमारियों से बचाव के लिए नियमित योग और संतुलित आहार बेहद आवश्यक है।
नवा बिहान के संस्थापक एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत सह सचिव आर. अजय ने कहा कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है और योग इस दिशा में एक प्रभावी माध्यम है।
योग प्रशिक्षिका अलका वर्मा तथा संत जेवियर कॉलेज, रांची के विद्यार्थियों अनुष्का साहा, रितिका राज सिन्हा और अंकित ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक सोच भी विकसित करता है।
कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के इंटर्न तन्मय ने बच्चों के लिए स्वच्छता और हैंडवॉश जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। वहीं संत जेवियर कॉलेज की इंटर्न स्वस्तिका पांडेय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व और इतिहास की जानकारी दी।
कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर जीवनशैली का हिस्सा बनाना ही इस अभियान का उद्देश्य है।

## जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाए देते हुए उनके राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण, सादगीपूर्ण जीवन और प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत एजुकेशन समिट में विकसित भारत-2047 पर मंथन



**रांची** : चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन प्राइवेट यूनिवर्सिटीज (सीआईपीयू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय तृतीय भारत हायर एजुकेशन समिट का सफलतापूर्वक समापन हो गया। सम्मेलन में देशभर के 200 से अधिक निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों और प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उच्च शिक्षा के भविष्य और विकसित भारत-2047 के विजन पर व्यापक चर्चा की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनुराग ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय शिक्षा सचिव भास्कर चटर्जी, वरिष्ठ प्रबंध निदेशक बलविंदर सिंह संधू, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रविराज सीतारमण, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे के एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट एवं सीआईपीयू के संस्थापक राहुल कराड तथा सीआईपीयू के अध्यक्ष एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक सहित कई शिक्षाविद और नीति-निमार्ता मौजूद रहे। सम्मेलन का मुख्य विषय विकसित भारत-2047 रहा। वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं हैं, बल्कि नवाचार, कौशल विकास, अनुसंधान और मानव संसाधन निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई तकनीकों को शिक्षा के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लाभों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक साबित हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और पारंपरिक शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया तथा कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शिक्षित और संस्कारित युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राहुल कराड ने नवाचार और उद्यमिता को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों को नए विचारों और शोध आधारित शिक्षा की ओर प्रेरित किया। प्रो. गोपाल पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी विश्वविद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के प्रति जागरूक बनाने पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो. सी. जगन्नाथन तथा राज्यसभा सांसद एवं निदेशक (प्लानिंग एंड डेवलपमेंट) डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### श्री श्याम मंदिर में 205वां श्री श्याम भंडारा संपन्न, हजारों भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद



**रांची** : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार को 205वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। भंडारा गोविंद मोदी एवं दीपा मोदी परिवार की ओर से निवेदित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा श्री श्याम के भोग-भजन से हुई। मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, वरिष्ठ सदस्य अजय मारू, राजीव रंजन मित्तल तथा मोदी परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से भोग-भजन प्रस्तुत किया। आओ-आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भंडारे का भोग बाबा श्री श्याम को अर्पित करने के बाद महाप्रसाद में सम्मिलित किया गया। यजमान परिवार ने मंदिर के आचार्य को भोजन प्रसादी ग्रहण कराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। परंपरा के अनुसार भंडारे का एक हिस्सा गौशाला में गौमाता के लिए भी भेजा गया। भंडारे के दौरान श्री श्याम मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। हरमू रोड पर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। खाटू नरेश के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रथम देव भगवान गणेश की जयघोष के साथ प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। भक्तों को छोला-भटूरा, गाजर का अचार, केसर भोग, आइसक्रीम, खीर एवं चूरमा का महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, श्रवण ढांढनिया, अशोक लड़िया, श्यामसुंदर शर्मा, राजीव रंजन मित्तल, अनुज मोदी, अमित सरावगी, अंकित सिंह, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, संकेत चौधरी, ऋषभ चौरसिया, हर्ष मिश्रा, हिमांशु केशरी, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे सहित 50 से अधिक कार्यकताओं ने सक्रिय योगदान दिया।

# लाखों की हेराफेरी के आरोप में फ्लिपकार्ट का सुपरवाइजर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** अंबाटांड़ स्थित एक लॉजिस्टिक हब से लाखों रुपये की नकदी और सामान गायब होने के चर्चित मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी संजीत कुमार उर्फ संजू मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में इस मामले को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। बरकाकाना ओपी थाना कांड संख्या 64/26, दिनांक 16 मार्च 2026 में दर्ज मामले के अभियुक्त संजीत कुमार उर्फ संजू मेहता, पिता स्वर्गीय बंशीलाल मेहता, निवासी भूली क्वार्टर सिरका, थाना रामगढ़ को गिद्दी थाना क्षेत्र के रैलीगढ़ा दो तल्ला से संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे रामगढ़ जेल भेज दिया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(4) एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज है।

**सुपरवाइजर पर 27 लाख की गड़बड़ी का आरोप**

जानकारी के अनुसार अंबाटांड़ स्थित इलास्टिक रन कंपनी के हब में फ्लिपकार्ट के उत्पादों का भंडारण और वितरण किया जाता है। संजीत कुमार यहां सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि उसके कार्यकाल के दौरान करीब 7 लाख रुपये नकद और लगभग 20 लाख रुपये मूल्य का सामान गायब हो गया। मामले के उजागर होने के बाद कंपनी प्रबंधन में हड़कंप मच गया था।

**वरिष्ठ अधिकारी की शिकायत पर शुरू हुई कार्रवाई**

बताया जाता है कि कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अजय कुमार सिंह ने पूरे मामले की लिखित शिकायत बरकाकाना ओपी थाना में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। पुलिस अब इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि कथित गबन और सामान की हेराफेरी में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता तो नहीं है। मामले की जांच जारी है और पुलिस को आगे और महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

## एक नजर

### जयनगर में थाना दिवस पर जमीनी विवादों की हुई सुनवाई

**जयनगर :** जयनगर थाना परिसर में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निदेशार्नुसार आयोजित थाना दिवस के दौरान जमीन विवाद और विधि व्यवस्था से जुड़े मामलों पर गंभीर सुनवायी की गयी। इस विशेष शिविर में कुल 32 मामले सामने आये, जिनमें से दोनों पक्षों की दलीलें और दस्तावेजों की जांच के बाद 12 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष बचे 20 मामलों को अगली सुनवाई के लिए सुरक्षित रखा गया है, जिन पर आगामी थाना दिवस में विचार किया जायेगा। अंचल अधिकारी सारांश जैन ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता जमीनी विवादों को आपसी सहमति और कानूनी दायरे में रहकर जल्द से जल्द सुलझाना है, ताकि क्षेत्र में शांति और विधि व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान अंचल अधिकारी के साथ थाना प्रभारी विकास कुमार, सीआईए राहुल कुमार, राजस्व उप निरीक्षक उमेश कुमार, सनोज कुमार, रामदेव हांसदा, अंचल अमीन आनंद कुमार, अजित कुमार, अरुण कुमार और आनन्द राणा मुख्य रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने मामलों की समीक्षा और कागजी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### अवैध बालू परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र में अवैध बालु परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा एवं थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी के संयुक्त कार्रवाई में दो बालु लदे ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। दोनों ट्रेक्टर बिना वैध कागजात के बालु परिवहन कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में दोनों ट्रैक्टरों को रोककर कागजात की मांग की गई जिसमें आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके बाद दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया तथा मामले की सूचना खनन विभाग को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन एवं बालु परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से अवैध बालु कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में फादर्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया



**रामगढ़ :** फादर्स डे के अवसर पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता की अनूठी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। विद्यालय में कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों का उत्साह और सृजनात्मक प्रतिभा देखने लायक रही। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के लिए आकर्षक शुभकामना कार्ड तैयार किए। वहीं कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने माय सुपर डैड एप्रिसिएशन ट्री गतिविधि के माध्यम से अपने पिता के गुणों और उनके प्रति सम्मान को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के लिए विशेष प्रशंसा प्रमाण-पत्र तैयार कर सम्मान व्यक्त किया। वहीं कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने अपने पिता के साथ बिताए गए यादगार पलों को संजोते हुए एल्बम ऑफ मेमोरीज तैयार किया।

## नीट परीक्षा की तैयारियों पर प्रशासन सतर्क डीसी और एसपी ने केंद्रों का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। परीक्षा से एक दिन पूर्व उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ सहित अन्य निर्धारित परीक्षा केंद्रों का दौरा कर अभ्यर्थियों के प्रवेश मार्ग, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने केंद्राधीक्षकों से परीक्षा संचालन से जुड़ी तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि नीट देश की महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल है, इसलिए इसकी शुचिता, गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा प्रबंधन और विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर विशेष बल दिया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## कोडरमा के कॉलेजों को गिरिडीह विवि से जोड़ने का विरोध तेज, विधायक को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के प्रतिष्ठित जगन्नाथ जैन (जेजे) कॉलेज सहित जिले के सभी अंगीभूत एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभवि), हजारीबाग से हटाकर नवनिर्मित सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध करने के सरकारी फैसले के खिलाफ विरोध की आग तेज हो गई है। इसी कड़ी में 'जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति' ने झारखंड के वरिष्ठ विधायक सरयू राय का कोडरमा आगमन पर परिसदन में मुख्य संरक्षक राम रतन अवध्या के नेतृत्व में अध्यक्ष महेश भारती,सचिव देवेंद्र कुमार, सह सचिव मो अली शाद ने संयुक्त रूप से मुलाकात की और इस अव्यावहारिक फैसले को रद्द कराने की मांग को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघर्ष समिति के सदस्यों ने विधायक सरयू राय को बताया कि जे जे कॉलेज सहित जिले के तमाम डिग्री कॉलेज को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग जो जिला से मात्र 55 किलोमीटर से हटा कर सर जेसी बॉस विश्वविद्यालय गिरिडीह 130 किलोमीटर करने से छात्र छात्राओं का उच्च शिक्षा से वंचित रखने के साथ ही कोडरमा के अविभावकों को आर्थिक बोझ बढ़ेगा वही छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही संघर्ष समिति ने दोटूक कहा है कि यदि सरकार ने अपना यह गजट नोटिफिकेशन वापस नहीं लिया और कोडरमा के कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तहत ही रहने की मंजूरी नहीं दी, तो आने वाले दिनों में पूरे जिले में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## मोहर्रम पर अमन-चैन का पैगाम, शांति समिति की बैठक में सौहार्द बनाए रखने का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने की। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं जनसहयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सभी अखाड़ा एवं मोहर्रम कमेटियां निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालें। किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीत-संगीत, अफवाह और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही नशामुक्त वातावरण में पर्व मनाने का संदेश दिया गया। एसडीपीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि मोहर्रम आपसी सम्मान, अनुशासन और भाईचारे का पर्व है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित नहीं करने और शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि शांति और सौहार्द बनाए रखने वालों को प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा।

## सेंट फ्रांसिस स्कूल में पितृ दिवस और पर्यावरण जागरूकता का अनूठा संगम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** बंजारी नगर स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में पितृ दिवस के अवसर पर भावनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने अपने कक्षा शिक्षकों के मार्गदर्शन में रचनात्मकता का परिचय देते हुए अपने पिताओं के लिए सुंदर एवं भावनात्मक शुभकामना कार्ड तैयार किए। बच्चों ने रंगों, चित्रों और प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से अपने जीवन में पिता के महत्व को दशार्या। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। पितृ दिवस समारोह के साथ-साथ विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपड़े के थैले तैयार करने की गतिविधि भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों के उपयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन रामगढ़ से जुड़े उपेंद्र पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संकल्प दिलाया। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह, रचनात्मकता और सहभागिता देखने योग्य रही। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन पिता के सम्मान और हरित भविष्य के संकल्प के साथ हुआ।

## कोडरमा में उदित राज हत्याकांड के विरोध में पिपचो बाजार में जनआक्रोश सभा, 29 जून को न्याय सभा का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा जिला में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं, बिगड़ती कानून-व्यवस्था तथा उदित राज हत्याकांड के दोषियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में आज पिपचो बाजार में उदित राज न्याय मंच₹ के तत्वावधान में एक जनआक्रोशपूर्ण नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के नेताओं ने भाग लिया और जिला प्रशासन की निष्क्रियता एवं उदासीनता के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। सभा का संचालन आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि उदित राज की संदिग्ध मौत को कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होना न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक तथा धारदार बनाया जाएगा। सीपीएम जिला सचिव असीम सरकार ने कहा कि कोडरमा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि उदित राज प्रकरण में प्रशासन की सुस्ती और निष्क्रियता जनता के बीच भारी आक्रोश पैदा कर रही है। उन्होंने न्याय की लड़ाई को जनांदोलन में बदलने का आह्वान किया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने कहा कि जिले में लगातार बढ़ते अपराध प्रशासनिक विफलता का परिणाम हैं। उदित राज के परिजन कई दिनों से न्याय की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा और 29 जून की न्याय सभा को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। आप नेता दामोदर यादव ने कहा कि न्याय में देरी भी अन्याय के समान है। उदित राज के परिवार को आज तक न्याय नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है और जनता अब जवाब चाहती है। उन्होंने सभी नागरिकों से न्याय सभा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि उदित राज की मौत केवल एक परिवार का दर्द नहीं बल्कि पूरे समाज की चिंता का विषय है। यदि समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों का भरोसा व्यवस्था से उठ जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए जनदबाव बनाना समय की आवश्यकता है। टोटो चालक संघ के जिला अध्यक्ष गोलू कुमार ने कहा कि उदित राज को न्याय दिलाने की इस लड़ाई में मेहनतकश वर्ग पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रहेगा और हर वर्ग के लोग इस न्याय संघर्ष में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ध्वजाधारी धाम में होगा भव्य योग शिविर



**कोडरमा :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून 2026 को प्रातः 5:00 बजे से 6:00 बजे तक ध्वजाधारी धाम आश्रम में भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में श्री श्री 108 महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज उपस्थित रहेंगे। शिविर के आयोजन में पतंजलि परिवार एवं युवा भारत का विशेष सहयोग रहेगा। योग शिविर में प्रशिक्षक के रूप में योगाचार्या सुषमा सुमन एवं योग गुरु प्रदीप कुमार सुमन योगाभ्यास कराएंगे, जबकि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का दायित्व आचार्य चंदन जी निभाएंगे। महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कोडरमा जिले के सभी योग साधकों, योगी भाई-बहनों एवं आम नागरिकों से योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय ऋषि-मुनियों की अमूल्य धरोहर है, जिसके माध्यम से वे स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन व्यतीत करते थे। आज योग का महत्व पूरे विश्व ने स्वीकार किया है और भारत की इस प्राचीन परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने में स्वामी रामदेव जी महाराज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से आज योग घर-घर तक पहुंच रहा है। साथ ही भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के महत्व को स्थापित करने के प्रयासों की भी उन्होंने प्रशंसा की। योगाचार्या सुषमा सुमन ने बताया कि इस वर्ष ध्वजाधारी धाम जैसे पवित्र सनातन धर्मस्थल पर योग शिविर का आयोजन विशेष महत्व रखता है। प्राकृतिक वातावरण, हरियाली और शुद्ध ऑक्सीजन के बीच होने वाला यह योगाभ्यास प्रतिभागियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से लाभान्वित करेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ ही जीवन है और नियमित योग तथा संतुलित खान-पान स्वस्थ जीवन की कुंजी है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त भुगतान कार्यक्रम में किसानों को किया गया जागरूक



**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त भुगतान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी तथा बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि एवं किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़े FPC द्वारा स्थानीय उत्पादों का एक आकर्षक स्टॉल लगाया गया। स्टॉल पर पोषक तत्वों से भरपूर रागी बिस्किट एवं रागी लड्डू का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। किसानों एवं आगंतुकों ने इन उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 3,000 रुपये की बिक्री हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन से किसानों में उत्साह देखा गया तथा स्थानीय स्तर पर उत्पादित पोषणयुक्त खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। अंत में आयोजकों ने उपस्थित अतिथियों, किसानों एवं सभी सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

### ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप, युवाओं को मिला रोजगार का अवसर




**रामगढ़ :** युवाओं को रोजगार से जोड़ने और तकनीकी शिक्षा को बेहतर करियर अवसरों से जोड़ने की दिशा में ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज प्राइवेट आईटीआई, पतरातु में शनिवार को एक विशेष प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान जिंदल शॉ अबू धाबी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया संचालित की। प्लेसमेंट कैंप में संस्थान के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं के साथ-साथ पूर्व वर्षों में उत्तीर्ण हो चुके कुल 45 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कंपनी प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों के परिचय सत्र से हुई, जिसमें छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली, कार्य संस्कृति और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया गया। कंपनी के अधिकारियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों को जिंदल शॉ अबू धाबी के विभिन्न प्रोजेक्ट, रोजगार के अवसरों एवं चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्रों को तकनीकी दक्षता, अनुशासन और कार्यस्थल की जिम्मेदारियों के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्थान के प्राचार्य संबीत कुमार साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज द्वारा आयोजित यह प्लेसमेंट कैंप छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जिंदल शॉ अबू धाबी पिछले तीन-चार वर्षों से संस्थान में लगातार प्लेसमेंट कैंप आयोजित कर रही है और अब तक करीब 150 छात्रों को रोजगार उपलब्ध करा चुकी है।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**कोडरमा :** मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी, डोमचांच में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सम्मानित सदस्यों ने प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊजार्वान एवं तनावमुक्त बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख थीं।

# फुटबॉल मैदान आदित्यपुर में दो दिवासीय उलि बगाइचा परब-2026 का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला-खरसावां :** जिला प्रशासन, सरायकेला-खरसावाँ द्वारा आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित दो दिवसीय उलि बगाइचा परब-2026 का आज शुभारंभ किया गया। 20 एवं 21 जून तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत विकसित आम बागानों से उत्पादित आमों के विपणन को प्रोत्साहित करना, आम उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराना, जिले में उत्पादित आम की विभिन्न किस्मों का प्रचार-प्रसार करना तथा किसानों को खरीदारों एवं व्यापारिक अवसरों से जोड़ना है। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीया सांसद सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र श्रीमती जोबा मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष श्री सोनाराम बोदरा उप विकास आयुक्त श्रीमती रीना हसदा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।





कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं जिले में उत्पादित आम भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत संबोधन में उप विकास आयुक्त सुश्री रीना हांसदा ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को बागवानी आधारित आजीविका से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि करना, अनुपयोगी भूमि का उत्पादक उपयोग सुनिश्चित करना तथा किसानों के लिए आय के स्थायी स्त्रोत विकसित करना है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत स्थापित आम बागानों का सकारात्मक प्रभाव जिले में देखने को मिल रहा है तथा बड़ी संख्या में किसान बागवानी के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 6,000 किसान आम बागवानी से जुड़े हुए हैं तथा इस वर्ष 4,000 क्विंटल से अधिक आम का उत्पादन हुआ है। किसानों की उपज के विपणन हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर बिक्री केंद्र एवं स्टॉल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव किसानों को बाजार से जोड़ने तथा जिले में उत्पादित आमों को व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला परिषद अध्यक्ष श्री सोनाराम बोदरा ने कहा कि किसान समूहों, एफपीओ एवं स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी से कृषि एवं बागवानी गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों, सामूहिक विपणन एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे कृषि उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी तथा बाजार तक पहुंच और सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीया सांसद, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र, जोबा मांझी ने कहा कि आम महोत्सव किसानों के परिश्रम एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है।

## 70 वर्षीय सनातन गोप का शव मिलने से सनसनी बालू माफिया पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल अनुमंडल के कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय के समीप चौकेगड़िया मैदान में शुक्रवार देर शाम एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक के पास साइकिल और टॉर्च लाइट भी मिली है। मृतक की पहचान ईचाडीह पंचायत के चौका आदरडीह निवासी सनातन गोप, उम्र करीब 70 वर्ष के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना देर शाम की है।



**बालू माफिया पर शव फेंकने का आरोप**

स्थानीय लोगों ने तिरुलडीह थाना को सूचना दी। मौके पर पहुंची तिरुलडीह पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि तिरुलडीह के सुवर्णरेखा नदी से अवैध बालू खन धड़ल्ले से चल रहा है। बालू लोड कर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया और चांडिल-नीमडीह की ओर हाईवा-ट्रैक्टर तेज रफ्तार से चलते हैं। ग्रामीणों ने दावा किया कि दो दिन पहले नीमडीह थाना क्षेत्र के जानूम पलाशडीह गांव में ट्रैक्टर ने अमोनि महतो नामक महिला को कुचल दिया था। अब शुक्रवार रात फिर सनातन गोप को कुचलने के बाद बालू माफिया द्वारा मृतक के शव को सड़क से उठाकर मैदान में डाल दिया गया ताकि इसे सड़क दुर्घटना का रूप में न हो और मामला दूसरी दिशा में मोड़ दिया जाए। बताया जा रहा है कि मृतक बंगाल के जीलींग गांव से सादी समारोह में भाग लेकर सड़क पर अपनी साइकिल से घर लौट रहा था और सड़क पर अज्ञात वाहन का चपेट में आने से मौत हो गई। लोग जानना चाहते हैं कि लाश मैदान में कैसे पहुंचा । साइकिल को भी सुरक्षित लाश के पास खड़ा कर दिया गया। लोगों ने मामले का उच्च स्तरीय जांच का मांग किया है। इस संबंध में तिरुलडीह पुलिस से पूछे जाने पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नीमडीह में बामणी नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद, इलाके में सनसनी



**नीमडीह :** थाना क्षेत्र से गुजरने वाली बामणी नदी में शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंच गए। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है और न ही मृतका के बारे में कोई जानकारी मिल सकी है। हत्या कर फेंकने की आशंका घटना की सूचना मिलते ही नीमडीह थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर हत्या कर शव नदी में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के बीच ₹किसने मारा, किसने फेंक दिया₹ को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस आसपास के गांवों में शव की शिनाख्त के लिए पूछताछ कर रही है।

## आंधी के साथ उड़ती धूल ने बढ़ाई परेशानी चौक क्षेत्र में वायु प्रदूषण का असर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** शनिवार की शाम अचान धूंधली आंधी के साथ उड़ती धूल ने चौका थाना - आसपास के इलाके में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कोयला-आयरन प्लांटों से निकलने वाली डस्ट तेज हवा के साथ उड़कर घरों, दुकानों और सड़कों पर उड़ने लगे ।इससे लोगों को सांस लेने और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ गईं। ग्रामीणों ने बताया कि हर बार तेज हवा चलने पर प्लांटों की डस्ट उड़कर पूरे क्षेत्र में फैल जाती है। ₹दुकान की सटर बंद कर दें तब भी अंदर धूल भर जाती है। कपड़े सुखाने लायक नहीं रहते, बच्चे खांस रहे हैं, चौका ग्रामीणों ने कहा कोई बात आंदोलन किया गया । स्थानीय किसानों के अनुसार डस्ट के कारण पत्तों परत जमने से फसलों की पैदावार पर असर पड़ रहा है। सब्जी और धान की फसलें डस्ट से ढक जा रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्लांट प्रबंधन धूल नियंत्रण के उपाय नहीं कर रहे हैं और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच भी नाकाफी है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन मासूम बच्चों की मौत केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम है : देवेन्द्र नाथ महतो



**लातेहार :** हर बार की भांति इस बार भी देवेन्द्र नाथ महतो गरीबों का मसीहा बने, लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत आरा-चमातु निवासी श्री द्वारिका गोंझू के तीनों मासूम बच्चों—माही 9 वर्ष, दीपिका 6 वर्ष एवं आर्यन 3 वर्ष की दर्दनाक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक एवं आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसीएल मगध परियोजना प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह दुखद घटना घटी है। घटना के विरोध में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष एवं आन्दोलनकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण सबसे पहले मगध परियोजना के पीओ कार्यालय पहुंचे। वहां एरिया जीएम एवं प्रोजेक्ट ऑफिसर से मुलाकात कर घटना पर वार्ता करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय, उचित मुआवजा एवं अन्य मांगों को रखने का प्रयास किया गया। लेकिन परियोजना प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई और न ही ग्रामीणों के साथ कोई सार्थक वार्ता की गई। प्रबंधन के असंवेदनशील रवैये से ग्रामीणों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया। इसके बाद देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीसीएल मगध माइंस का संचालन बंद करा दिया तथा न्याय की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। देर रात तक माइंस का संचालन पूरी तरह बंद रहा और आंदोलन जारी रहा। इस दौरान देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा तीन मासूम बच्चों की मौत केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम है। जब ग्रामीण अपनी पीड़ा और न्याय की मांग लेकर प्रबंधन के पास पहुंचे, तब उनकी बात सुनने तक का प्रयास नहीं किया गया। यह जनता के प्रति गैर-जिम्मेदाराना और असंवेदनशील रवैया है।\ उन्होंने आगे कहा पीड़ित परिवार को तत्काल सम्मानजनक मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार, घटना की उच्चस्तरीय जांच एवं दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही परियोजना क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हों। देवेन्द्र नाथ महतो ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा जब तक पीड़ित परिवार की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता और न्याय सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक सीसीएल मगध माइंस का संचालन बंद रहेगा।


**Government of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh**
**Email Id:- eedwsd.ramgarh@gmail.com**

**Very Urgent Tender Notice (2nd Call) (Head – DMFT)**
**Tender Reference No.–DWSD/RGH-01/2026-27 Date- 19.06.2026**

| G. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200 x 165 mm dia x 300 mtr depth High Yield Drilled Tube well Installation of Solar Motor pump with galvanized tubular steel structure (4.5 mtr) with capacity of 2000 ltr and soak pit with drain at upgraded middle school parsabera Block – Mandu under D.W.& S Division Ramgarh for the year 2025-26 | 773648.00 | 15500.00 | 1250.00 | 1 Month |
| 4 | Construction of 200 x 165 mm dia x 300 mtr depth High Yield Drilled Tube well Installation of Solar Motor pump with galvanized tubular steel structure (4.5 mtr) with capacity of 2000 ltr and soak pit with drain at New Primary School Gayatri Nagar Vilalge+Panchayat – Ichakdih Block – Mandu under D.W.& S Division Ramgarh for the year 2025-26 | 773648.00 | 15500.00 | 1250.00 | 1 Month |
| 6 | Construction of 200 x 165 mm dia x 300 mtr depth High Yield Drilled Tube well Installation of Solar Motor pump with galvanized tubular steel structure (4.5 mtr) with capacity of 2000 ltr and soak pit with drain at Upgraded Primary School Kenduwadih Vilalge Ghaghra, Panchayat - Korambe Block – Gola under D.W.& S Division Ramgarh for the year 2025-26 | 773648.00 | 15500.00 | 1250.00 | 1 Month |
| a | Date of Publication Tender | 19.06.2026 up to 11:00 A.M. | | | |
| b | Date & Time for Sale of Tender Doc. | 20.06.2026/11:00 A.M. to 25.06.2026 up to 02:00 PM | | | |
| c | Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 27.06.2026/ up to 02:00 PM | | | |
| d | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ramgarh. | | | |
| e | Date of Opening of Tender | 29.06.2026/ 11:00 AM | | | |
| f | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ramgarh. | | | |
| g | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ramgarh | | | |
| h | Contact No. of Procurement Office | 06553-223193 | | | |

विस्तृत जानकारी प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट/प्रमंडलीय कार्यालय अथवा वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।
–:: जल ही जीवन है ::–

PR 382844 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़


## हाथी प्रभावित गांवों में वशिष्ठ नारायण ने बांटी लाइट-पटाखे, दी राहत राशि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल वन क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवों में शनिवार शाम समाजसेवी और ईचागढ़ के 'सेवा ही लक्ष्य' संगठन के वनरक्षी वशिष्ठ नारायण ने विस्थापित सह प्रभावित क्षेत्र मैसाड़ा और कालीचामदा का दौरा किया। हाथियों के आतंक को देखते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उन्होंने तत्काल राहत के तौर पर लाइट, पटाखे और डीजल-पेट्रोल के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की।



**आंधी-बारिश में बिजली गुल, बढ़ गई मुसीबत**

शाम को आंधी-तूफान और बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में बिजली कट गई थी। ऐसे में ग्रामीणों के लिए घरों से बाहर निकलकर हाथियों पर नजर रखना मुश्किल हो गया था। वशिष्ठ नारायण ने दिए गए टॉर्च-लाइट और पटाखों से ग्रामीण अब रात में अलर्ट रहकर हाथियों को भगा सकेंगे। डीजल-पेट्रोल की राशि से जेनरेटर/टाइमर चलाकर निगरानी की जाएगी।

**लगातार गांव में घुस रहे हाथी**

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार दलमा के हाथी भोजन-पानी की तलाश में गांवों में प्रवेश कर रहे हैं। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। फसल बर्बाद होने और घरों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं बढ़ गई हैं। **ग्रामीणों ने समाजसेवी की इस पहल** की सराहना की। एक ग्रामीण ने कहा, "बिजली नहीं रहती, ऊपर से हाथी का डर। इस मदद से रात की पहरेदारी में हिम्मत मिली है।"

वन विभाग ने भी ग्रामीणों से अपील की है कि वे समूह में रहें, पटाखे-टॉर्च साथ रखें और हाथी दिखने पर तुरंत वनकर्मियों को सूचना दें । राहत सामग्रीः मैसाड़ा और कालीचामदा, चांडिल वन क्षेत्र देने वालेः वनरक्षी वशिष्ठ नारायण, 'सेवा ही लक्ष्य' संगठन, ईचागढ़ सामग्रीः टॉर्च-लाइट, पटाखे, हाथी के डर से रात की निगरानी मुश्किल समस्याः भोजन-पानी की तलाश में हाथी लगातार गांव में प्रवेश कर रहे।

## कपाली में मोहर्रम को लेकर रूट निरीक्षण, विधि-व्यवस्था का लिया जायजा

**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिला के कपाली ओपी क्षेत्र में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कपाली ओपी प्रभारी अविनाश कुमार ने शनिवार को जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोहर्रम जुलूस के निर्धारित रूट का भ्रमण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ओपी प्रभारी ने जुलूस मार्ग में आने वाले संवेदनशील स्थलों, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सतर्क रहने को कहा।अविनाश कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।




**जिला पशुपालन कार्यालय, राँची**

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना – 2026-27**

**–: आम सूचना :–**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या – 09 रा० (वि०), दिनांक – 08.06.2026 के द्वारां राज्य में दूध, मांस, अण्डा एवं ऊन उत्पादन में वृद्धि लाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाने, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से स्व-रोजगार सृजन तथा अतिरिक्त घरेलू आमदनी में वृद्धि एवं ग्रामीण पशुपालकों के आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजनाओं के लिए राँची जिला के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) तथा अन्य सभी वर्ग के लाभुकों का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डो के प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी के नाम से आमंत्रित किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रंस | योजना का नाम | योजना की लागत (राशि रुपये में) | अनुदान प्रतिशत | अनुदान की राशि अधिकतम (राशि रुपये में) | अंशदान की राशि | लक्ष्य | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (08 मादा + 02 नर) | 49600/– | 90% अधिकतम | 44640/– | 4960/– | 538 | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| | | | 75% अधिकतम | 37200/– | 12400/– | 378 | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 2 | सूकर विकास योजना (04 मादा + 01 नर) | 57800/– | 90% अधिकतम | 52020/– | 5780/– | 134 | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| | | | 75% अधिकतम | 43350/– | 14450/ | 94 | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 3 | बैकयार्ड लेयर 400 लेयर चूजा (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना | 118200/– | 90% अधिकतम | 106380/– | 11820/– | 127 | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| | | | 75% अधिकतम | 88650/– | 29550/– | 91 | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 4 | ब्रॉयलर कुक्कुट पालन (500 ब्रायलर चूजा) की योजना | 67500/– | 90% अधिकतम | 60750/– | 6750/– | 232 | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| | | | 75% अधिकतम | 50625/– | 16875/– | 164 | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 5 | 30 बत्तख चूजा वितरण की योजना (अण्डा उत्पादन हेतु) | 3400/– | 90% अधिकतम | 3060/– | 340/– | 924 | प्रति लाभुक 15 बत्तख चुजा वितरण, अनु०ज०जा० / ए०पी०एल०/बी०पी०एल० अनु०जा० /असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) |
| | | | 75% अधिकतम | 2550/– | 850/– | 649 | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 6. | भेड़ पालन योजना (08 मादा + 02 नर) | 49600/– | 90% अधिकतम | 44640/– | 4960/– | 95 | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| | | | 75% अधिकतम | 37200/– | 12400/ | 68 | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को। |

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें :–**

| | |
|---|---|
| 1. | योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) एवं अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को नियमानुसार प्राथमिकता के तौर पर दिया जाएगा। |
| 2. | सभी योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप प्रखंड स्तरीय चयन समिति की अनुसंशा के उपरांत उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय अनुमोदन समिति द्वारा अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। |
| 3. | लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा, चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है :– **क)** चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुक को आवासीय, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। **ख)** चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्रथमिकता दी जाएगी। **ग)** बत्तख चूजा वितरण योजना से लाभान्वित लाभुक को छोड़कर शेष योजनाओं का लाभ विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा। |
| 4. | पशुपालन योजना के अंतर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा। |
| 5. | योजना/कार्यक्रम अंतर्गत पशु पक्षी के निवास के लिए पशु पक्षी शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा अभिसरण से किया जाएगा। |
| 6. | मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची कार्यालय द्वारा तैयार किया जाएगा। प्रतीक्षा सूची के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष अथवा आगामी वित्तीय वर्ष में भी लाभुकों को लाभान्वित किया जा सकेगा। |
| 7. | पशु पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ताओं के द्वारा लाभुकों को किया जाएगा। |
| 8. | योजना अंतर्गत दवा, मिनरल मिक्सचर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित इकाई दर, विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों को उपलब्ध कराया जाएगा। |
| 9. | योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/ Dedicated Bank Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वयं का अंशदान एक माह के अन्दर Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्त्ता प्राप्त होगी। पशु पक्षी आपूर्त्ति के उपरान्त लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुश्त आपूर्त्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तानांतरित की जाएगी। |
| 10. | इच्छुक पशुपालक, ग्राम सभा से अनुशंसा के साथ आवेदन संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में निर्धारित तिथि 15.07.2026 तक जमा करेंगे। |
| 11. | योजनाओं से संबंधित जानकारी संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय अथवा जिला पशुपालन कार्यालय, राँची से प्राप्त की जा सकती है। |

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची

PR 382864 Animal Husbandry(26-27)#D


## कोनार नदी और श्मशान घाट की जमीन पर भू-माफियाओं की नजर
# 70 फीट सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की कोशिश से भड़के ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले में भू-माफियाओं का दुस्साहस थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की लगातार सामने आ रही घटनाओं के बीच अब कटकमदाग प्रखंड की खपरियावां पंचायत से एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। यहां कथित रूप से भू-माफियाओं ने कोनार नदी की सरकारी भूमि और सार्वजनिक श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से लगभग 70 फीट क्षेत्र में ट्रेंच (खाई) काट दी। मामले के सामने आते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और लोगों ने एकजुट होकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि कोनार नदी तट और श्मशान भूमि पर सुनियोजित तरीके से अतिक्रमण की तैयारी की जा रही थी। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ग्रामीणों की नजर इस पर नहीं पड़ती तो सरकारी भूमि पर स्थायी कब्जे का रास्ता साफ हो जाता। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों के विरोध और शिकायत के बाद अंचल कार्यालय की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा जमीन की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान अंचल अमीन उपेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ग्रामीणों की शिकायत सही प्रतीत हुई है। जमीन की मापी के दौरान यह पाया गया कि कोनार नदी की लगभग 70 फीट सरकारी भूमि पर ट्रेंच काटकर अतिक्रमण का प्रयास किया गया है। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस पूरे मामले के पीछे कौन लोग शामिल हैं। इस घटना ने इलाके में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर सरकारी भूमि पर इतनी बड़ी खुदाई किसके संरक्षण में की गई। किसकी मशीनें लगीं और प्रशासन की नजर इस पर पहले क्यों नहीं पड़ी लोगों का आरोप है कि जिले में सक्रिय भू-माफिया सरकारी और सार्वजनिक जमीनों पर लगातार नजर गड़ाए हुए हैं और प्रशासनिक ढिलाई का फायदा उठाकर अतिक्रमण की कोशिश कर रहे हैं। वे व्यापक जनआंदोलन शुरू करेंगे। लोगों ने अंचलाधिकारी और जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर भू-माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। फिलहाल पूरे मामले पर ग्रामीणों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। अब देखना यह होगा कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाता है।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : भारत की प्राचीन अमूल्य धरोहर और आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक उत्सव

विश्वभर में प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत की उस महान सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है, जिसने मानवता को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाया है। योग हजारों वर्षों से भारतीय जीवन-दर्शन का अभिन्न अंग रहा है। आज यह केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के लगभग सभी देशों में स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए अपनाया जा रहा है।

योग का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। भारतीय ऋषियों और मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग खोजा। वेदों, उपनिषदों, भगवद्गीता तथा महर्षि पतंजलि के योगसूत्रों में योग का विस्तृत वर्णन मिलता है। महर्षि पतंजलि को योग दर्शन का प्रमुख प्रवर्तक माना जाता है। उन्होंने योग को अष्टांग योग के रूप में व्यवस्थित किया, जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि शामिल हैं। भारतीय संस्कृति में योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित और संतुलित बनाने की समग्र पद्धति है। इसका उद्देश्य मनुष्य को स्वस्थ शरीर, शांत मन और जागृत चेतना प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत भारत के प्रयासों से हुई। 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो मन और शरीर, विचार और कर्म, संयम और संतुष्टि के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। भारत के इस प्रस्ताव को महासभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। संयुक्त राष्ट्र के 177 देशों ने सह-प्रायोजक बनकर इसका समर्थन किया, जो संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में किसी प्रस्ताव को मिला सबसे व्यापक समर्थन माना जाता है। इसके बाद 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित कर दिया।

21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे ग्रीष्म अयनांत (समर सोलस्टिस ) कहा जाता है। भारतीय परंपरा में इसका विशेष आध्यात्मिक महत्व माना गया है। योग परंपरा के अनुसार इसी काल से सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन की ओर बढ़ता है और इसे आध्यात्मिक साधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए योग दिवस के लिए 21 जून का चयन किया गया। 21 जून 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में उत्साहपूर्वक मनाया गया। भारत में राजधानी दिल्ली के राजपथ (अब कर्तव्य पथ) पर हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। इसके साथ ही दुनिया के अनेक देशों में सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक केंद्रों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। तब से प्रत्येक वर्ष योग दिवस नए उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। आधुनिक विज्ञान ने भी योग के लाभों को स्वीकार किया है। अनेक शोधों से सिद्ध हुआ है कि नियमित योगाभ्यास शरीर और मन दोनों के लिए लाभकारी है। योग शरीर को लचीला बनाता है, मांसपेशियों को मजबूत करता है तथा संतुलन और सहनशक्ति बढ़ाता है। यह मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायक माना जाता है। योग और ध्यान तनाव, चिंता तथा अवसाद को कम करने में मदद करते हैं। नियमित अभ्यास से मन शांत और एकाग्र रहता है। प्राणायाम और योगासन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। योग व्यक्ति को अनुशासित जीवन, सकारात्मक सोच और आत्मनियंत्रण की प्रेरणा देता है।

### सूडोकु नवताल- 7832

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7831 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# संगीत है शांति, संवेदना और मानवता का स्वर

ललित गर्ग



आज का विश्व अभूतपूर्व संकटों के दौर से गुजर रहा है। एक ओर युद्धों की विभीषिका है, दूसरी ओर आतंकवाद का भय, सामाजिक हिंसा, मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन और असहिष्णुता का बढ़ता हुआ वातावरण। विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न तो बनाया है, लेकिन मनुष्य के भीतर की शांति, संतुलन और आनंद कहीं खोता जा रहा है। ऐसे समय में यदि कोई शक्ति मनुष्य को स्वयं से, समाज से और मानवता से पुनः जोड़ सकती है तो वह है- संगीत। संगीत केवल मनोरंजन नहीं है, यह मनुष्य के भीतर छिपी संवेदनाओं का जागरण है। यह आत्मा की भाषा है, जो बिना शब्दों के भी हृदय तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि 21 जून को विश्व संगीत दिवस केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता को शांति, संवेदना और सौहार्द का संदेश देने वाला वैश्विक उत्सव बन गया है।

विश्व संगीत दिवस का आरम्भ 1982 में फ्रांस से हुआ था। इसका मूल उद्देश्य था कि संगीत सभागारों और मंचों तक सीमित न रहे, बल्कि सड़कों, पार्कों, चौपालों और जनजीवन में उतरे। धीरे-धीरे यह उत्सव 120 से अधिक देशों तक पहुंच गया। आज यह दिन हमें याद दिलाता है कि संगीत किसी देश, धर्म, जाति या भाषा का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता का साझा धरोहर है। वर्तमान समय में दुनिया का सबसे बड़ा संकट केवल युद्ध नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बढ़ती हुई कठोरता और संवेदनहीनता है। हथियारों से पहले विचार हिंसक होते हैं और विचारों को मानवीय बनाने का सामर्थ्य संगीत में है। संगीत मनुष्य के भीतर करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावना जगाता है। जहां संवाद समाप्त हो जाता है, वहां संगीत संवाद का नया मार्ग खोल देता है।

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी शांति नहीं दी, लेकिन संगीत ने सदैव टूटे हुए दिलों को जोड़ा है। सैनिक मोर्चों पर भी गीतों ने साहस जगाया है और शांति आंदोलनों में भी संगीत ने मानवता की आवाज बनकर कार्य किया है। आज जब दुनिया के अनेक हिस्से संघर्षों से जूझ रहे हैं, तब संगीत सीमाओं से परे जाकर मनुष्यों के बीच एक अदृश्य पुल का निर्माण कर सकता है। संगीत का सबसे बड़ा चमत्कार यह है कि यह मनुष्य को भीतर से स्वस्थ बनाता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि संगीत केवल कानों को सुख नहीं देता, बल्कि शरीर और मस्तिष्क पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक शोधों से प्रमाणित हुआ है कि मधुर संगीत तनाव हार्मोन को कम करता है, रक्तचाप को नियंत्रित करता है, अनिद्रा में राहत देता है तथा अवसाद और चिंता जैसी मानसिक समस्याओं को कम करने में सहायक होता है। आज दुनिया में करोड़ों लोग मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं। प्रतिस्पर्धा, भागदौड़, अकेलापन और डिजिटल जीवनशैली ने मनुष्य को भीतर से थका दिया है। ऐसे समय में संगीत एक औषधि की तरह कार्य करता है। यही कारण है कि विश्व के अनेक अस्पतालों में संगीत-चिकित्सा- म्यूजिक थैरेपी का प्रयोग किया जा रहा है। यह चिकित्सा व्यक्ति के मन को शांत कर उसके भीतर आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। संगीत का संबंध केवल स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि रचनात्मकता और सृजनशीलता से भी है। जहां संगीत होता है, वहां जीवन में लय होती है। लयहीन जीवन तनाव पैदा करता है, जबकि संगीत जीवन को संतुलन प्रदान करता है। संगीत सुनने वाला व्यक्ति अधिक संवेदनशील, अधिक कल्पनाशील और अधिक रचनात्मक बनता है। यही कारण है कि साहित्य, कला, चित्रकला, नृत्य और अन्य सृजनात्मक क्षेत्रों में संगीत की उपस्थिति अनिवार्य मानी जाती है। यदि गहराई से देखा जाए तो संपूर्ण प्रकृति स्वयं एक विराट संगीत है। पक्षियों का कलरव, कोयल की कूक, झरनों की कलकल, समुद्र की लहरों का संगीत, वर्षा की रिमझिम, हवा की सरसराहट और पत्तों की थिरकन- सबमें संगीत की ही अभिव्यक्ति है। प्रकृति का यह संगीत हमें सिखाता है कि जीवन संघर्ष नहीं, समन्वय का नाम है। जहां समन्वय है, वहां संगीत है; जहां संगीत है, वहां शांति है।

भारतीय संस्कृति में संगीत को दिव्यता का स्वरूप माना गया है। भगवान शिव के डमरू से निकली ध्वनियों को सृष्टि के प्रथम नाद का प्रतीक माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि प्रेम, आकर्षण और आत्मिक एकता का प्रतीक है। मां सरस्वती के हाथों में वीणा ज्ञान और संगीत के अद्भुत समन्वय का संदेश देती है। भारतीय संगीत की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। वेदों के मंत्रों से लेकर सामवेद के गायन तक, भक्ति आंदोलन के संतों से लेकर शास्त्रीय संगीत के महान आचार्यों तक, संगीत ने भारतीय समाज को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सूरदास, तुलसीदास, कबीर, मीरा, नामदेव, तानसेन और बैजू बावरा जैसे महान व्यक्तित्वों ने संगीत को जन-जन तक पहुंचाया। संगीत केवल कला नहीं, बल्कि अहिंसा का भी माध्यम है। हिंसा मनुष्य को विभाजित करती है, जबकि संगीत जोड़ता है। आतंकवाद और कट्टरता का जन्म घृणा से होता है, जबकि संगीत प्रेम का वातावरण निर्मित करता है। यदि बच्चों को बचपन से संगीत, कला और संस्कृति से जोड़ा जाए तो उनके भीतर संवेदनशीलता और सहिष्णुता विकसित होगी। यही संवेदनशीलता भविष्य में हिंसा और कट्टरता के विरुद्ध सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है। आज विश्व को जिस प्रकार योग की आवश्यकता है, उसी प्रकार संगीत की भी आवश्यकता है। वास्तव में संगीत और योग दोनों एक ही लक्ष्य की ओर ले जाते हैं- आंतरिक संतुलन और आत्मिक शांति। योग शरीर और मन को जोड़ता है, जबकि संगीत मन और आत्मा को जोड़ता है। दोनों मिलकर व्यक्ति को सम्पूर्ण स्वास्थ्य और संतुलित जीवन की दिशा प्रदान करते हैं। संगीत सामाजिक सौहार्द का भी महत्वपूर्ण साधन है। किसी भी उत्सव, पर्व, विवाह, धार्मिक आयोजन या राष्ट्रीय समारोह की कल्पना संगीत के बिना नहीं की जा सकती। संगीत लोगों को एक साथ बैठने, सुनने और अनुभव करने का अवसर देता है। जहां लोग साथ गाते हैं, वहां वैमनस्य के लिए स्थान कम रह जाता है। विश्व संगीत दिवस हमें यह संदेश देता है कि यदि दुनिया को अधिक शांतिपूर्ण, अधिक मानवीय और अधिक संवेदनशील बनाना है तो संगीत को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। संगीत को केवल मंचों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि विद्यालयों, परिवारों, कार्यस्थलों और सामाजिक जीवन में भी उसे सम्मानजनक स्थान देना चाहिए।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम संगीत को केवल मनोरंजन का साधन न मानें, बल्कि जीवन-शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता और विश्वशांति के प्रभावी माध्यम के रूप में स्वीकार करें। जब दुनिया युद्ध के शोर से कांप रही हो, तब संगीत ही वह मधुर स्वर है जो मानवता को बचा सकता है। जब मनुष्य तनाव और अवसाद से घिरा हो, तब संगीत ही वह प्रकाश है जो भीतर आशा की किरण जगाता है। वस्तुतः संगीत अहिंसा है, संगीत योग है, संगीत शांति है, संगीत ऊर्जा है और संगीत मानवता की आत्मा का स्वर है। विश्व संगीत दिवस इसी शाश्वत सत्य का उत्सव है कि जब तक संगीत जीवित है, तब तक मनुष्य के भीतर प्रेम, करुणा और शांति की संभावना भी जीवित रहेगी।

# अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए हमें वैकल्पिक रास्तों पर चलना ही होगा

तनवीर जाफरी

भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां ऊर्जा की बढ़ती मांग, विदेशी तेल पर निर्भरता, पर्यावरणीय चुनौतियां और आर्थिक आत्मनिर्भरता। वस्तुतः ये सभी प्रश्न एक साथ हमारे सामने खड़े हैं। दुनिया तेजी से बदल रही है, ऊर्जा के स्रोत बदल रहे हैं और राष्ट्र अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर नए विकल्प तलाश रहे हैं। ऐसे समय में भारत ने भी एक साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाया है और वह है पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने का।

प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा। वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी लगातार इथेनॉल आधारित अर्थव्यवस्था को भारत के भविष्य का महत्वपूर्ण आधार बताते रहे हैं। उनका मानना है कि इथेनॉल ईंधन होने के साथ ही हमारे किसानों की समृद्धि, विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण संरक्षण का एक प्रभावी माध्यम है, इसीलिए आज भारत में ई-20 पेट्रोल का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। वस्तुतः ई-20 का अर्थ है, ऐसा ईंधन जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण हो। कुछ लोगों के मन में यह आशंका अवश्य है कि क्या इथेनॉल मिश्रित ईंधन उनके वाहन को नुकसान पहुंचाएगा? किंतु उनके लिए कहना यही होगा कि वर्तमान समय में दुनिया के अनेक देशों में वर्षों से ई-10, ई-20 और यहां तक कि ई-85 जैसे इथेनॉल मिश्रित ईंधनों का सफल उपयोग हो रहा है। भारत भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसके पीछे ठोस आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कारण मौजूद हैं। भारत अपनी लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल की आवश्यकता आयात के माध्यम से पूरी करता है। इसके कारण हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश से बाहर चली जाती है। जब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, उसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ता है। ऐसे में पेट्रोल में घरेलू स्तर पर उत्पादित इथेनॉल का मिश्रण विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने का प्रभावी उपाय बनकर सामने आया है। इसके प्रभावी परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वर्ष 2014 में जहां पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का औसत स्तर मात्र 1.5 प्रतिशत था, वहीं आज यह लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। वर्ष 2022-23 में 12.06 प्रतिशत मिश्रण के कारण लगभग 24,300 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। वर्ष 2023-24 में यह बचत बढ़कर 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। वहीं 2024-25 में लगभग 19 प्रतिशत मिश्रण के साथ करीब 40,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचत का अनुमान है।

सरकारी और संसदीय आंकड़ों के अनुसार, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से अब तक देश को 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचत हुई है। कच्चे तेल के आयात में 18 लाख मीट्रिक टन से अधिक की कमी आई है और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 736 लाख मीट्रिक टन की कमी दर्ज की गई है। किसानों को भी 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि इथेनॉल अब भारत की आर्थिक और ऊर्जा रणनीति का मजबूत स्तंभ बन चुका है। फिर इथेनॉल के लाभ सिर्फ विदेशी मुद्रा बचाने तक सीमित नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिल रहा है। इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने से प्राप्त शीरा, अधिशेष अनाज, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न, मक्का तथा अन्य स्वीकृत कृषि उत्पादों का उपयोग किया जाता है। इससे किसानों को अपनी उपज का अतिरिक्त बाजार मिलता है और उनकी आय बढ़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित होते हैं, रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी इथेनॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पेट्रोल की तुलना में अधिक स्वच्छ रूप से जलता है और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करता है। जब दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब भारत का इथेनॉल मिशन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बनकर उभर रहा है। यहां कुछ आलोचक यह तर्क देते हैं कि इथेनॉल उत्पादन से खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। किंतु उनके लिए कहना यही होगा कि भारत की वर्तमान नीति इस चिंता का संतुलित समाधान प्रस्तुत करती है। वस्तुतः देश में उपलब्ध अधिशेष कृषि उत्पादन, अतिरिक्त अनाज भंडार और उपभोग के लिए अनुपयुक्त खाद्यान्न का उपयोग इथेनॉल उत्पादन में किया जा रहा है। वर्ष 2025 में रणनीतिक आवश्यकताओं से अधिक उपलब्ध चावल भंडार को भी इथेनॉल उत्पादन की ओर मोड़ा गया, इसलिए यह भोजन बनाम ईंधन का प्रश्न नहीं, बल्कि कृषि अधिशेष के बेहतर उपयोग का मॉडल है। जहां तक वाहनों की बात है, अप्रैल 2023 के बाद निर्मित अधिकांश बीएस6 फेज-क्क वाहन ई-20 ईंधन के अनुकूल बनाए गए हैं। नए वाहन मालिकों को किसी विशेष चिंता की आवश्यकता नहीं है। पुराने वाहनों में केवल कुछ सामान्य सावधानियां बरतने की जरूरत है, जैसे ईंधन प्रणाली की नियमित जांच, रबर होज और सीलों का निरीक्षण तथा ईंधन फिल्टर की समय-समय पर सफाई। इस तरह से उचित रखरखाव के साथ पुराने वाहन भी ई-20 ईंधन का सुरक्षित उपयोग कर सकते हैं। माइलेज को लेकर भी अनेक भ्रांतियां हैं। यह सही है कि इथेनॉल का ऊर्जा घनत्व पेट्रोल से थोड़ा कम होता है, जिसके कारण माइलेज में 1 से 4 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है, किंतु यदि 100 लीटर ई-20 ईंधन में केवल 80 लीटर पेट्रोल और 20 लीटर इथेनॉल है, तो मामूली माइलेज कमी के बावजूद पेट्रोल की वास्तविक खपत में उल्लेखनीय कमी आती है। दूसरे शब्दों में, देश को पेट्रोल आयात पर कम निर्भर रहना पड़ता है और विदेशी मुद्रा की बचत होती है, जिसमें कि व्यापक राष्ट्रीय हित निहित है। आज ब्राजील जैसे देशों में फ्लेक्स-फ्यूल वाहन पहले से ही बड़ी सफलता के साथ उपयोग किए जा रहे हैं। ये वाहन ई-20, ई-50, ई-85 और पारंपरिक पेट्रोल, सभी प्रकार के मिश्रणों पर चल सकते हैं। भारत भी भविष्य में इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। फिर यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत, आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भारत का निर्माण करना है, तो हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों पर चलना ही होगा। वास्तव में इथेनॉल उसी वैकल्पिक रास्ते का नाम है, जो भारत को आयात-निर्भरता से आत्मनिर्भरता, प्रदूषण से स्वच्छता और आर्थिक कमजोरी से ऊर्जा-सशक्त राष्ट्र की ओर ले जा रहा है, इसलिए समय की मांग है कि हम इस परिवर्तन को समझें, स्वीकार करें।

# योग : साधना में सम्मान का महत्व

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

विश्व योग दिवस पर जब हम योग की चर्चा करते हैं, तो प्रायः हमारा ध्यान आसनों, प्राणायाम और शारीरिक स्वास्थ्य पर केंद्रित हो जाता है। निस्संदेह ये योग के महत्वपूर्ण आयाम हैं, लेकिन योग का वास्तविक स्वरूप इससे कहीं अधिक व्यापक है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और चेतना को परिष्कृत करने का विज्ञान है। महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में साधना की सफलता का एक महत्वपूर्ण सूत्र दिया है-

स तु दीर्घकाल नैरन्तर्य सत्कारासेवितो दृढ़भूमिः।

अर्थात योग का अभ्यास तब दृढ़ता से स्थापित होता है, जब उसे लंबे समय तक, बिना किसी अंतराल के और आदर-भाव के साथ किया जाए।

हममें से अधिकांश लोग जीवन में परिवर्तन तो चाहते हैं, लेकिन उसके लिए आवश्यक निरंतरता नहीं रख पाते। कुछ दिनों तक उत्साहपूर्वक योग, ध्यान या प्राणायाम करते हैं, फिर व्यस्तता, आलस्य या ऊब के कारण उसे छोड़ देते हैं। परिणामस्वरूप साधना का प्रभाव भी क्षीण पड़ जाता है।

जीवन की हर महत्वपूर्ण उपलब्धि समय मांगती है। एक संगीतकार वर्षों तक रियाज करता है, एक खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करता है और एक कलाकार अपनी कला को निखारने में लंबे समय तक समर्पित रहता है। यदि बाहरी कौशल विकसित करने में इतना समय और श्रम लगता है, तो मन और चेतना को विकसित करने के लिए धैर्य और निरंतरता की आवश्यकता और भी अधिक है। योग का उद्देश्य केवल शरीर को लचीला बनाना नहीं, बल्कि मन को वर्तमान क्षण में स्थिर करना है। सामान्यतः हमारा मन अतीत की स्मृतियों और भविष्य की आशंकाओं के बीच भटकता रहता है। योग हमें वर्तमान में लौटना सिखाता है। वर्तमान में स्थित होना ही शांति, संतोष और आंतरिक स्वतंत्रता का आधार है। किन्तु पतंजलि केवल अभ्यास की बात नहीं करते। वे सत्कारासेवितो शब्द का प्रयोग करते हैं, जिसका अर्थ है आदर, श्रद्धा और सम्मान के साथ साधना करना। यही वह बिंदु है जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

जब हम किसी नए कार्य को आरंभ करते हैं, तो उसमें उत्साह और सजगता होती है। ध्यान के शुरूआती दिनों में गहराई का अनुभव होता है, प्राणायाम में आनंद आता है और साधना ताजगी प्रदान करती है। लेकिन समय के साथ वह नवीनता कम होने लगती है। अभ्यास बना रहता है, पर उसके प्रति सम्मान कम हो जाता है। तब साधना धीरे-धीरे एक मशीनी क्रिया बन जाती है। यहीं से उसकी शक्ति कम होने लगती है।

सम्मान का अर्थ केवल किसी व्यक्ति, परंपरा या पद्धति का सम्मान करना नहीं है। सम्मान का अर्थ है वर्तमान क्षण के प्रति पूर्ण सजगता और कृतज्ञता। जब हम किसी कार्य को आदर के साथ करते हैं, तब हमारा मन पूरी तरह उसमें उपस्थित होता है। यही उपस्थिति साधना को गहराई प्रदान करती है।

जब आप अपने शरीर का सम्मान करते हैं, तब योगासन साधना बन जाते हैं। जब आप अपनी श्वास का सम्मान करते हैं, तब प्राणायाम चेतना को जागृत करने का माध्यम बन जाता है। जब आप अपने मन का सम्मान करते हैं, तब ध्यान सहज रूप से गहरा होने लगता है।

आज जीवन में असंतोष का एक बड़ा कारण यह है कि हमने सम्मान और कृतज्ञता की भावना खो दी है। स्वस्थ शरीर, चलती हुई श्वास, प्रकृति का सौंदर्य, परिवार का स्नेह और जीवन के अनगिनत उपहार हमें इतने स्वाभाविक लगने लगे हैं कि हम उनका मूल्य ही भूल गए हैं। योग हमें पुनः कृतज्ञता की ओर लौटाता है। कृतज्ञता से संतोष आता है और संतोष से मन में स्थिरता आती है।ज्ञान के प्रति सम्मान भी उतना ही आवश्यक है। जब हम किसी ज्ञान, शिक्षा या मार्गदर्शन को श्रद्धा के साथ ग्रहण करते हैं, तो हमारा मन अधिक ग्रहणशील हो जाता है। सम्मान हमारी चेतना को जागृत करता है और सजगता को बढ़ाता है। यही सजगता ध्यान को गहरा और जीवन को अधिक सार्थक बनाती है।

महर्षि पतंजलि ने मन की स्थिरता के लिए दो आधार बताए हैं- अभ्यास और वैराग्य। अभ्यास हमें बार-बार वर्तमान में लौटाता है, जबकि वैराग्य हमें अपेक्षाओं और परिणामों के बोझ से मुक्त रखता है। यदि केवल अभ्यास हो और वैराग्य न हो, तो मन परिणामों में उलझ जाता है। यदि केवल वैराग्य हो और अभ्यास न हो, तो प्रगति रुक जाती है। दोनों का संतुलन ही योग को पूर्णता प्रदान करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं है। यह जीवन जीने की एक कला है। प्रतिदिन कुछ मिनटों की साधना, सजग श्वास और कृतज्ञता का भाव हमारे जीवन की दिशा बदल सकता है।

योग का अर्थ जीवन से दूर जाना नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण को पूरी जागरूकता के साथ जीना है। जब साधना में निरंतरता, मन में कृतज्ञता और हृदय में सम्मान जागृत हो जाता है, तब योग केवल अभ्यास नहीं रहता; वह हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और जीवन का स्वभाव बन जाता है। यही योग का वास्तविक उत्सव है और यही पतंजलि के सूत्रों का शाश्वत संदेश भी।

## दैनिक पंचांग

**21 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | सिंह में |
| मंगल | वृष में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | कर्क में |
| शुक्र | कर्क में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 04.52 बजे से |
| कर्क | 07.09 बजे से |
| सिंह | 09.25 बजे से |
| कन्या | 11.37 बजे से |
| तुला | 13.48 बजे से |
| वृश्चिक | 16.02 ब.से |
| धनु | 18.18 बजे से |
| मकर | 20.24 बजे से |
| कुंभ | 22.10 बजे से |
| मीन | 23.43 बजे से |
| मेष | 01.13 बजे से |
| वृष | 02.54 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 172 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** सप्तमी 15.21 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 09.32 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 11.22 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 15.21 बजे तदनन्तर विष्टि 03.25 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 5.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872747 **जूलियन दिन** 2461212.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 05 **विशेष** साल का सबसे बड़ा दिन, पितृ दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग एवं संगीत दिवस।

**दिन का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 | बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 | बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 | बजे तक |

**रात का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.36 | से | 07.09 | बजे तक |
| अमृत | 07.09 | से | 08.41 | बजे तक |
| चर | 08.41 | से | 10.14 | बजे तक |
| रोग | 10.14 | से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 | बजे तक |
| शुभ | 04.24 | से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### राहुल गांधी का जन्मदिवस कांग्रेसजनों ने उत्साहपूर्वक मनाया



**पाकुड़** : जिले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने केक काटकर तथा वृक्षारोपण कर उनका जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने राहुल गांधी के स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। साथ ही उनके द्वारा सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनहित के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उनके विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी, नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### मंडरो प्रखंड अंचल कार्यालय में संदिग्ध आधार ऑपरेटर पकड़ा गया, जांच शुरू

**साहिबगंज** : जिले के मंडरो प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में आधार कार्ड से संबंधित कार्य कर रहे एक संदिग्ध युवक को अधिकारियों ने पकड़ लिया है। युवक पर कथित रूप से क्लोन फिंगर (नकली बायोमेट्रिक) का उपयोग कर आधार प्रणाली में लॉगिन करने तथा आधार कार्ड बनाने एवं अपडेट करने का संदेह जताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आधार से जुड़े कार्यों के दौरान युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर अधिकारियों ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जांच में आशंका व्यक्त की गई कि आधार पोर्टल तक पहुंच बनाने के लिए क्लोन फिंगर तकनीक का इस्तेमाल किया गया हो सकता है। हालांकि मामले में अब तक किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मंडरो अंचल अधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। युवक के पास मौजूद दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा उसके द्वारा किए गए कार्यों की जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि यदि जांच में क्लोन फिंगर या किसी अन्य अवैध तरीके से आधार सेवाओं के संचालन की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया जमाई षष्ठी पर्व

**अमड़ापाड़ा** : पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को बंगाली समुदाय द्वारा पारंपरिक जमाई षष्ठी पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। बंगाली समाज के इस महत्वपूर्ण पारिवारिक पर्व के अवसर पर विवाहित बेटियों एवं उनके पतियों (जमाइयों) को मायके पक्ष की ओर से विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। परंपरा के अनुसार सास ने अपने दामादों का विधि-विधान से स्वागत किया तथा उनके सुख, समृद्धि और दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। इसके बाद दामादों को नए वस्त्र, उपहार एवं विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। पर्व को लेकर घरों में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए विशेष पूजा संपन्न कराई, जबकि परिवार के सभी सदस्य एकत्र होकर इस पारिवारिक उत्सव का आनंद लेते नजर आए। बच्चों और युवाओं में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## पेसा नियमावली, 2025 पर जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित

# ग्राम सभाओं को सशक्त एवं स्थानीय स्वशासन को मजबूत बनाने में पेसा की महत्वपूर्ण भूमिका : अरविंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने तथा समुदाय आधारित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को रवींद्र भवन, पाकुड़ में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखण्ड नियमावली, 2025 विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। प्रारंभ में जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेसा नियमावली अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार संपन्न बनाने, स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ करने तथा जनभागीदारी आधारित निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी पहल है। उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने कहा कि राज्य में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखण्ड नियमावली, 2025 लागू होने के साथ ही ग्राम सभाओं एवं पंचायत संस्थाओं की भूमिका और अधिक प्रभावी हो गई है। उन्होंने कहा कि नियमावली में पेसा अधिनियम के सभी महत्वपूर्ण प्रावधानों का विस्तृत उल्लेख किया गया है, जिससे अनुसूचित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के संचालन एवं स्थानीय संसाधनों के प्रबंधन में ग्राम सभाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि नियमावली लागू होने के बाद आमजन,जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के मन में इसके विभिन्न प्रावधानों को लेकर अनेक जिज्ञासाएँ एवं प्रश्न उत्पन्न हुए हैं। इन्हीं जिज्ञासाओं का समाधान करने तथा नियमावली की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय विशेषज्ञों की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पेसा का मूल उद्देश्य परंपरागत ग्राम सभा व्यवस्था एवं पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना है। छोटानागपुर एवं संथाल परगना क्षेत्र की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था तथा ग्राम प्रधानों की भूमिका को पेसा के माध्यम से और अधिक मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अनुसूचित क्षेत्रों में संचालित होने वाली विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में पेसा नियमावली के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी से योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन संभव हो सके। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग से आए पेसा राज्य फैसिलिटेटर सज्जाद मजीद ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखण्ड नियमावली, 2025 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

## तालझारी बीआरसी भवन जर्जर बड़े हादसे को दे रहा निमंत्रण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के तालझारी प्रखंड स्थित बीआरसी जर्जर भवन में संचालित कार्यालय में जान जोखीम में डालकर विभाग के कर्मी कार्य कर रहे हैं। कार्यालय में पेयजल एवं शौचालय का व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्यालय कर्मी एवं कार्य के लिए पहुंचने वाले लोग सभी को काफी परेशानी होती है। भवन के अंदर करीबन बीते दो वर्षों से शौचालय खराब होने के कारण बंद पड़ा है शौचालय खराब होने की वजह से लोग खुले में शौच एवं मूत्रालय करने पर बेबस है। ऑफिस के काम से प्रतिदिन शिक्षिका एवं शिक्षकों का आना-जाना लगा रहता है और उक्त कार्यालय में दो आधार सेंटर भी संचालित है आधार केंद्र होने की वजह से दर्जनों छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक आधार सुधार एंव अपडेट कार्य के लिए घंटा खड़ा रहना पड़ता है। शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से आने वाले सभी लोगों को काफी परेशानी होती है। विभाग कर्मी राजेंद्र मंडल, प्रदीप कुमार, हिमांशु प्रसाद ने बताया कि हल्की सी बारिश में पूरा कार्यालय के अंदर टीप टीप वर्षा का पानी टपकता है। जिसके कारण कार्य करने में काफी परेशानी होती है। शौचालय खराब होने के कारण भी ऑफिस के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी शिकायत बढ़िया पदाधिकारी को दी गई है पर काफी दिन बीत जाने के बाद भी कोई व्यवस्था नहीं किया गया।

## सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के घाटजमनी पंचायत अंतर्गत सेलमपूर गांव में शनिवार अहले सुबह पुलिस ने एक युवक की शव को सड़क किनारे से बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेलमपुर के पास फोर लेन मुख्य सड़क किनारे ग्रामीणों ने एक बाइक काफी देर से खड़ा देखा कुछ सक होने पर जब कुछ ग्रामीण वहां पहुंचा तो देखा कि एक युवक बाइक से कुछ दूरी पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। ये खबर गांव में आग की तरह फैल गया और काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और इसकी सूचना राजमहल थाना पुलिस को दिया गया। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर देखा तो युवक की मौत हो चुका था। मृतक युवक की पहचान सेलमपूर निवासी बद्री प्रसाद मंडल के पुत्र शिव लाल कुमार मंडल उर्फ. महंत (25) के रूप किया गया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे कन्हैया स्थान स्थित अपने जीजा विजय साह के घर से बाइक लेकर निकला, वहां से मृतक युवक चंडी पूर में एक सादी समारोह में गया था, वहां युवक को रात को लगभग 2 बजे तक देखा था। उसके बाद वो अपने घर के लिए निकला था। उसके बाद अहले सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे अचेत अवस्था में युवक को देखा। ग्रामीणों के अनुसार युवक की मौत संभवत सड़क दुर्घटना में हुई होगी। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। युवक के मौत से माता, पिता पत्नी सहित गांव में मातम पसरा हुआ है। संभवत मामला सड़क दुर्घटना में ही युवक की मौत हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। शव का पोस्टमार्टम करने के उपरांत शव को परिजनों सौंप दिया गया है। मामले की गंभीरता से छानबीन की जा रही है। परिजनों के और से अब तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

## जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा : आलमगीर आलम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने शनिवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के संग्रामपुर, कुमारपुर, नरोत्तमपुर सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर आम जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली।
दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों, कांग्रेस कार्यकताओं एवं समर्थकों ने आलमगीर आलम का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही, जिससे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जनसभा को संबोधित करते हुए आलमगीर आलम ने क्षेत्र की बिजली, स्वास्थ्य, पेयजल, चापाकल, सड़क तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित विभागों एवं उचित मंचों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और आम लोगों के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

## 26 व 27 जून को मनाया जाएगा मोहर्रम, जुलूस में उपद्रवी व हुड़दंगी पर रहेगी पैनी नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** 26 व 27 जून को शहर में मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा, जुलूस में उपद्रवी व हुड़दंगी पर पैनी नजर रहेगी, मुहर्रम शांतिपूर्ण व भाईचारा के साथ मनाए उक्त बाते सदर एसडीपीओ ने कही। नगर थाना परिसर में शनिवार को एसडीपीओ सुशील कुमार के नेतृत्व में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें एसडीपीओ ने कहा कि समिति सदस्य व आम जन हर तरह का सूचना अपने थाना प्रभारी के साथ आदान प्रदान करे, सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाए। मुहर्रम जुलूस तय समय पर निकाले। वही समिति सदस्यों से समस्याओं का जानकारी ली। जिसपर कुलीपाड़ा, हबीबपुर ओर सब्जी मंडी रोड में विद्युत तार बीच सड़क में झूल रहा है, जिसे और ऊंचा उठाने, एलसी रोड, कुलीपाड़ा, स्टेशन चौक में पानी टंकी लगाने, गोपालपुल चौक बाजार सहित जुलूस मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने ओर शराब दुकान दो दिन बंद रखने का मांग किया। वही सदर इंस्पेक्टर सह नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने कहा कि सीसीटीवी ओर ड्रोन से जुलूस ओर जुलूस मार्गो पर नजर रखी जाएगी। सभी लाइसेंसी तय समय ओर तय रूट में जुलूस लेकर जाए, जुलूस में बांस ओर पाइप पटकने वाले को समिति चिन्हित करके पुलिस के हवाले करे। सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाए। मिट्टी कट्टी व केला कट्टी करने जाने वाले जुलूस में बुजुर्ग रहे ओर तय मार्ग में जाए और इसकी सूचना थाना को दे। मुहर्रम में विभिन्न क्षेत्रों के 206 लोगो पर बीएनएस की धारा 126 के तहत करवाई हुई है। मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, एसआई गुलाम सरवर, वार्ड पार्षद शेखर पासवान गुड्डू सहित शांति समिति एवं मोहर्रम कमेटी के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

# सिदो कान्हु हुल फाउंडेशन व आतो मांझी बैसी के बैनर तले भोगनाडीह में धूमधाम से मनाया जाएगा हुल दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**साहिबगंज :** सिदो कान्हु हुल फाउंडेशन व आतो मांझी बैसी के बैनर तले 30 जून को भोगनाडीह में धूमधाम से हुल दिवस मनाया जाएगा उक्त बाते सिदो कान्हु के छठे वंशज सह सिदो कान्हु हुल फाउंडेशन अध्यक्ष मंडल मुर्मू ने कहा। शहर के एक होटल में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मंडल मुर्मू ने बताया कि एसडीओ सदर से मिलकर हुल दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर ज्ञापन सौंपे है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिदो कान्हु हुल फाउंडेशन व आतो मांझी बैसी के बैनर तले भोगनाडीह में 29 व 30 जून को फुटबॉल मैच ओर 30 जून हूल दिवस की सुबह 7 बजे सिदो कान्हु स्टेडियम ओर आवास में हुल क्रांति के महानायक वीर शहीद सिदो कान्हु चांद भैरव फूलों झानो का परम्परागत तरीके से पूजन पाठ, माल्यार्पण किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक हुल दिवस पर विचार गोष्ठी, सामाजिक सांस्कृतिक व पारंपरिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन से मांग करते है कि हमलोग को शांतिपूर्ण कार्यक्रम करने दिया जाए। मंडल मुर्मू ने कहा कि भोगनाडीह स्टेडियम वीर शहीद सिदो कान्हु मुर्मू की ऐतिहासिक व पावन कर्मभूमि है। हूल दिवस केवल एक कार्यक्रम आयोजन नहीं बल्कि भारत के प्रथम जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान एवं बलिदान की गौरवशाली विरासत का स्मरण दिवस है। भोगनाडीह वह ऐतिहासिक भूमि है जहां से वर्ष 1855 में हुल क्रांति का शंखनाद हुआ है। प्रत्येक वर्ष झारखंड सहित देश भर के कोने कोने से आदिवासी संताल समाज के श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता व आमजन हुल के महानायकों की जन्मभूमि भोगनाडीह पहुंचकर हुल क्रांति को याद करके हूल क्रांति के महानायकों को याद करते है, उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पूजन पाठ करके श्रद्धा सुमन अर्पित करके नमन करते हैं। भोगनाडीह राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हूल क्रांति का पहचान है। मौके पर ग्राम प्रधान सह आतो मांझी बैसी अध्यक्ष बबलू हांसदा, राजा हांसदा सहित अन्य थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हल्की बारिश में दलदल बनी एनएच-80 मदनशाही के लोग परेशान



**साहिबगंज** : जिले के सदर प्रखंड मदनशाही क्षेत्र में एनएच 80 सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। हल्की बारिश के बाद ही सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे वाहनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। शनिवार को एक सामान लदा ठेला सड़क में फंस गया, जिसे निकालने के लिए कई लोगों को मिलकर धक्का लगाना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क जर्जर हालत में है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। राहगीरों, स्कूली बच्चों और व्यापारियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क का स्थायी निर्माण नहीं होता, तब तक क्षेत्रवासियों को परेशानी से राहत नहीं मिलेगी।

### बंद विद्यालय बना नशेड़ियों का अड्डा, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग






**साहिबगंज**: जिले के राधानगर थाना क्षेत्र की पूर्वी उधवा पंचायत में पंचायत सचिवालय के समीप स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय बाबू टोला का बंद पड़ा भवन इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन-रात असामाजिक तत्व विद्यालय भवन में जुटकर नशीले पदार्थों, विशेषकर ब्राउन शुगर, का सेवन कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व की राज्य सरकार के कार्यकाल में विद्यालय का दूसरे स्कूल में विलय कर दिया गया था। इसके बाद से भवन खाली पड़ा है। वर्तमान में विधानसभा और पंचायत चुनाव के दौरान इस भवन का उपयोग मतदान केंद्र के रूप में किया जाता है, जबकि सामान्य दिनों में यह असामाजिक तत्वों के कब्जे में रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिवालय के समीप होने के बावजूद नशेड़ी बेखौफ होकर भवन का उपयोग कर रहे हैं। इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है तथा क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर भवन को नशेड़ियों से मुक्त कराने की मांग की है। इस संबंध में राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला दर्ज पिता की शिकायत पर जांच में पुलिस जुटी

**साहिबगंज**: राजमहल थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता के आवेदन पर राजमहल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस नाबालिग की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है। प्राथमिकी के अनुसार 18 जून की शाम करीब चार बजे नाबालिग घर से बाहर निकली थी लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि राजमहल थाना क्षेत्र निवासी विकास कुमार साहा एवं उसके सहयोगी सोनू कुमार साहा नाबालिग को अपने साथ कहीं ले गए हैं। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि जब वे आरोपितों के घर बेटी की तलाश में पहुंचे तो वहां मौजूद कानू देवी, संजय साहा, आकाश साहा, लेलून देवी सहित अन्य लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना के संबंध में राजमहल थाना कांड संख्या 197/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है तथा नाबालिग की सकुशल बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बरहरवा में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का हुआ भव्य आयोजन



**साहिबगंज**: जिले के बरहरवा प्रखंड कार्यालय बरहरवा परिसर में शनिवार को एक दिवसीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला का भव्य आयोजन किया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन मनरेगा एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देना, आम उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास, अंचल अधिकारी अनोज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफ्फूर, कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बीपीएम तथा बीपीओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान आम की विभिन्न उत्कृष्ट किस्मों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने सुसज्जित टोकरियों में अलग-अलग प्रजातियों के आमों का प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। महोत्सव में आम उत्पादन, बागवानी और फलोद्यान आधारित आजीविका से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना साबित हो रही है। इसके माध्यम से किसानों को बागवानी के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। अतिथियों ने किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बागवानी गतिविधियों का विस्तार करने का आह्वान करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और बेहतर विपणन व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

**एक नजर**

### चेक बाउंस मामले में महिला को एक वर्ष की सजा

**तेनुघाट** : तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला ने चेक बाउंस के एक मामले में दोषी पाई गई सिंधु देवी को एक वर्ष की साधारण कारावास तथा 7.80 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। मामले के अनुसार, कारीपानी निवासी राजीव सिंह ने न्यायालय में परिवाद दायर कर बताया था कि सिंधु देवी ने आवश्यक कार्य के लिए उनसे 6.50 लाख रुपये दोस्ताना कर्ज लिया था। इसके बदले अभियुक्त ने एक इकरारनामा और दो चेक दिए थे तथा एक वर्ष के भीतर राशि लौटाने का वादा किया था। निर्धारित समय बीतने पर जब परिवादी ने पैसे मांगे, तो दिए गए चेक बैंक में प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे बाउंस हो गए। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सिंधु देवी को दोषी करार दिया। फैसले के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील की अनुमति मिलने के बाद अभियुक्त को जमानत पर रिहा कर दिया गया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता पंकज कुमार झा ने पैरवी की।

### वज्रपात से बाबा अद्भुतनाथ मंदिर को क्षति

**बोकारो** : बोकारो के बाबा अद्भुतनाथ मंदिर, सेक्टर-9 बड़ा खटाल पर वज्रपात होने से मंदिर को क्षति पहुँची है। वज्रपात के कारण मंदिर का कलश टूटकर बिखर गया तथा मंदिर के गुम्बज में भी दरारें आ गई हैं। यह घटना श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। मंदिर के पुजारी ने बताया कीईश्वर की कृपा घटना से किसी भी तरह के जान माल की हानि नहीं हुई। से किसी प्रकार की जनहानि की नहीं है। स्थानीय प्रशासन से अनुरोध है कि मंदिर की क्षति का शीघ्र आकलन कर आवश्यक मरम्मत एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। हर हर महादेव! भगवान बाबा अद्भुतनाथ की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे तथा मंदिर का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार शीघ्र संपन्न हो।

### मुहर्रम को लेकर चौपारण में शांति समिति की हुई बैठक

**चौपारण** : आगामी मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी को लेकर शनिवार को चौपारण थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पूर्णिमा देवी ने की। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार, अंचल निरीक्षक (सीआई) शशिकांत कुमार, थाना प्रभारी पंकज कुमार सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि मुहर्रम त्याग, अनुशासन और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला त्यौहार है। चौपारण क्षेत्र हमेशा से आपसी प्रेम, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जाना जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। सभी अखाड़ाधारी अपने-अपने अखाड़े के लिए वॉलेंटियर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# बोकारो में आजसू पार्टी का मशाल जुलूस, विस्थापितों के अधिकार और भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : आजसू पार्टी की बोकारो जिला कमेटी के तत्वावधान में पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो, अजय सिंह एवं जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो के नेतृत्व में बिरसा चौक से सेक्टर-4 स्थित महात्मा गांधी चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस के माध्यम से बोकारो के विस्थापितों के साथ हो रहे कथित अन्याय, जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए और विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो ने कहा कि बोकारो के विस्थापित वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी जनता के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी। जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो ने कहा कि राज्य में बढ़ता भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास योजनाओं में अनियमितता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी शोषणमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त और जनहितकारी झारखंड के निर्माण के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी आंदोलनों को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। मौके पर नेताओं ने कहा कि जब तक विस्थापितों को न्याय, युवाओं को रोजगार और आम जनता को उनके अधिकार नहीं मिल जाते, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मशाल जुलूस महात्मा गांधी चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया, जहां नेताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## एकता बनाये रखें जरूरत पड़ने पर होगा आन्दोलन : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : कोक ओवेन एन्ड कोक केमिकल बिभाग मे ठेकाकमीर्यों की महती बैठक बिभागीय नेता सी के एस मुण्डा के अध्यक्षता एवं संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार के संचालन मे हुआ। कार्यरत मजदूरों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी को अपनी बेदना बताते हुए कहा कि मेडिकल जांच एवं री मेडिकल मे महिनों हो रहे बिलम्व,खून पसीने से उत्पादन लक्ष्य पूरा करने के बदले मात्र 526/= रुपए का उपहार कूपन दिये जाने से नाराजगी, 40% मजदूरों का छंटनी का आदेश अभी तक वापस नही लिये जाने, मनीकट का बिरोध करने पर कोक ओवेन छोड़कर अन्य बिभाग मे गेट पास रोक कर रख लिया जाता है। लेकिन अधिकारी मूक दर्शक बना रहता है इत्यादि समस्याओ से अबगत कराया ।सभी के सुनने के उपरान्त ,महामंत्री बि के चौधरी ने सभी समस्याओं का समाधान करबाने का आश्वासन देते हुए कहा कि बर्तमान मे उच्च स्तरीय प्रबंधन प्रधान मंत्री मोदी जी की तरह अपने मन का बात करती है मजदूरों का नही सूनती। प्रबंधन का तूलना कुम्भकर्ण से आजकल किया जाने लगा है जिसे जगाने के लिए ढ़ोल नगाडे रूपी आन्दोलन से जगाने की जरूरत है। उसपर मोदी जी जिस तरह किसी मंत्री का नही सुनते उसी तरह अपने स्वरूप इस्पात सचिव को लगा दिया है। जो सेल के बड़े से बड़े अधिकारीयों का नही सूनते जो आने बाले समय मे सेल के लिए खतरनाक होने बाला है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार, उपाध्यक्ष सी के एस मुण्डा,रौशन कुमार, आर भी सिंह, तुलसी साह, बिनोद कुमार, ए के मंडल, मोहन मरांडी, तपेश्वर महतो, उत्तर, जीतेन्द्र राय, सचिन, तरणी राय इत्यादि उपस्थित थे।

## नवनिर्मित वन विश्रामागार का मंत्री ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद ने पेटरवार स्थित नवनिर्मित वन विश्रामागार का शुक्रवार को विधिवत फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शुभ उद्घाटन किया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं नन्हा पौधा भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह नवनिर्मित वन विश्रामागार क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके निर्माण से क्षेत्र में आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पर्यटकों एवं आम नागरिकों को बेहतर आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे प्रशासनिक कार्यों के संचालन में भी सुविधा होगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य, वन संपदा एवं पर्यटन की अपार संभावनाओं से समृद्ध राज्य है। ऐसे में आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ विकास पर्यटन को प्रोत्साहित करने, स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित करने तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह वन विश्रामागार क्षेत्र में आने वाले आगंतुकों के लिए एक उपयोगी एवं सुविधाजनक केंद्र के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को वन विश्रामागार के समुचित रख-रखाव, स्वच्छता, सुरक्षा एवं बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा ऐसी जनोपयोगी परिसंपत्तियों का संरक्षण एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो वन प्रमंडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## हजारीबाग में तृतीय सुनील सिन्हा मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप शुरू, विधायक ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय तृतीय सुनील सिन्हा मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ शनिवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने निशाना लगाकर किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन, बेहतर सुविधाओं का आश्वासन उद्घाटन के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के शूटरों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस बेहतर संसाधनों की जरूरत है। विधायक ने घोषणा की कि शूटिंग खेल के विकास और खिलाड़ियों को सुविधाएं देने के लिए विधायक मद से राशि उपलब्ध कराई जाएगी। 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज के लिए जमीन मुहैया कराने को लेकर वे उपायुक्त से बात करेंगे। साथ ही राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी से भी आधुनिक शूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सहयोग का आग्रह करेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि 2 दशक पहले ए.के. सिंह ने हजारीबाग में शूटिंग की नींव रखी थी। उस अभियान में स्वर्गीय सुनील सिन्हा भी शामिल थे। उन्हीं की याद में यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। महासचिव नीलेन्दु जयपुरियार ने कहा कि अभी खिलाड़ियों को 25/50 मीटर अभ्यास के लिए रांची-धनबाद जाना पड़ता है। विधायक की घोषणा से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सभी ने सुनील सिन्हा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सुनील सिन्हा की पत्नी संगीता सिन्हा व परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। रांची से आए जूरी रंजन कुमार व कोच राहुल कुमार यादव के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता शुरू हुई। कोच रिद्धि गुप्ता व शूटर रोहित सिंह संचालन में सहयोग कर रहे हैं यह चार दिवसीय चैंपियनशिप 23 जून को सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगी।

## सीटू की टीम ने बीपीएससीएल की दुर्घटना स्थल का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : इस्पात मजदूर मोर्चा, सीटू की फैक्ट फाइंडिंग टीम बीपीएससीएल की दुर्घटना स्थल का औचक निरीक्षण किया। जहां पिछले दिनों शिव शंकर हेंब्रम नामक एक ठेका मजदूर की कार्यस्थल पर दुर्घटना से मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई थी। उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए युनियन के महामंत्री आर के गोरांई ने कहा कि स्टील व पावर प्लांट हेजार्ड प्लांट की श्रेणी में आते हैं। यहां कार्यस्थल पर मजदूर को जहां पीपीई से लैस होकर ही काम करने की जरूरत है। वहीं कार्यस्थल को सेफ कंडीशन में बनाये रखना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्घटनाग्रस्त स्थल खुले जगह पर पाया गया। जहां बिजली का कनेक्शन और वेल्डिंग मशीन का कनेक्शन को और दुरुस्त करने की जरूरत है। पाइप लाइन में जमीन से नीचे गड्ढा खोदकर काम करने पर शीपेज होने का खतरा बना रहता है। इसीलिए युनियन प्रबंधन से मांग करती है कि एसओपी को सुनिश्चित किया जाए। ट्रेंड और अनुभवी मजदूरों के साथ ही मोनीटरिंग सुनिश्चित किया जाए। दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच कर एकाउंटीबिलिटी सुनिश्चित कर दोषी अधिकारी को दंडित किया जाए।

# मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में फादर्स डे कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में शनिवार को फादर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बिभोर कुमार शर्मा, पूर्व एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल & हेल्थ सर्विसेज, बोकारो जनरल अस्पताल तथा वर्तमान में चीफ मेडिकल ऑफिसर, मेडीकेंट हॉस्पिटल & रिसर्च सेंटर, बोकारो एवं अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, अतिथि एवं विद्यालय के अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पिता के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने पिता के प्रति अटूट प्रेम और सम्मान प्रदर्शित किया। नृत्य, गीत, कविता एवं नाटिका की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. बिभोर कुमार शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिता केवल कमाने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के पहले गुरु और मित्र होते हैं। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण गुर भी बताए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का समय निश्चित करें, टीवी-मोबाइल की आदत कम करें और बच्चों की पढ़ाई में रुचि लें। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित खेलकूद, पर्याप्त नींद और जंक फूड से दूरी बनाकर ही बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे घर में बच्चों के लिए सकारात्मक शैक्षणिक माहौल का वातावरण बनाएं। घर का सहयोग ही स्कूल की सफलता की नींव है। पिता के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिता परिवार की रीढ़ होते हैं। वे अपने सपनों का त्याग करके बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं। पिता का अनुशासन, मार्गदर्शन और त्याग ही बच्चे को एक अच्छा इंसान बनाता है। बच्चों को चाहिए कि वे पिता के परिश्रम को समझें और उनका सम्मान करें। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया की वे अपने बच्चों की तुलना दुसरे बच्चों से न करे। सभी बच्चों में अपने कुछ खास गुण होते है उन्हें समझने और परखने की आवश्कता है।

**संक्षिप्त खबरें**

### काव्य गोष्ठी में कवियों एवं कवयित्रियों ने बांधा समां



**बोकारो** : इस्पात पुस्तकालय सेक्टर 5 में बोकारो इस्पात संयंत्र एवं अखिल भारतीय चेतना दर्पण के संयुक्त तत्वाधान में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी में कवियों एवं कवयित्रियों ने रचनाओं से समां बांधा। साहित्यकारों एवं कवियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कवि अपने युग का प्रतिनिधि होता है और उसकी रचनाओं में उस युग की छाप दिखाई पड़ती है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार कनक लता राय ने कहा कि साहित्य रचना से मस्तिष्क को ऊर्जा प्राप्त होती है। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने सभी कवियों एवं कवयित्रियों की रचनाओं की विस्तार से समीक्षा की। कवि गोष्ठी कस्तूरी सिन्हा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर कस्तूरी सिन्हा ने आंख के बंद कपाट मत खोलो, लव कुमार ने कोयले से उजाला, रेणुका सिन्हा ने महंगाई, शीला तिवारी ने नव गीत में किसलय बन, रिंकू गिरि ने प्रकृति का सवाल, पंकज प्रेमी ने मान जा तुम मेरे भाई, कनकलता राय ने नहीं चाहिए मुक्ति-मोक्ष, पद्मावती कोमल ने गर्मी में लाइट का कटना, अंकित कुमार उपाध्याय ने बचपन की कुछ बातें, आरपी वर्मा ने आप से अपना कोई रिश्ता पुराना है, डॉ रंजना श्रीवास्तव ने एक पौधा एक उम्मीद, क्रांति श्रीवास्तव ने आंखें बहुत कुछ बोलती हैं, अनिल श्रीवास्तव ने उसकी मां, ज्योति वर्मा ने मैं कौन हूँ, गीता गुस्ताख ने ये नालायक लोग, डॉ नरेंद्र कुमार राय ने भारत का इतिहास भरा है नारी गौरव गान से, शैलजा झा ने पृथ्वी का दंडपाल, संजू कुमारी गिरि ने पर्यावरण हमारा कवच और राखी बरनवाल ने समय की समझ कविता पढ़कर गोष्ठी में काव्यमय माहौल बना दिया।

### पेलावल ओपी में लगा थाना दिवस, जमीन विवादों के निपटारे को लेकर पहुंचे फरियादी



**हजारीबाग** : कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत पेलावल ओपी परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस का उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व मामलों का त्वरित, पारदर्शी एवं स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना था। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी जमीन से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा तथा निष्पक्ष सुनवाई की मांग की। थाना दिवस के दौरान करीब 10 से 12 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अधिकांश आवेदन भूमि सीमांकन, दाखिल-खारिज, रैयती भूमि विवाद, कब्जा संबंधी शिकायतों, आपसी बंटवारे एवं राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों से संबंधित थे। अधिकारियों ने सभी आवेदनों की बारीकी से जांच करते हुए संबंधित पक्षों की बातें सुनीं। प्राप्त आवेदनों में से दो मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक जांच, अभिलेख सत्यापन एवं दोनों पक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। थाना दिवस में कटकमसांडी के अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अंचल निरीक्षक (सीआई), पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि भूमि संबंधी विवादों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी तथा सभी मामलों का निष्पक्ष एवं विधिसम्मत तरीके से निपटारा किया जाएगा।

### एससी/एसटी थाने में दर्ज केस पर जिम संचालक का पलटवार, आरोपों को बताया साजिश

**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर-1 में रहने वाली एक महिला द्वारा जिम संचालक पर छेड़खानी और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाए जाने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है।
एससी/एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जिम संचालक अमित कुमार ने प्रेस वार्ता कर आरोपों को बेबुनियाद बताया है। अमित कुमार का कहना है कि शिकायतकर्ता महिला उनकी चचेरी सास हैं और परिवार में लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि महिला पहले भी परिवार के अन्य पुरुष सदस्यों पर इसी तरह के आरोप लगा चुकी हैं। अमित के अनुसार, घटना वाले दिन महिला खुद जिम पहुंची थीं और वहां जिम संचालन को लेकर विवाद एवं हंगामा किया था। प्रेस वार्ता में अमित ने यह भी कहा कि उनके चाचा ससुर ने वर्ष 2019 में ही महिला से तलाक के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप है कि पारिवारिक और संपत्ति विवाद के चलते परिवार को परेशान करने की नीयत से यह मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, प्रेस वार्ता में मौजूद अमित के चाचा ससुर वी. रवि ने भी अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए। रवि ने कहा कि वर्ष 2018 में दोनों की शादी हुई थी, लेकिन कुछ समय बाद रिश्तों में तनाव बढ़ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें भोजन में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया जाता था, जिससे उनकी तबीयत लगातार खराब रहती थी। हालांकि, महिला द्वारा लगाए गए छेड़खानी और जातिसूचक टिप्पणी के आरोपों की जांच पुलिस कर रही है। मामले में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में पुलिस जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

### विश्व योग दिवस की तैयारी को लेकर आर्ट ऑफ लिविंग में योग, ध्यान और भजन कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो** : आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो इकाई द्वारा सेक्टर-4 स्थित योगा सेंटर में महिलाओं के लिए विशेष योग, ध्यान एवं भजन-सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट की डीआई मिशेज शुभम रंजन वशिष्ठ तथा विशिष्ट अतिथि ईडी मिशेज देवजानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। आर्ट ऑफ लिविंग की महिला अनुयायियों ने अतिथियों का स्वागत किया। बेंगलुरु आश्रम से आए योग शिक्षक योगीराज ने उपस्थित महिलाओं को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर शुभम रंजन वशिष्ठ ने कहा कि योग, ध्यान और प्राणायाम स्वस्थ शरीर तथा दीघार्यु जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि योग से जीवन सुखमय और निरोग बनता है तथा बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास में भी मदद मिलती है। मिशेज देवजानी ने कहा कि योग और ध्यान से आत्मविश्वास बढ़ता है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। संस्था के प्रवक्ता संजय सोनी ने बताया कि 21 जून को विश्व योग दिवस के सफल आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान इंदु अग्रवाल और प्रीति जी के भजनों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। कार्यक्रम में सिमी मोहंती, विनोद कुमार गुप्ता समेत बड़ी संख्या में महिला समिति और आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## 'विकाश दुबे' जैसा कांड करने की धमकी देने वाला सर्वेश चौधरी घर छोड़ कर भागा, पीछे पड़ी है वैशाली पुलिस

**पटना (एजेंसी)** वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है. वीडियो में एक आरोपी पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए 'विकास दुबे जैसा कांड' करने की धमकी देता नजर आ रहा है. (विनय पटेल) वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है. वीडियो में एक आरोपी पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए ह्यविकास दुबे जैसा कांडह्ण करने की धमकी देता नजर आ रहा है. मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी और पुलिस को चुनौती देने वाले इस वीडियो के वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई है. फेसबुक वीडियो से मचा हड़कंप मामला बेलसर थाना क्षेत्र के माधोपुर राम गांव का है. यहां के निवासी सर्वेश चौधरी ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने पुलिस प्रशासन के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहीं और कार्रवाई होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी. ह्यविकास दुबे जैसा कांडह्ण करने की दी धमकी वायरल वीडियो में आरोपी यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि यदि पुलिस बिना सूचना उसके घर पहुंचती है तो वह ह्यविकास दुबे जैसा कांडह्ण करेगा. उसने खुद को ह्यशेरह्ण बताते हुए पुलिस को काउंटर करने की भी धमकी दी. वीडियो में शराबबंदी कानून को लेकर भी टिप्पणी की गई है. एसपी के निर्देश पर शुरू हुई ताबड़तोड़ छापेमारी वैशाली एसपी विक्रम सिहाग के निर्देश पर बेलसर थाना पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी. हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया. पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है आपराधिक इतिहास पुलिस सूत्रों के अनुसार सर्वेश चौधरी का आपराधिक इतिहास पुराना रहा है. उसके खिलाफ बेलसर थाना में कई मामले दर्ज हैं. बताया जाता है कि वर्ष 2005 में भी पुलिस छापेमारी के दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी, जिसके बाद उसे हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. छापेमारी के बाद पोस्ट किया गया वीडियो जानकारी के मुताबिक पुलिस शुक्रवार रात न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची थी. गिरफ्तारी नहीं होने के बाद अगले दिन आरोपी ने फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो गया. मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन के खिलाफ कथित अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने तथा खुलेआम धमकी देने के मामले में बेलसर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है. क्या बोले प्रभारी थानाध्यक्ष प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## 'स्कूल से बाहर रहने पर कटेगी हाजिरी', मिथिलेश तिवारी ने दी चेतावनी- बिहार में शिक्षकों पर होगी अक्की नजर

**पटना (एजेंसी)** बिहार में शिक्षकों पर अब और भी कड़ी नजर रखी जाएगी. मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा, शिक्षकों की उपस्थिति और उनकी गतिविधियों पर एआई की नजर रहेगी. इसके साथ ही स्कूल के समय परिसर से बाहर रहने पर अटेंडेंस प्रभावित हो सकता है. बिहार के सरकारी स्कूलों में जल्द ही शिक्षकों की निगरानी का तरीका पूरी तरह बदल सकता है. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि अब शिक्षकों की उपस्थिति और गतिविधियों पर अक के जरिए नजर रखी जाएगी. उन्होंने कहा कि स्कूल अवधि के दौरान बिना अनुमति स्कूल परिसर से बाहर जाना शिक्षकों को महंगा पड़ सकता है. शिक्षा मंत्री ने उदाहरण देकर समझाया एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर कोई शिक्षक स्कूल समय में स्कूल परिसर से बाहर जाता है तो उसकी उपस्थिति प्रभावित हो सकती है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई शिक्षक टॉयलेट जाने के लिए भी स्कूल की चहारदीवारी से बाहर जाता है तो उसकी आधे दिन की उपस्थिति प्रभावित हो सकती है. अगर कोई शिक्षक एक घंटे से अधिक समय तक स्कूल से बाहर रहता है तो उसे पूरे दिन की अनुपस्थिति माना जा सकता है. शिक्षकों से की गई अपील मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने की अपील की. उन्होंने कहा कि बिहार के बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है और सरकारी स्कूलों की पूरी व्यवस्था उनके समर्पण पर निर्भर करती है. मंत्री ने कहा, आप छात्रों को गढ़ने का काम करते हैं. आने वाले बिहार की नींव स्कूलों में रखी जाती है. इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दे रहा है. अक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए शिक्षकों की उपस्थिति, समय पालन और स्कूल में उनकी गतिविधियों की निगरानी की जाएगी. सरकार का मानना है कि इससे जवाबदेही बढ़ेगी और पढ़ाई का माहौल बेहतर होगा. शिक्षकों की शिकायतों को लेकर कही ये बात इस दौरान शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को राहत देने वाली घोषणा भी की. उन्होंने कहा कि एसीपी, वेतन विसंगति, प्रोन्नति और अन्य लंबित मामलों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा. विभाग ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है. इसके तहत 20 दिनों के भीतर शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में मामलों का समाधान नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी.

## वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट के रनवे 800 मीटर बढ़ाने की तैयारी, अथॉरिटी ने किया निरीक्षण

**पटना (एजेंसी)** वाल्मीकिनगर हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है. रनवे को 800 मीटर तक बढ़ाने, नए टर्मिनल भवन के निर्माण और संपर्क मार्ग विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है. परियोजना पूरी होने के बाद पर्यटन और व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी. जानिए खबर विस्तार से... बगहा से चंद्रप्रकाश आर्य की रिपोर्ट बगहा अनुमंडल के बगहा-दो प्रखंड स्थित वाल्मीकिनगर हवाई अड्डे के विकास और विस्तार की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया तेज कर दी गई है. रनवे विस्तार, नए टर्मिनल भवन और संपर्क मार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा है. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (अअक) की टीम ने हाल ही में स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ प्रस्तावित परियोजना की समीक्षा की. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बगहा-दो के अंचलाधिकारी मो. वसीम अकरम के साथ प्रस्तावित रनवे, टर्मिनल भवन और पहुंच पथ का निरीक्षण किया. नक्शे के आधार पर निर्माण कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. शनिवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राकेश कुमार एवं सीओ मो. वसीम अकरम के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों और अमीनों की टीम ने चिन्हित भूमि का सीमांकन भी किया. भविष्य में बड़े विमानों की भी होगी सुविधा प्रशासन के अनुसार वर्तमान रनवे को लगभग 800 मीटर तक विस्तारित करने की योजना है. शुरूआती चरण में छोटे विमानों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी, जबकि भविष्य में बड़े विमानों के परिचालन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. पर्यटन और व्यापार को मिलेगा नया बढ़ावा स्थानीय लोगों का मानना है कि एयरपोर्ट के विकसित होने से वाल्मीकिनगर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन, व्यापार और आवागमन को नई गति मिलेगी. विशेष रूप से वाल्मीकि टाइगर रिजर्व आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों के लिए हवाई संपर्क की सुविधा क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. जनप्रतिनिधि भी रहे

# मोहर्रम से पहले बिहार में हाई अलर्ट, CM सम्राट चौधरी ने बुलाई बड़ी बैठक, RAF तैनाती का आदेश

**पटना (एजेंसी)** मोहर्रम को लेकर बिहार सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में है. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल और फ्अत्रक की तैनाती की जाएगी, जबकि शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. बिहार में मोहर्रम के दौरान शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की. बैठक में राज्य पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, डीजीपी, मुख्य सचिव और गृह विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान सभी जिलाधिकारियों



और पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जोड़ा गया. मुख्यमंत्री ने जिलेवार तैयारियों की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मोहर्रम के दौरान राज्य में कानून-व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए, किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए. उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या माहौल खराब करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए. ऐसे तत्वों पर प्रशासन की विशेष नजर रहे. संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई जाएगी निगरानी बैठक में राज्य के संवेदनशील जिलों और क्षेत्रों की भी समीक्षा की गई. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जहां भी अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत है, वहां सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाए. पुलिस अधिकारियों को लगातार गश्त बढ़ाने, भीड़भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखने और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तेज करने के निर्देश दिए गए. कई जिलों में फ्अत्रक की होगी तैनाती त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए कई जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स (फ्अत्रक) की तैनाती का फैसला लिया गया है. इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बलों को भी संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा. प्रशासन का उद्देश्य है कि मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो. अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तरह अलर्ट मोड में रहें. किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाए और स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाए रखा जाए. उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान सामाजिक सौहार्द और भाईचारे से है. इसे किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा. सरकार त्योहार के दौरान हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है.

## 21 जून को पटना में निकलने से पहले पढ़ लें यह खबर, ढएएळ परीक्षा के कारण कई रूट डायवर्ट, फंस सकते हैं

**पटना (एजेंसी)** परीक्षा को लेकर पटना में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है. बापू परीक्षा परिसर (कुम्हरार) और आसपास के इलाकों में कई मार्गों पर डायवर्जन रहेगा. पटना पुलिस ने परीक्षार्थियों से समय से पहले घर से निकलने और बदले हुए रूट प्लान का पालन करने की अपील की है. परीक्षा को लेकर यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए गए हैं. बापू परीक्षा परिसर (कुम्हरार) और उसके आसपास के इलाकों में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा. पटना पुलिस ने परीक्षार्थियों की सुविधा और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था की है. ऑटो और ई-रिक्शा के लिए बदला रूट धनकी मोड़ से पटना शहर की ओर आने वाले सभी ऑटो और ई-रिक्शा अब जीरो माइल, न्यू बाईपास और भूतनाथ रोड होते हुए ओल्ड बाईपास की ओर जाएंगे. इस मार्ग परिवर्तन का उद्देश्य परीक्षा केंद्र के आसपास भीड़ कम करना है. भारी वाहनों के लिए अलग व्यवस्था धनकी मोड़ की ओर से आने वाले बस, पिकअप और अन्य मालवाहक वाहन न्यू बाईपास-मीठापुर मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे. वहीं, करबिगहिया की ओर से आने वाले भारी वाहन भी मीठापुर न्यू बाईपास का इस्तेमाल करेंगे. बहादुरपुर आरओबी की ओर नहीं जा सकेंगे बड़े वाहन मोइनुल हक स्टेडियम क्षेत्र से आने वाली बसों और मालवाहक वाहनों को बहादुरपुर आरओबी की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी. इन वाहनों को वैशाली गोलंबर, राजेंद्र नगर पुल और 90 फीट रोड के रास्ते अपने गंतव्य तक भेजा जाएगा. समय से निकलने की अपील पटना पुलिस ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे बदले हुए ट्रैफिक रूट को ध्यान में रखते हुए समय से पहले घर से निकलें. साथ ही आम नागरिकों और वाहन चालकों से भी सहयोग की अपील की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

## 'भगत सिंह जैसे थे भरत तिवारी', पप्पू यादव, संजय झा समेत इन नेताओं ने एनकाउंटर पर उठाए सवाल

**पटना (एजेंसी)** भोजपुर के भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर बिहार की राजनीति तेज हो गई है. पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भरत तिवारी की तुलना शहीद भगत सिंह से की है. जदयू नेता संजय झा, जेएमएम और अश्विनी चौबे ने भी पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. भोजपुर जिले के भरत तिवारी एनकाउंटर मामले ने अब एक नया और बड़ा मोड़ ले लिया है. इस घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिसके बाद पुलिस की इस कार्रवाई की सच्चाई और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. जदयू सांसद संजय झा ने कहा है कि जो वीडियो सामने आया है, वह पुलिसिया कार्रवाई पर संदेह पैदा करता है. संजय झा ने कहा कि हालांकि राज्य सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए चार पुलिसवालों को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन सिर्फ इतना ही काफी नहीं है. संजय झा ने मांग की है कि बड़े पुलिस अफसरों की देखरेख में इस पूरे मामले की समय पर और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए.



उन्होंने कहा कि सरकार का नियम कि ह्यकोई अपराधी नहीं बचेगाह्ण, कानून का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी बराबर लागू होना चाहिए. पप्पू यादव ने की शहीद भगत सिंह से तुलना पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने इस एनकाउंटर को लेकर बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने मृत युवक भरत तिवारी की तुलना शहीद-ए-आजम भगत सिंह से कर दी. पप्पू यादव ने कहा कि आज के दौर में जो कोई भी खराब व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश करता है, उसे इसी तरह दबा दिया जाता है. ऐसी घटनाएं हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत ही खतरनाक और बुरा संकेत हैं. अश्विनी चौबे के बाद पुलिस बैकफुट पर इससे पहले बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने भी इस एनकाउंटर पर अपनी ही सरकार की पुलिस को कटघरे में खड़ा किया था. उन्होंने सीधे तौर पर सवाल पूछा था कि जब भरत तिवारी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था, तो फिर उसे गोली मारने की क्या जरूरत थी. अब वीडियो सामने आने और चौतरफा दबाव के बाद सरकार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दबाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है. झारखंड की राजनीति में भी गूंजा यह मामला यह मामला अब सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि पड़ोसी राज्य झारखंड की राजनीति में भी इसकी गूंज सुनाई देने लगी है. झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट लिखकर बिहार की एनडीए सरकार को घेरा है. जेएमएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और अराजकता के खिलाफ आवाज उठाने के कारण ही भरत तिवारी को भारी पुलिस बल ने चारों तरफ से घेर लिया, जिसके बाद उनकी जान चली गई. जेएमएम ने भी इस पूरे एनकाउंटर की हाई-लेवल और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है.

## राजस्थान से मिथिलांचल का सफर हुआ आसान, अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

**पटना (एजेंसी)** से दरभंगा वाया सीतामढ़ी नई अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ हो गया है. 22 जून से यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन नियमित चलेगी. इससे राजस्थान और मिथिलांचल के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा. जानिए खबर विस्तार से... सीतामढ़ी से राकेश कुमार राज की रिपोर्ट सीतामढ़ी समेत मिथिलांचल के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. खातीपुरा (जयपुर) से दरभंगा वाया सीतामढ़ी नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया है. उद्घाटन स्पेशल ट्रेन संख्या 09711 का संचालन 21 जून को किया जाएगा, जबकि 22 जून से यह ट्रेन नियमित रूप से सप्ताह में छ दिन चलेगी. 22 जून से नियमित परिचालन केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ एवं कैट के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुंदरका ने बताया कि ट्रेन संख्या 19725 खातीपुरा (जयपुर) से 22 जून से प्रत्येक शुक्रवार को छोड़कर रात 10:30 बजे खुलेगी. वहीं ट्रेन संख्या 19726 दरभंगा से 23 जून से प्रत्येक रविवार को छोड़कर सुबह 4:30 बजे रवाना होगी. दोनों ट्रेनें



सप्ताह में छह दिन यात्रियों को सेवा देंगी. सीतामढ़ी समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर होगा ठहराव सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन नई ट्रेन खातीपुरा, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, कमतौल होते हुए दरभंगा पहुंचेगी. लगभग 1171 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन करीब 26 घंटे 25 मिनट में पूरी करेगी. यात्रियों ने जताया आभार राजेश कुमार सुंदरका ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तथा डीआरएम समस्तीपुर के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि राजस्थान से नियमित रेल संपर्क की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है. नई ट्रेन के शुभारंभ पर नगर परिषद जनकपुर रोड के सभापति ब्रजेश जालान, रामप्रवेश प्रसाद, रामबाबू, जनार्दन भरतिया, अशोक सोनी, पंकज गोयनका, गणेश सिकारिया, शंकर अग्रवाल, संजय राजगढ़िया, रमेश जालान, अमर बाजोरिया सहित कई लोगों ने खुशी जताते हुए केंद्र सरकार और रेलवे का आभार व्यक्त किया.

## वाल्मीकिनगर एयरपोर्ट के रनवे 800 मीटर बढ़ाने की तैयारी, अथॉरिटी ने किया निरीक्षण

**पटना (एजेंसी)** वाल्मीकिनगर हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है. रनवे को 800 मीटर तक बढ़ाने, नए टर्मिनल भवन के निर्माण और संपर्क मार्ग विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है. परियोजना पूरी होने के बाद पर्यटन और व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी. जानिए खबर विस्तार से... बगहा से चंद्रप्रकाश आर्य की रिपोर्ट बगहा अनुमंडल के बगहा-दो प्रखंड स्थित वाल्मीकिनगर हवाई अड्डे के विकास और विस्तार की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया तेज कर दी गई है. रनवे विस्तार, नए टर्मिनल भवन और संपर्क मार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा है. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (अअक) की टीम ने हाल ही में स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ प्रस्तावित परियोजना की समीक्षा की. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बगहा-दो के अंचलाधिकारी मो. वसीम अकरम के साथ प्रस्तावित रनवे, टर्मिनल भवन और पहुंच पथ का निरीक्षण किया. नक्शे के आधार पर निर्माण कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. शनिवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राकेश कुमार एवं सीओ मो. वसीम अकरम के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों और अमीनों की टीम ने चिन्हित भूमि का सीमांकन भी किया. भविष्य में बड़े विमानों की भी होगी सुविधा प्रशासन के अनुसार वर्तमान रनवे को लगभग 800 मीटर तक विस्तारित करने की योजना है. शुरूआती चरण में छोटे विमानों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी, जबकि भविष्य में बड़े विमानों के परिचालन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. पर्यटन और व्यापार को मिलेगा नया बढ़ावा स्थानीय लोगों का मानना है कि एयरपोर्ट के विकसित होने से वाल्मीकिनगर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन, व्यापार और आवागमन को नई गति मिलेगी. विशेष रूप से वाल्मीकि टाइगर रिजर्व आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों के लिए हवाई संपर्क की सुविधा क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद निरीक्षण के दौरान लोकल एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष एवं स्थानीय सांसद सुनील कुमार के प्रतिनिधि जितेंद्र कुशवाहा, जदयू नेता राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, मो. निजामुद्दीन, औरंगजेब अंसारी समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. अधिकारियों ने बताया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही एयरपोर्ट विस्तार का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा. भूमि अधिग्रहण पूरा होते ही शुरू होगा निर्माण कार्य अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए प्रशासनिक एवं तकनीकी स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं जारी हैं. भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बाद रनवे विस्तार, टर्मिनल भवन निर्माण और अन्य आधारभूत सुविधाओं का कार्य शुरू होगा. इसके पूरा होने से वाल्मीकिनगर को क्षेत्रीय हवाई संपर्क के मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी.

# बिहार में जमीन ट्रांसफर के नियमों में बड़ा बदलाव, डीएम और कमिश्नर की पावर बढ़ी, देखें नया आदेश

**पटना (एजेंसी)** बिहार में सरकारी प्रोजेक्ट्स को रफ्तार देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने विभागों को मुफ्त जमीन ट्रांसफर करने के लिए डीएम और कमिश्नर के अधिकार बढ़ा दिए हैं. अब 10 एकड़ तक का ट्रांसफर सीधे डीएम और 20 एकड़ तक कमिश्नर कर सकेंगे.

बिहार में अब सरकारी योजनाओं के लिए जमीन का इंतजाम करना आसान और तेज हो जाएगा. बिहार सरकार ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को छोटा करने और विकास के कामों में तेजी लाने के लिए एक बड़ा



फैसला लिया है. नए नियमों के तहत अब अलग-अलग सरकारी विभागों को मुफ्त या परमानेंट तौर पर जमीन ट्रांसफर करने के लिए डीएम और कमिश्नर के अधिकारों का दायरा काफी बढ़ा दिया गया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इसका ऑफिशियल लेटर भी जारी कर दिया है. इस फैसले से अब छोटी फाइलों को बार-बार पटना भेजने की जरूरत नहीं होगी. पहले सिर्फ 3 एकड़ तक ही सीमित थी डीएम की पावर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह की तरफ से जारी पत्र के मुताबिक, पुरानी व्यवस्था में जिलाधिकारियों के पास सिर्फ 3 एकड़ तक की ही सरकारी या गैर मजरूआ आम जमीन ट्रांसफर करने का हक था. 3 एकड़ से ज्यादा और 5 एकड़ तक की जमीन का ट्रांसफर कमिश्नर के स्तर से होता था. हाल ही में जब विभाग ने समीक्षा की तो पाया कि इस पुराने नियम की वजह से छोटे-छोटे प्रोजेक्ट्स के लिए भी जमीन मिलने में महीनों का समय बर्बाद हो रहा था. इसी लेती-देती और देरी को खत्म करने के लिए सरकार ने अब सीधे 10 एकड़ तक की जमीन ट्रांसफर करने की पूरी पावर डीएम को दे दी है. 10 से 20 एकड़ तक की जमीन पर कमिश्नर लेंगे फैसला नए नियमों के अनुसार, अब 10 एकड़ से ज्यादा और 20 एकड़ तक की सरकारी जमीन को किसी विभाग को मुफ्त या स्थाई रूप से ट्रांसफर करने की मंजूरी कमिश्नर दे सकेंगे. हालांकि, अगर कोई बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है जिसके लिए 20 एकड़ से भी ज्यादा जमीन की जरूरत है, तो उसकी आखिरी मंजूरी सीधे कैबिनेट से लेनी होगी. हार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें लैंड रिकॉर्ड को लेकर सरकार का एक और फरमान

जमीन ट्रांसफर के अधिकारों को बढ़ाने के साथ-साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सिस्टम में पूरी पारदर्शिता लाने के लिए एक और बड़ा आदेश जारी किया है. विभाग ने साफ शब्दों में कहा है कि अब आम जनता के किसी काम के लिए या सरकारी स्तर पर होने वाले किसी भी काम के लिए लैंड रिकॉर्ड की केवल डिजिटल साइन्ड कॉपी ही स्वीकार की जाएगी. बिना डिजिटल साइन वाले पुराने या साधारण कागजात अब मान्य नहीं होंगे.



# पांच दशक पहले वैज्ञानिकों ने उगाया था ये जंगल

दुनिया में रहस्यों की कमी नहीं है इनमें भी कुछ तो ऐसे हैं जिनके बारे में आज तक कोई जान नहीं पाया. आज हम आपको बताने जा रहे हैं जापान के एक ऐसे जंगल के बारे में जहां जाने से हर कोई कतराता है. इस जंगल में कुछ ऐसा खास है जो इसे दुनिया के सभी जंगलों से अलग करता है. दरअसल, यह जंगल जापान के मियाजाकी प्रीफेक्चर में स्थित निचिनन सिटी के पास में हैं. इस जंगल की सबसे अजीब बात यह है कि इसे ऊंचाई से देखने पर ऐसा लगता है कि मानो यहां पर कोई युएफओ यानि एलियन उतरा हो. इस जंगल के पेड़ किसी घेरे में मौजूद हैं और चक्र जैसी आकृति का निर्माण करते हैं. अगर कोई फ्लाइट या हेलीकॉप्टर से जा रहा हो तो उसे इस जंगल की आकृति थोड़ा चौंका सकती है.



बता दें कि ये जंगली प्राकृतिक नहीं है बल्कि इसे वैज्ञानिकों के एक एक्सपेरिमेंट के तरह पैदा किया है. इस जंगल की खास बात ये हैं कि यह एक्सपेरिमेंट अभी हाल फिलहाल में नहीं किया गया बल्कि 50 साल पहले वैज्ञानिकों की एक टीम ने इस एक्सपेरिमेंट को अंजाम दिया था. जिसके बाद यहां पर घुमावदार आकृति में पेड़ उगने लगे. बता दें कि इस प्रोजेक्ट का नाम एक्सपेरिमेंटल फॉरेस्ट्री रखा गया था. इस एक्सपेरिमेंट का मकसद पेड़ों की दूरी के आधार पर उनके विकास को समझना था. जब ये एक्सपेरिमेंट शुरू किया गया तो वैज्ञानिकों ने 10 गोलाकार पंक्तियों में देवदार के पेड़ लगाए. जिसका नतीजा आज देखने को मिलता है.



# हरियाणा का राज्य पक्षी है काला तीतर

काला तीतर का सिर भूरे रंग की आईरिस आंखों के रंग और भूरे रंग के मुकुट के अनूठे पैटर्न के साथ घुमावदार है और गले का रंग काला है। इसकी लंबाई 33 से 36 सेमी और वजन लगभग 453 ग्राम (16 औंस) और काला तीतर का आकार 9 से 16 इंच है। इसे इसेनस नाम से भी जाना जाता है। यह हरियाणा का राज्य पक्षी है। काला तीतर सबसे मूल्यवान पक्षियों में से एक है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल के अनुसार तीतर की जनसंख्या स्थिर है। भारत में इस पक्ष को अभी भी एक सामान्य पक्षी माना जाता है। ईसीएन रेड लिस्ट के अनुसार यह संकटमुक्त श्रेणी में आने वाला एक मध्यम आकार का सुंदर पक्षी है, जिसकी सीमा से दक्षिण-पूर्वी से पूर्व को और ईरान से होते हुए दक्षिण-पश्चिम तुमेनिस्तान और उत्तर-पूर्व भारत और बांग्लादेश तक फैली हुई है। भारत में यह उत्तरी राज्यों में ज्यादा पाया जाता है। दूर से काला और सुनहरा दिखने वाला से नर तीतर गले मे लेकर नीचे तक पूरा काला होता है। गाल पर एक सफेद पैरा शाहल कॉलर और किनारों पर सफेद धब्बे होते हैं। वयस्क काले तीतर का

500 ग्राम के बीच होता है। तीवर भोजन में अनाज, पास के सीज फल, अंकुर, कंद, दीमक, और चीटियों को खाते हैं।

## 10 से 14 तक अंडे देती है

तीतर का प्रजनन मार्च महीने में शुरू होता है बनाने का सबसे स्थान खेत मास के मैदान के अलावा खेतों की फसलों वाली जगह पर होता है, जिसे उनको शिकारी जानवरों से खतरा कम रहे। यह माना जाता है कि मादा एक ही दिन में सभी अंडे देने के बजाय अलग-अलग दिनों में अंडे देती है। आम तौर पर अंटों की 10 से 14



# दुनिया का सबसे उंचा जलप्रपात है एंजिल जलप्रपात

**एंजिल जलप्रपात यह दुनिया का सबसे उंचा जलप्रपात हैं जोकि दक्षिण अमेरिका के वेनेजुएला में कोरोनी नदी पर स्थित हैं। इसकी ऊंचाई लगभग 979 मीटर और गहराई 807 मीटर हैं। एंजेल वाटर फाल्स ऑयनटेपुई नामक एक पर्वत पर स्थित हैं। इसकी ऊंचाई इतनी अधिक हैं कि इससे गिरने वाला पानी धुंध या धुंए के रूप में बदल जाता हैं और यह दृश्य पर्यटकों के मन को उतना ही अधिक भाता हैं। एन्जिल जलप्रपात वेनेजुएला के दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय उद्यान कैनाईमा नेशनल पार्क में स्थित है।**

यह जल प्रपात टेबल टॉप पर्वत औयंतपुई-टापू के शिखर के पास एक गुंबद से टकरा कर नीचे गिरता हैं और जिस जगह यह गिरता हैं उसे शैतान घाटी के नाम से जाना जाता हैं। इस जल-प्रपात को सैल्टो ऑन्गेल या स्वदेशी केरेपुपाई-मेरु के नाम से भी जाना जाता है। स्वदेशी नाम पेमोन नेटिव जिसका अर्थ होता हैं सबसे गहरी जगह से गिरना। इस प्रपात का नाम एक हवाई जहाज के पायलेट के नाम पर रखा गया हैं जिनका नाम जिमी एंजेल था। एन्जिल जलप्रपात यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल हैं।

एंजिल जल प्रपात को 20वीं शताब्दी के दौरान एंजिल जलप्रपात के नाम से जाना गया। इसका नाम अमेरिका के एक हवाई जहाज चालक के नाम पर रखा गया था जिनका नाम जिमी एंजेल था। जोकि एंजिल जलप्रपात के ऊपर से हवाई उडान भरने वाले प्रथम व्यक्ति थे। एंजिल जलप्रपात, स्पैनिश साल्टो ऑन्गेल, जिसे साल्टो चुरुन मेरू भी कहा जाता है, बोलिवर राज्य के गुआना हाइलैंड्स में झरना है, जो चुरू नदी पर वेनेजुएला के दक्षिण-पूर्व में, कैरोनी की सहायक नदी से 160 मील (260 किमी) सिउदाद बोलिवर के दक्षिण-पूर्व में स्थित है।एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। यह ऑयनटेपुई नामक पर्वत से 3,212 फीट (979 मीटर) से गिरता है। एंजिल जलप्रपात वेनेजुएला में स्थित है, जो दक्षिण अमेरिका का एक देश है।

## एन्जिल जलप्रपात में पर्यटकों के लिए आकर्षण

एंजिल जलप्रपात वेनेजुएला के विभिन आकर्षित पर्यटक स्थलों में से एक है। हालांकि एन्जिल जलप्रपात की यात्रा एक कठिन यात्रा होती हैं जिसमे पर्यटकों को कुछ सावधानी रखना बहुत जरूरी होता हैं। एंजिल जलप्रपात नामक यह स्थान एक अलग जंगल में स्थित हैं और स्यूदाद बोलिवर या पुएरा ऑर्डाज़ से कैनिमा शिविर तक पहुचने के लिए आपको एक यात्रा करनी पड़ेगी हैं।

## एन्जिल जलप्रपात में क्या क्या कर सकते हैं

यदि आप एंजिल जलप्रपात देखने जाते हैं और आप कैरो नदी की यात्रा करना चाहते हैं तो नदी की यात्रा विशेष रूप से जून से दिसंवर के महीनो में होती हैं। क्योंकि इस समय के दौरान नदियों में पर्याप्त पानी और गहराई होती जिससे नदी की यात्रा का आनंद दुगना हो जाता हैं। जबकि दिसंवर से मार्च के महीने में कम पानी देखा जाता हैं। आप पहाडियों पर चड़ने का अनुभव भी यह कर सकते हैं। इस स्थान पर एक शानदार पिकनिक भी मनाई जा सकती हैं। झरने के करीब जाकर ऊपर से छोटी-छोटी बूंदों के रूप में गिरने वाले पानी में अपने आप को भिगोने का अनुभव भी आप कर सकते हैं।

वेनेजुएला में स्थित एंजिल फाल्स विश्व के







चार खूबसूरत प्रसिद्ध झरनों में से एक हैं। यह झरना विश्व के सबसे अधिक उचाई से लगातार गिरने वाले झरने के रूप में प्रसिद्ध हैं। एंजेल फॉल्स अपनी ऊंचाई के लिए भी दुनिया भर में जाना जाता हैं, इस स्थान की ऊंचाई 3212 फीट ऊंचाई है। एंजिल फाल्स को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी शामिल किया जा चुका हैं। एंजिल जलप्रपात में इतनी ऊंचाई से गिरने वाला पानी आसपास के इलाकों में फुहारों की तरह उड़ता है। यहां का ऐसा द्रश्य पर्यटकों के दिलो को छू लेता हैं जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की तादाद बहुत जायदा हैं। एंजिल वाटर फाल्स ऑयनटेपुई पर्वत के पास से गुजरने वाली चुरुम नदी पर स्थित दुनिया का सबसे बड़ा जलप्रपात हैं। जोकि दक्षिण अमेरिका के ग्रान सबाना नामक जिले में स्थित हैं। वेनेजुएला का एंजिल झरना कैनेमा नेशनल पार्क के बीच में स्थित हैं जोकि गुयाना और ब्राजील की सीमा के लगभग करीब हैं। एंजिल जलप्रपात तक जाने के लिए कैनेमा नामक स्थान से 5 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। प्योर्टो ऑर्डाज़ से एक छोटे डगलस के माध्यम से कैनिमा तक पहुंच सकते हैं।

## एंजिल फाल्स कैसे देख सकते हैं

जब आप प्योर्टो ऑर्डाज़ से चलने वाले डगलस के माध्यम से कैनिमा तक का सफर तय करेंगे उस समय आप खिडकियों से यहां के टेपेउस के प्रसिद्ध टेबलटॉप पहाड़ों का खूबसूरत नजरा देख सकते हैं। इन पहाड़ों में सबसे ऊपर दुनिया के सबसे उंचे झरने को देखने का एक सुखद आनंद आप अपने दिल में संजो के ले जाना चाहेंगे। जब आप इस स्थान पर पहुंच जायंगे तो नजदीक से एंजिल जलप्रपात का लुत्फ उठा सकते हैं।

## एंजेल फाल्स को एंजेल फाल्स क्यों कहा जाता हैं

एंजेल फाल्स का नाम एंजेल फाल्स क्यों पड़ा? दरअसल बात उस समय की हैं जब एक अमेरिकी हवाई जहाज चालक जिनका नाम जिम एंजेल था और वह इस झरने के ऊपर से उडान भने वाले प्रथम व्यक्ति भी थे। उन्ही के नाम पर इस झरने का नाम रखा गया हैं। उन्होंने सबसे पहले इस झरने के बारे बताया था लेकिन किसी ने उनकी बात पर यकीन नही किया। उनकी ईक्षानुसार उनकी अस्तियों को इसी झरने के ऊपर से उड़ा दिया गया था। हालाकि वर्ष 2009 में वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज़ ने एंजेल फाल्स का नाम बदलने की बात कही थी, लेकिन बाद में उन्होंने ने अपनी बात को वापिस लेते हुए कहां की में इस **प्राचीन और प्रसिद्ध झरने के नाम में परिवर्तन नही कर सकता।**





# सोने की रहस्यमयी बीमारी से पीड़ित हैं कजाकिस्तान के कलाची गांव के लोग



किसी इंसान को जब नींद आती है तो वो सबकुछ छोड़कर सोने लगता है. उसके बाद इंसान तब तक सोता रहता है जब तक कि उसकी नींद पूरी ना हो जाए. कोई दो चार घंटे सोने के बाद ही जाग जाता है तो कोई सात या आठ घंटे की नींद लेता है. लेकिन कजाकिस्तान में एक ऐसा गांव है जहां के लोग चलते-फिरते सो जाते हैं. यही नहीं सोने के बाद वो कई दिनों तक नींद के आगोश में रहते हैं. दरअसल, कजाकिस्तान के कलाची नाम के इस गांव में

कर सकता. बता दें कि उत्तरी कजाकिस्तान में बसे इस गांव के लोग रहस्यमयी तरीके से सोने की बीमारी से पीड़ित हैं. जब ये लोग एक बार सो जाते हैं तो कई दिनों और महीनों तक नहीं उठते. कलाची गांव से कई दिनों तक सोने का पहला मामला साल 2010 में सामने आया था. कुछ बच्चे अचानक स्कूल में गिर गए थे और सोने लगे थे. इसके बाद इस बीमारी के शिकार लोगों की संख्या बढ़ने लगी. तभी से वैज्ञानिक इस गांव पर रिसर्च कर रहे हैं. बता दें कि अभी तक डॉक्टर और वैज्ञानिक भी इस बीमारी का पता नहीं लगा पाए हैं कि आखिर लोग इतने दिनों तक कैसे सोते रहते हैं. हालांकि डॉक्टर्स का कहना है कि ऐसा यहां के दूषित पानी की वजह से हो रहा है. रहस्यमयी तरीके से सोने के कारण इस गांव को अब स्लीपी होलो भी कहा जाने लगा है.

इस गांव की आबादी करीब 600 है. इस गांव के करीब 14 फीसदी लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं. इस गांव के लोगों की सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि जिनको भी ये बीमारी है उनको पता ही नहीं चलता की वो सो गए हैं. मतलब ये कि यहां के लोग कहीं भी सोते हुए मिल जाएंगे. वो मार्केट, स्कूल या सड़क पर कहीं भी सोने लगते हैं. उसके बाद वो कई दिनों तक सोते रहते हैं.

बता दें कि कजाकिस्तान के इस गांव के पास कभी यूरेनियम की खदान हुआ करती थी, जो अब बंद हो चुकी है. इस खदान में जहरीला रेडिएशन होता रहता था. रिपोर्ट के मुताबिक इस खदान की वजह से ही लोगों को ऐसी अजीब बीमारी ने जकड़ लिया है. हालांकि इस गांव में अभी रेडिएशन की कोई खास मात्रा नहीं है.



# दुनिया की सबसे अनोखी तितली डेड लीफ बटरफ्लाई

**प्रकृति ने इंसानों के साथ लाखों-करोड़ों जीव-जन्तु बनाएं है. इनमें से कुछ जीव इतने सुंदर होते हैं कि आप उन्हें देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे. इन्ही में से एक जीव है तितली. आपने तमाम रंगों की तितलियां देखी होंगी. जिनकी अठखेलिया आपको भी प्रभावित करती होंगी. आज हम आपको एक ऐसी तितली के बारे में बताने जा रहे हैं जो रंग बिरंगी तो है ही इसके साथ ही वह एक सूखे पत्ते की भांति भी रंग बदल लेती है.**

इस तितली को देखकर आप अंदाजा नहीं लगा पाएंगे कि ये तितली है या फिर कोई सूखा पत्ता. क्योंकि जब ये तितली अपने पंखों को बंद रखती है तो ये किसी सूखे पत्ते जैसी दिखती है. जब ये उड़ती है या अपने पंख खोलती है तभी आप पता लगा सकते हैं कि ये तितली है. दरअसल, यही पंख उसे माहौल में गायब कर खतरनाक शिकारियों से बचाते हैं. इस तितली का नाम है द डेड लीफ बटरफ्लाई, जो ट्रॉपिकल एशिया में पाई जाती है. इस तितली का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. जिसमें आप सूखे पत्तों जैसी दिखने वाली तितली को आसानी से देख सकते हैं.

इस वीडियो को ट्विटर पर शेयर किया गया है. वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, 'ट्रॉपिकल एशिया की द डेड लीफ बटरफ्लाई, जो नजरों को धोखा देने में माहिर है! जब कोई चिड़िया या दूसरे शिकारी उसके करीब आते हैं तो वह अपने पंखों को बंद कर लेती है. ऐसा कर वो माहौल में गायब होकर खुद को शिकारियों से बचा लेती है!'

## कच्चे तेल में नरमी, पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**ब्रेंट क्रूड 1.33 फीसदी गिरकर 78.79 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार में शुक्रवार को कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जिससे उपभोक्ताओं को तात्कालिक राहत मिली। हालांकि, ईरान द्वारा रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर संभावित टोल टैक्स के संकेत ने भविष्य में तेल आपूर्ति और परिवहन लागत को लेकर नई चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस सबके बीच, भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ईरान ने दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाने का संकेत दिया है। यदि यह लागू होता है, तो तेल परिवहन की लागत में भारी वृद्धि होगी, जिसका सीधा असर वैश्विक बाजार पर पड़ेगा। अमेरिका के साथ तनाव कम होने की उम्मीद के बावजूद यह कदम तेल बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रहा है। इन भू-राजनीतिक चिंताओं के बावजूद, शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 1.33 फीसदी गिरकर 78.79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.08 फीसदी घटकर 75.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा। भारतीय बाजार के लिए अच्छी खबर यह रही कि शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी तेल कंपनियों ने पुराने दाम ही बरकरार रखे, जिससे आम जनता को फिलहाल महंगाई का नया झटका नहीं लगा। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहे। मुंबई में भी कीमतें यथावत बनी हुई हैं।

## बाजार में दमदार परफॉर्मेंस और लंबी बैटरी लाइफ वाले लैपटॉप उपलब्ध

नई दिल्ली

वर्तमान समय में भारतीय बाज़ार में ऐसे बेहतरीन बजट लैपटॉप उपलब्ध हैं जो छात्रों को पढ़ाई और हैवी सॉफ्टवेयर चलाने के लिए एकदम सही हैं। छात्रों के लिए इन लैपटॉप्स में इंटेल कोर आई3/आई5 और एएमडी राइजन सीरीज के लेटेस्ट प्रोसेसर दिए गए हैं, जो बिना किसी लैग के स्मूथ मल्टीटास्किंग सुनिश्चित करते हैं।सुपरफास्ट स्पीड के लिए पारंपरिक हार्ड डिस्क की जगह सॉलिड-स्टेट ड्राइव (एसएसडी) का उपयोग किया गया है, जिससे भारी कोडिंग ऐप्स और कंपाइलर्स कुछ ही सेकेंड्स में बूट हो जाते हैं। कोडिंग के लंबे सेशन्स और कॉलेज के प्रोजेक्ट्स के दौरान बार-बार चार्जिंग की झंझट को खत्म करने के लिए, इनमें दमदार बैटरी लाइफ मिलती है, जो आसानी से पूरे दिन का बैकअप प्रदान कर सकती है। ऑनलाइन क्लासेस और कोडिंग इंटरफेस को ध्यान में रखते हुए, इन लैपटॉप्स में एंटी-ग्लेयर डिस्प्ले भी मौजूद है। यह छात्रों को आंखों पर पड़ने वाले तनाव को कम करने में मदद करता है। इन विकल्पों में आसुस वीवोबुक एस16 (असुस वीवोबुक एस 16) एक प्रमुख उदाहरण है। यह एक प्रीमियम और आधुनिक एआई-संचालित पतला और हल्का लैपटॉप है, जिसमें इंटेल कोर अल्ट्रा 5 प्रोसेसर और इंटेल एआई बूस्ट एनपीयू लगा है। यह कोडिंग, मल्टीटास्किंग और एआई-आधारित ऐप्स के लिए बेहतरीन प्रदर्शन देता है। इसका शानदार कूल सिल्वर मैटेलिक फिनिश और ओएलईडी (आलेड) डिस्प्ले इसे स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल बनाता है, जिसका वजन सिर्फ 1.7 किलोग्राम है।

## कच्चे तेल में नरमी, पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**ब्रेंट क्रूड 1.33 फीसदी गिरकर 78.79 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार में शुक्रवार को कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जिससे उपभोक्ताओं को तात्कालिक राहत मिली। हालांकि, ईरान द्वारा रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर संभावित टोल टैक्स के संकेत ने भविष्य में तेल आपूर्ति और परिवहन लागत को लेकर नई चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस सबके बीच, भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।न भू-राजनीतिक चिंताओं के बावजूद, शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 1.33 फीसदी गिरकर 78.79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.08 फीसदी घटकर 75.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा। भारतीय बाजार के लिए अच्छी खबर यह रही कि शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहे। मुंबई में भी कीमतें यथावत बनी हुई हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ । सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। आज सबसे अधिक गिरावट आईटी शेयरों में रही। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 607 अंक टूटकर 76,802 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी में भी 154 अंकों की गिरावट रही, ये 24,013 के स्तर पर बंद हुआ। आज निफ्टी आईटी इंडेक्स 5.8 फीसदी नीये आया। इसका कारण ये रहा कि उद्योग जगत की अग्रणी कंपनी एक्सेंचर ने तिमाही बिक्री का पूर्वानुमान वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से कम बताया था। । इसके अलावा निफ्टी रियल्टी और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ा है।

बुधवार को मामूली खरीदारी करने के बाद, विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को फिर से कैश मार्केट में 1,025 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। जिससे भी बाजार पर दवाब पड़ा है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ शुरु हुआ। सुबह सेंसेक्स 703 अंक की गिरावट के साथ 76,706.86 पर आ गया। वहीं निफ्टी 191.45 अंक गिरकर 23,976.55 पर कारोबार कर रहा था।

बाजार में इस गिरावट का कारण एक्सेंचर द्वारा जारी कमजोर राजस्व अनुमानों के बाद वैश्विक स्तर पर आईटी कंपनियों की ग्रोथ आउटलुक पर सवाल उठने लगे, जिसका सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों पर देखा गया। बाजार में सबसे ज्यादा दबाव आईटी सेक्टर पर रहा, जहां निफ्टी आईटी इंडेक्स में करीब 6 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई।

इस गिरावट में दिग्गज आईटी कंपनियों जैसे इंफोसिस, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर सबसे आगे रहे, जिन्होंने निवेशकों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। व्यापक बाजार में भी कमजोरी का माहौल रहा, जहां निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे थे।

## बैंकों को अल्पकालिक धन की सीमित जरुरत, आरबीआई की वीआरअर नीलामी सुस्त

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को आयोजित एक लाख करोड़ रुपए की तीन दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी को बैंकों से बेहद सुस्त प्रतिक्रिया मिली।

यह बैंकिंग प्रणाली में अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता को दर्शाता है। केंद्रीय बैंक को अधिसूचित राशि के मुकाबले केवल 16,750 करोड़ रुपए की बोलियां प्राप्त हुईं, जिन्हें 5.26 फीसदी की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया गया। आरबीआई की वीआरआर नीलामी में यह कम भागीदारी दर्शाती है कि अल्पकालिक धन के लिए बैंकों की मांग सीमित रही, भले ही केंद्रीय बैंक ने नकदी समर्थन देने की कोशिश की हो।

18 जून तक उपलब्ध । । नकदी दबाव को कम करने के लिए, केंद्रीय बैंक ने हाल के दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से लगभग 1.89 लाख करोड़ रुपए की अस्थायी नकदी डाली है।

## टर्टलमिंट आईपीओ को पहले दिन मिला 45 फीसदी अभिदान

**आईपीओ 23 जून को होगा बंद, योग्य संस्थागत खरीदारों की हिस्सेदारी सर्वाधिक भरी**

नई दिल्ली




टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के पहले दिन कुल 45 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। इस दौरान योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की तरफ से सबसे अधिक प्रतिक्रिया देखने को मिली। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी द्वारा पेशकश किए गए 3.29 करोड़ शेयरों के मुकाबले 1.48 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। क्यूआईबी श्रेणी में 73 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि खुदरा निवेशकों के कोटे को 29 प्रतिशत अभिदान मिला। गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) की हिस्सेदारी सिर्फ एक प्रतिशत ही भर पाई, जो अक्सर पहले दिन धीमी रहती है। 883 करोड़ रुपये का यह आईपीओ 23 जून को बंद होगा। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम के लिए 144-152 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।जिससे ऊपरी स्तर पर इसका मूल्यांकन 4,500 करोड़ रुपये से अधिक बैठता है। इससे पहले, टर्टलमिंट ने गुरुवार को एंकर निवेशकों से 397.20 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस आईपीओ में 660.72 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा लगभग 221.95 करोड़ रुपये मूल्य के 1.46 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

# बॉन्ड बाजार की शॉर्ट-टर्म खुशी पर आरबीआई का ब्रेक! महंगाई बनी चिंता

**विदेशी निवेश ने बढ़ाई रौनक, पर कम अवधि वाले बॉन्ड की तेज़ी को खतरा**

नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों को लुभाने के सरकार के हालिया प्रयासों ने बॉन्ड बाजार में जबरदस्त उछाल ला दिया है, खासकर कम अवधि वाले सरकारी बॉन्ड में। हालांकि यह उत्साह अल्पकालिक साबित होसकता है क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही बाजार से अतिरिक्त नकदी को सोखने के लिए कदम उठा सकता है। बढ़ती महंगाई की चिंताएं और बैंकिंग सिस्टम में अनुमानित भारी अधिशेष नकदी, आरबीआई को सख्ती बरतने पर मजबूर कर सकती हैं,जिससे विदेशी निवेशकों की उम्मीदों पर पानी फिरने और बॉन्ड यील्ड में गिरावट पर ब्रेक लगने की आशंका है। 5 जून को सरकार द्वारा विदेशी निवेशकों के लिए बॉन्ड निवेश को आसान बनाने के बाद से, विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ा है। इसके परिणामस्वरूप, पांच साल वाले सरकारी बॉन्ड की यील्ड 6.49 फीसदी तक गिर गई, जो बॉन्ड की बढ़ती कीमतों का संकेत है। सरकार ने रुपये को मजबूत करने और विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष जमा योजनाओं और सरकारी कंपनियों को विदेशी बॉन्ड के जरिए पैसा जुटाने की छूट जैसे कई अन्य कदम भी उठाए हैं। जिससे लगभग 80 अरब डॉलर के निवेश का अनुमान है। हालांकि, इस तेजी पर अब भारतीय रिजर्व बैंक का रुख भारी पड़ सकता है। आरबीआई के लिए महंगाई एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है।




मई में थोक महंगाई दर 9.68 फीसदी पर पहुंच गई है और कमजोर मानसून की आशंकाएं कीमतों पर और दबाव डाल सकती हैं। बैंकिंग सिस्टम में आने वाले महीनों में 8 लाख करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त नकदी पहुंचने का अनुमान है, जिसे रोकने के लिए आरबीआई सख्त कदम उठा सकता है।डीबीएस बैंक ट्रेजरी के प्रमुख अधिकारी के अनुसार, शॉर्ट टर्म बॉन्ड में अब और तेजी की गुंजाइश कम है। आरबीआई रिवर्स रेपो या सीआरआर बढ़ाकर बाजार से पैसा खींच सकता है, जिससे पांच साल वाले बॉन्ड की यील्ड 6.50 फीसदी के आसपास बनी रह सकती है।

फिलहाल, बैंकिंग सिस्टम में नकदी का अधिशेष घटकर 29,400 करोड़ रुपये रह गया है, लेकिन महीने के अंत तक सरकारी खर्च और आरबीआई के लाभांश भुगतान के कारण यह फिर बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में कुछ विशेषज्ञ इस साल के अंत तक आरबीआई द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की संभावना भी जता रहे हैं, जो बॉन्ड बाजार पर अतिरिक्त दबाव डालेगा और विदेशी निवेशकों के लिए कम अवधि वाले बॉन्ड में निवेश को कम आकर्षक बना सकता है।

# 5 दिन की हरियाली के बाद शुयर बाजार धड़ाम...आईटी स्टॉक्स में भारी गिरावट

मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांच कारोबारी सत्रों से तेजी से निवेशकों की संपत्ति में जहां बड़ा इजाफा हुआ था, वहीं इस सप्ताह का आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार आईटी सेक्टर के निवेशकों के लिए किसी बुरे सपने जैसा साबित हुआ। भारत की दिग्गज आईटी कंपनियों के शेयर ताश के पत्तों की तरह बिखर गए। इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक जैसे बड़े और भरोसेमंद शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई। इस पूरी तबाही के पीछे वजह भारत की कोई घरेलू घटना नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी कंसल्टिंग कंपनी एक्सेंचर की एक सख्त चेतावनी है। एक्सेंचर के कमजोर आउटलुक ने निवेशकों को बुरी तरह डरा दिया है, जिसके चलते निफ्टी आईटी इंडेक्स 6.5 फीसदी तक गोता लगा गया और बाजार से कुछ ही घंटों में 1,25,981 करोड़ रुपये स्वाहा हो गए।

दरअसल, ग्लोबल दिग्गज कंपनी एक्सेंचर ने अपने पूरे साल की कमाई (रेवेन्यू ग्रोथ) का अनुमान घटा दिया है। पहले कंपनी को 3 से 5 प्रतिशत ग्रोथ की उम्मीद थी, जिसे अब घटाकर 3 से 4 प्रतिशत कर दिया गया है। कंपनी ने चौथी तिमाही के लिए भी कमजोर आंकड़े पेश किए हैं। शेयर बाजार पूरी तरह से भविष्य की उम्मीदों पर चलता है। जब एक्सेंचर जैसी बड़ी कंपनी को नए ऑर्डर मिलने में सुस्ती दिख रही है, तो निवेशकों को यह डर सताने लगा है कि इसका सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों के बिजनेस पर भी पड़ेगा। इसी खौफ के चलते निवेशकों ने अपने शेयर धड़ाधड़ बेचे।इंफोसिस सबसे ज्यादा पस्त, अन्य दिग्गज कंपनियों का भी बुरा हालइस भारी बिकवाली का असर मुख्य बाजार यानी निफ्टी 50 पर कम, लेकिन आईटी सेक्टर पर कहीं ज्यादा दिखा। मुख्य बाजार केवल 1 फीसदी गिरा, लेकिन आईटी शेयरों ने बाजार की पूरी तस्वीर बिगाड़ दी। इस मंदी में सबसे तगड़ा झटका इंफोसिस को लगा, जिसका शेयर 8.34 प्रतिशत तक टूट गया। यह गिरावट यहीं नहीं रुकी। एम्फेसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और पर्सिस्टेंट सिस्टम्स जैसे शेयर लाल निशान में बंद हुए। यह डर सिर्फ भारतीय बाजार तक सीमित नहीं रहा। अमेरिकी बाजार में भी इंफोसिस और विप्रो के एडीआर लगभग 10 फीसदी तक टूट गए। कॉग्निजेंट 10 फीसदी गिरा, वहीं खुद एक्सेंचर का शेयर 17 फीसदी से ज्यादा क्रैश हो गया।

## रुपया बढ़त पर बंद

**इस बीच, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे कमजोर होकर 94.38 पर खुला, जबकि गुरुवार को यह 94.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।**

मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 7 पैसे की बढ़त के साथ ही 94.33 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.20 पर पहुंच गया। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में तेजी आने की उम्मीद के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की अनुकूल कीमतों और विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार से रुपया आज सकारात्मक रुख के साथ खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.30 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में मजबूती के साथ बढ़कर 94.20 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। ये इसके पिछले बंद भाव से 20 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को 10 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 फीसदी की बढ़त के साथ 100.92 पर रहा।

# स्विस बैंकों में भारतीयों का पैसा 8 फीसदी से अधिक घटाः रिपोर्ट

**कुल राशि 3.25 अरब स्विस फैंक हुई, स्थानीय शाखाओं के जरिए जमा राशि में आई कमी**

नई दिल्ली ।

स्विस बैंकों में भारतीयों द्वारा जमा किया गया धन वर्ष 2025 में 8 प्रतिशत से अधिक घटकर 3.25 अरब स्विस फ्रैंक (लगभग 36,793 करोड़ रुपये) रह गया है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक, स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, यह कमी मुख्य रूप से स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखे गए धन में गिरावट के कारण दर्ज की गई है। एसएनबी के आंकड़ों के मुताबिक, कुल जमा राशि में गिरावट के बावजूद, व्यक्तिगत और संस्थागत ग्राहकों के खातों में जमा धन 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 6,000 करोड़ रुपये) हो गया है। हालांकि, कुल राशि में इन जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 16 प्रतिशत ही रही। कुल धनराशि का बड़ा हिस्सा बैंकों को देय राशि के रूप में था, जो अन्य बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के जरिये रखी गई थी। यह राशि पिछले साल करीब 15 प्रतिशत घटकर 2.6 अरब स्विस फ्रैंक रही। इससे पहले, वर्ष 2024 में स्विस बैंकों में जमा कुल भारतीय धन तिगुना होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक हो गया था, जो 2021 के बाद का उच्चतम स्तर था। वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर था। एनएनबी स्पष्ट करता है कि ये आंकड़े स्विट्जरलैंड में भारतीयों के कथित काले धन की मात्रा को नहीं दर्शाते हैं, न ही इनमें वह धन शामिल है जो तीसरे देशों की इकाइयों के नाम पर रखा गया हो। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीयों की कुल जमा राशि वर्ष 2006 में करीब 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद इसमें अधिकांश समय गिरावट का रुख रहा है, हालांकि कुछ वर्षों में इसमें वृद्धि भी देखी गई।

## ईरान-अमेरिका शांति से बाजार में बंपर उछाल, पर आईटी शेयरों ने लगाम कसी

**पांच दिन की ऐतिहासिक तेजी, सेंसेक्स ने पार किया 77 हजार का आंकड़ा**

मुंबई ।

बीता सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा लेकिन अंततः महत्वपूर्ण रहा। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने और शांति समझौते की सहमति की खबरों ने बाजार में जबरदस्त उत्साह भर दिया, जिससे प्रमुख सूचकांकों ने कई नए रिकॉर्ड बनाए। हालांकि, सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र से मिली नकारात्मक खबर के कारण बाजार में गिरावट दर्ज की गई, जिससे पांच दिनों की लगातार तेजी पर ब्रेक लग गया। सप्ताह की शुरुआत शानदार रही, जब सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच जंग रोकने को लेकर बनी सहमति की खबर ने बाजार में जोश भर दिया। सेंसेक्स 1000 अंकों से अधिक की तेजी के साथ खुला और 736 अंकों की उछाल के साथ 76,000 के पार बंद हुआ, जबकि निफ्टी 231 अंकों की बढ़त दर्ज की। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया। मंगलवार को भी यह सिलसिला जारी रहा, जहां टेक्नोलॉजी और घरेलू मांग वाले सेक्टर्स में खरीदारी के दम पर सेंसेक्स 544 अंकों की मजबूत छलांग लगाकर 76,808 के ऐतिहासिक स्तर पर बंद हुआ और निफ्टी 23,989 के पार पहुंच गया। बुधवार को बाजार सपाट खुला, लेकिन अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की खबर ने सकारात्मकता बनाए रखी। गुरुवार को शुरुआती नरमी के बावजूद, बाजार ने मजबूत वापसी करते हुए लगातार पांचवें दिन बढ़त दर्ज की। सेंसेक्स 254 अंकों की शानदार तेजी के साथ 77,409 के एक और ऐतिहासिक स्तर पर बंद हुआ।

## नोवो नॉर्डिस्क के सिस्टम में सेंधमारी, हैकर्स ने मांगी 2.5 करोड़ डॉलर की फिरौती

**फार्मा कंपनी ने मामले को गंभीरता से लिया, जांच जारी**

मुंबई ।

फार्मास्युटिकल दिग्गज नोवो नॉर्डिस्क कथित साइबर हमले की चपेट में आ गई है। हैकिंग समूह ने कंपनी से 2.5 करोड़ डॉलर की फिरौती मांगी थी, जिसे कंपनी ने ठुकरा दिया है। हमलावरों ने कंपनी का 1 टेराबाइट से अधिक डेटा चुराने का दावा किया है। डेनमार्क की फार्मास्युटिकल कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने इस दावे पर संज्ञान लिया है कि उसके सिस्टम से अवैध रूप से डेटा कॉपी करके ऑनलाइन प्रकाशित किया गया है।

ऐसी खबरें सामने आई हैं कि एक हैकिंग समूह ने कंपनी से 2.5 करोड़ डॉलर की फिरौती मांगी थी, जिसे कंपनी ने ठुकरा दिया। हैकरों ने 1 टेराबाइट से अधिक डेटा चुराने का दावा किया है।

नोवो नॉर्डिस्क ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले रही है और अपने प्रमुख प्लेटफॉर्म पर सामान्य परिचालन बनाए रखते हुए लगातार अपने सिस्टम की निगरानी कर रही है। कंपनी ने पुष्टि की है कि इस घटना को लेकर वह संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है और दुनिया भर में मरीजों को दवाओं तथा सहायक सेवाओं की अबाध डिलीवरी सुनिश्चित करने के साथ-साथ अपने सिस्टम की सुरक्षा और विश्वसनीयता बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, नोवो नॉर्डिस्क ने कथित सेंधमारी के पैमाने या प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है। कंपनी का यह बयान उन चिंताओं के बीच आया है कि बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को फिरौती के लिए निशाना बनाया जा रहा है, खासकर स्वास्थ्य सेवा और दवा जैसे अहम क्षेत्रों में। इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुसंधान, रोगी-संबंधित जानकारी और स्वामित्व वाले डेटा को अक्सर मूल्यवान लक्ष्य माना जाता है। हाल के समय में डेटा एक्सटॉर्शन (डेटा चुराकर फिरौती मांगने) की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, जहां हमलावर बड़े स्तर पर डेटा चोरी का दावा करके फर्मों पर फिरौती देने का दबाव बनाते हैं।

कंपनियों द्वारा अक्सर यह चेतावनी दी जाती है कि जब ऐसे दावे सार्वजनिक किए जाते हैं, तो जरूरी नहीं कि उनकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि की गई हो।

नोवो नॉर्डिस्क ने इस कथित घटना के बारे में कोई तकनीकी जानकारी नहीं दी है, माना जा रहा है कि संबंधित अधिकारियों और साइबर सुरक्षा टीमों की मदद से इसकी जांच चल रही है। नोवो नॉर्डिस्क 1994 से भारत में सक्रिय है और इसका मुख्यालय बेंगलुरु में है। भारत में कंपनी के 1,600 से अधिक कर्मचारी हैं।

## मारुति सुजुकी ने अपने ग्राहकों के लिए पेश किया स्मार्ट मेंटेनेंस प्लान

नई दिल्ली

अपने ग्राहकों के लिए मारुति सुजुकी कंपनी ने स्मार्ट मेंटेनेंस प्लान नामक एक नई और सुविधाजनक रखरखाव योजना पेश की है। यह योजना निजी और व्यावसायिक दोनों प्रकार के वाहन मालिकों के लिए उपलब्ध है।

इस पहल का उद्देश्य वाहन मालिकों को सेवा और रखरखाव से जुड़े खर्चों पर बेहतर नियंत्रण देना, भविष्य में बढ़ने वाली सेवा लागतों से बचाना और वाहन स्वामित्व के अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाना है।

ग्राहक चाहें तो नया वाहन खरीदते समय ही इसे अपना सकते हैं, वहीं पहले से वाहन उपयोग कर रहे ग्राहक भी देशभर में स्थित किसी भी अधिकृत मारुति सुजुकी सेवा केंद्र से इसे खरीद सकते हैं।

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका लचीलापन है। वाहन मालिक अपनी जरूरत और बजट के अनुसार विभिन्न प्रकार के सेवा पैकेज चुन सकते हैं।

इनमें केवल श्रम शुल्क वाले पैकेज, पुर्जों और श्रम दोनों को शामिल करने वाले पैकेज, व्यावसायिक वाहनों के लिए विशेष रखरखाव सेवाएं तथा इंजन ऑयल और शीतलक द्रव से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं।

कुछ चुनिंदा पुर्जों जैसे क्लच और ब्रेक के लिए घिसावट और सामान्य उपयोग से होने वाले नुकसान की सुरक्षा का विकल्प भी उपलब्ध है।

कंपनी के अनुसार, इस योजना का लाभ लेने वाले ग्राहकों को श्रम शुल्क में कम से कम दस प्रतिशत तक की बचत हो सकती है

और विभिन्न पुर्जों पर भी अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिल सकता है।

चूंकि यह एक पूर्व भुगतान आधारित योजना है,

इसलिए ग्राहक सेवा पैकेज खरीदते समय ही भविष्य के रखरखाव खर्च को तय कर सकते हैं, जिससे आने वाले वर्षों में सेवा शुल्क बढ़ने की स्थिति में भी उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

निजी वाहन मालिक दो वर्ष या बीस हजार किलोमीटर से लेकर दस वर्ष या एक लाख किलोमीटर तक के विकल्प चुन सकते हैं, जबकि व्यावसायिक वाहनों के लिए यह सुविधा दस वर्ष या एक लाख साठ हजार किलोमीटर तक उपलब्ध होगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा है कि यह योजना ग्राहकों को अधिक विकल्प, बेहतर सुविधा और खर्चों में पारदर्शिता उपलब्ध कराएगी, जिससे वाहन स्वामित्व को आसान बनाने में मदद मिलेगी।

एक नजर

## शक्तिशाली भारत आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है : गोयल



**मुंबई** : केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को मुंबई में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बारह साल के कार्यकाल में भारतीयों की ताकत, समृद्धि, स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। पीयूष गोयल शनिवार को मुंबई स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों का 2047 तक विकसित भारत का दृढ़ संकल्प हमारा आदर्श वाक्य और लक्ष्य है। लोगों के विश्वास से देश का विकास, विरासत और जनकल्याण के काम आगे बढ़ेंगे। गोयल ने कहा कि दरअसल, पिछले बारह सालों में कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध जैसी कई अंतरराष्ट्रीय समस्याएं पैदा हुईं। लेकिन, नरेन्द्र मोदी ने हर संकट को अवसर में बदलने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी की लीडरशिप में हुए 9 फ्री ट्रेड एग्रीमेंट 38 डेवलप्ड देशों के मार्केट को भारतीय एंटरप्रेन्योर्स, किसानों, मछुआरों और महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिए खोल रहे हैं, उन्हें नए मौके, रोजगार और ट्रेड दे रहे हैं और भारत को तेजी से आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। गोयल ने बताया कि मोदी सरकार ने देश की इकॉनमी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न सिर्फ.भारत बल्कि दुनिया के एक पॉपुलर लीडर के तौर पर पहचानने लगी है, उनकी कामयाबियों को देखते हुए 33 देशों ने उन्हें अपने सबसे बड़े सम्मान से नवाजा है। इसमें डेवलप्ड देशों के साथ-साथ कई ऐसे देश भी हैं जो भारत के बहुत करीब नहीं हैं और उनके साथ उनके पुराने रिश्ते नहीं हैं। मोदी की पॉपुलैरिटी हमेशा बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार यह पक्का करने में लगी हुई है कि सरकारी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे और उन्हें उनका फायदा मिले।

## नितिन नवीन ने अमृतसर में सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेका



**अमृतसर** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने तीन दिवसीय पहले पंजाब दौरे की शुरूआत शनिवार को सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेककर की। श्री दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, ह्यह्यमहाराजा रणजीत सिंह ने जिस तरह पंजाब को एक विशिष्ट सुशासन की पहचान दी थी, वैसे ही हम सभी चाहते हैं कि उनके सपनों का पंजाब बनाएं। नितिन नवीन ने कहा कि मुझे श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेकने और पंजाब के लोगों की सुख-शांति तथा प्रगति के लिए प्रार्थना करने का सौभाग्य मिला है। मैं गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म स्थान पटना साहिब से आया हूं, वह मेरी कर्मभूमि है और मैंने पूरे देश के लोगों की अमन-शांति के लिए भी प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि श्री हरिमंदर साहिब के इतिहास ने पंजाब को पूरी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। मैंने उसी पंजाब के लिए प्रार्थना की है कि जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है, वैसे ही हमारा पंजाब भी विकास के मानकों पर आगे बढ़े और प्रगति की किरणें पंजाब के हर घर, मोहल्ले और हर गांव तक पहुंचे।

# किसान सम्मान निधि केवल आर्थिक सहायता नहीं किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक : शिवराज

एजेंसी

**रायसेन** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। केंद्र से मिलने वाले 6000 रुपये के साथ मध्य प्रदेश सरकार भी उतनी ही राशि जोड़कर राज्य के किसानों को हर साल 12,000 रुपये की सीधी सहायता दे रही है, ताकि खेती के जोखिम कम हों और परिवार को नियमित सहारा मिल सके।




केन्द्रीय मंत्री चौहान शनिवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के बाड़ी में आयोजित जनकल्याण शिविर को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त के देशव्यापी कार्यक्रम के तहत पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से 18,880 करोड़ रुपये सीधे 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में ट्रांसफर कर देश के अन्नदाताओं को एक और बड़ा आर्थिक संबल दिया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रायसेन के बाड़ी में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कार्यक्रम में किसानों, बहनों और युवाओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि बाड़ी का यह शिविर केवल भाषण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें आए हर आवेदन पर कार्रवाई कर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ पहुंचाया जाएगा, ताकि 'रामराज्य' और सुशासन की अवधारणा जमीन पर दिखाई दे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं, चाहे वह किसान क्रेडिट कार्ड हो, फसल बीमा योजना हो या विभिन्न पेंशन और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा और कोई भी योग्य हितग्राही वंचित नहीं रहेगा।

इस मौके पर उन्होंने भोजपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 31 नई सड़कों की स्वीकृति की घोषणा की और कहा कि इन सड़कों के निर्माण से छोटे-छोटे गाँव, टोले और बस्तियाँ मुख्य सड़कों से जुड़ेंगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि सड़क समृद्धि की सहचरी है और इसी सोच के साथ केंद्र सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से गांवद्दगांव तक बेहतर कनेक्टिविटी पहुंचा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रायसेन जिले में अब तक स्वीकृत 1.36 लाख से अधिक मकानों में से 1.08 लाख से ज्यादा मकान पूरे हो जाने की जानकारी देते हुए बताया कि हाल के सर्वे में चिन्हित 1.37 लाख कच्चे मकानों का भौतिक सत्यापन कर हर पात्र परिवार को पक्का मकान देने का अभियान तेज किया जाएगा। शिविर में मौजूद सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से उन्होंने अपील की कि वे गांव-गांव में बैठकों के माध्यम से नई 'विकसित भारत जी-राम-जी योजना' के तहत मिलने वाले 7500 करोड़ रुपये (9 माह के लिए, मध्य प्रदेश हिस्से) का उपयोग स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तय करें, ताकि सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं गांव की प्राथमिकता के अनुसार विकसित हो सकें।

## सरकार ने 16 एफडीसी दवाएं प्रतिबंधित कीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) वाली 16 दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इन दवाओं में कुछ त्वचा संबंधी, दर्द निवारक एवं ऐंठनरोधी दवाएं और एंटीबायोटिक शामिल हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 की धारा 26ए के तहत अधिसूचना जारी कर 16 एफडीसी के निर्माण, बिक्री और मानव उपयोग के लिए वितरण पर रोक लगा दी है। ये अधिसूचनाएं तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। मंत्रालय ने सभी राज्य औषधि नियंत्रकों, नियामक प्राधिकरणों और प्रवर्तन एजेंसियों को अधिसूचनाओं का कड़ाई से कार्यान्वयन एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निमार्ताओं, आयातकों, वितरकों और अन्य हितधारकों को भी कानून के प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE सत्यमेव जयते

एफडीसी वे दवाएं है जिनमें एक ही गोली या कैप्सूल में दो या दो से अधिक सक्रिय दवाइयां एक निश्चित अनुपात में मिलाई जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य उपचार को आसान बनाना, कम गोलियां खाना और मरीजों का सहयोग बढ़ाना है। ये दवाइयां अक्सर उन बीमारियों में इस्तेमाल की जाती हैं जिनमें कई दवाओं की जरूरत होती है।

**ये हैं प्रतिबंधित दवा संयोजन-** एसिटाइल सैलिसिलिक एसिड, एथोहेप्टाजीन। एलोवेरा का अर्क, एलेंटोइन, अल्फाटोकोफेरोल एसीटेट, डी-पेंथेनॉल, विटामिन ए। एलोवेरा का अर्क, विटामिन ई, डाइमेथिकोन, ग्लिसरीन।

## भारत कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : अमित शाह

एजेंसी

**कोल्हापुर** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे पर विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि घुसपैठियों को लेकर सख्त नीति अपनाई जा रही है और देश की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।



अमित शाह आज महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित कृतज्ञता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग घुसपैठियों को "वोट बैंक" के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत कोई "धर्मशाला" नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्ती जारी रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उद्धव ठाकरे की राजनीति पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष चुनावी लाभ के लिए गलत नीतियों का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में वास्तविक नागरिक वही हैं जो भारत में जन्मे हैं और सरकार सीमा सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति जनता के समर्थन को पार्टी के लिए बड़ी जिम्मेदारी बताया। शाह ने शिवसेना के आंतरिक विभाजन का उल्लेख करते हुए कहा कि अब महाराष्ट्र की राजनीति में स्थिति बदल चुकी है और "असली शिवसेना" के रूप में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व को देखा जा रहा है।

महाराष्ट्र की राजनीति में इस समय शिवसेना (यूबीटी) और शिंदे गुट के बीच टकराव जारी है और दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर तनाव बना हुआ है।

# अमेरिका ने जी7 समिट के दौरान भारत विरोधी काम किए, लेकिन मोदी ने नहीं किया पलटवार : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस ने आरोप लगाया कि फ्रांस के एवियन में 15-17 जून तक आयोजित जी-7 शिखर सम्मलेन के दौरान अमेरिका द्वारा 'यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड' का नाम बदलने, नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने और भारतीयों के लिए वीजा बंद करने जैसे भारत विरोधी काम हुए। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जरूरी मुद्दों को नहीं उठाया।




कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि इस मुलाकात के दौरान भारत के हितों के खिलाफ तीन बड़ी बातें हुईं। पहली यह कि अमेरिका ने 'यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड' का नाम बदलकर 'यूएस पैसिफिक कमांड' कर दिया। दूसरी, अमेरिका ने अपने नक्शे में पीओके के हिस्से को पाकिस्तान का दिखा दिया। तीसरी और सबसे गंभीर बात यह रही कि अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ने जुलाई 2026 के वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी-2 और ईबी-5 वीजा बंद कर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने ट्रंप के सामने देश से जुड़े संवेदनशील और जरूरी मुद्दों पर पूरी तरह चुप्पी साधे रखी। अमेरिका ने भारत के मेहमान रहे 'आईआरआईएस देना' को डुबो दिया था, लेकिन दुर्भाग्यवश प्रधानमंत्री ने ट्रंप से इस पर भी कोई सवाल नहीं पूछा। खेड़ा ने कहा कि साल 1986 में 'वॉइस ऑफ अमेरिका' श्रीलंका में भारतीय तट के ठीक बगल में अपना ट्रांसमीटर लगाना चाहता था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की संप्रभुता को देखते हुए ऐसा नहीं होने दिया था। वहीं, राजनयिक देवयानी खोबरागड़े के मामले में डॉ. मनमोहन सिंह ने बतौर प्रधानमंत्री अमेरिका को जो कड़ा संदेश दिया था, उससे पूरा विश्व हैरान रह गया था। पाकिस्तान को एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) की ग्रे लिस्ट में लाने वाली यूपीए सरकार थी, लेकिन आज ट्रंप 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को डिनर पर आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान ट्रंप का यह बयान कि 'मोदी के प्रधानमंत्री रहते कोई भारत पर हमला करेगा तो अमेरिका मदद करेगा', ऐसा था जैसे हम अमेरिका के अधीन हों।

## मप्र के जबलपुर में होगा राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**भोपाल** : मध्य प्रदेश में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम रविवार, 21 जून को जबलपुर में सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में सुबह 6 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम "स्वस्थ आयु के लिये योग" की थीम पर आयोजित किया जा रहे सामूहिक योग में लगभग 5 हजार नागरिकों की सहभागिता होगी। साथ ही 31 स्कूलों के लगभग 3 हजार 400 छात्र-छात्राएं भी शामिल रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी आनंद जैन ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल होंगे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दूसरे इंजन से खींचकर ले जाना पड़ा, 5 घंटे सुनसान जगह फंसे रहे यात्री

एजेंसी

**सासाराम** : उत्तर प्रदेश के वाराणसी से झारखंड के रांची जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बिहार के रोहतास जिले में शुक्रवार शाम खराब हो गई। डीडीयू-गया रेलखंड पर शिवसागर रेलवे स्टेशन से पहले रास्ते में लगभग 5 घंटे तक वंदे भारत अटकी रही। ट्रेन में सवार यात्री बेचैन और परेशान नजर आए। खाना-पानी के बिना उनकी हालत खराब होने लगी। ट्रेन में तकनीकी खराबी का पता नहीं चल पाया, तो रेलवे अधिकारियों ने दूसरा इंजन मंगाया। फिर उस इंजन से खींचकर वंदे भारत एक्सप्रेस को आगे रवाना किया गया।वाराणसी से रांची जा रही ट्रेन नंबर 20888 अपने निर्धारित मार्ग से शुक्रवार को चल रही थी। तभी शिवसागर और कुम्हऊ स्टेशन के बीच उसके इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। ड्राइवर ने शाम 5 बजकर 42 मिनट पर ट्रेन को रास्ते में ही रोक दिया और रेल अधिकारियों को इसकी सूचना दी।



**इंजीनियर नहीं खोज पाए गड़बड़ी**

बताया जा रहा है कि रेलवे के तकनीकी अधिकारियों के आने में लगभग 2 घंटे का समय लग गया। अंधेरा होने पर मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में बहुत देर तक टीम ने ट्रेन की जांच की। लेकिन किसी भी इंजीनियर को तकनीकी गड़बड़ी का पता नहीं चल पाया। इसके बाद उच्च अधिकारियों से फोन पर चर्चा की गई। फिर दूसरा इंजन मौके पर बुलाया गया, उसे वंदे भारत एक्सप्रेस से जोड़ा गया। रात को 10 बजकर 4 मिनट पर ट्रेन को वहां से रवाना किया गया।5 घंटे तक कैदी की तरह रहे यात्री।

वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार अधिकतर यात्री ट्रेन के रुकने से लगभग 5 घंटे अंदर ही बैठे रहे। वे ट्रेन के चलने का इंतजार करते रहे। बहुत देर तक गाड़ी नहीं खुली तो उनकी बेचैनी बढ़ने लगी। बाहरी इलाका होने की वजह से ना तो उन्हें वहां पानी और ना ही कुछ खाने की चीजें मिल पाईं। इससे यात्री घंटों परेशानी से जूझते नजर आए। कुछ लोगों ने शिवसागर रेलवे स्टेशन भी फोन किया, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिल पाया।

संक्षिप्त खबरें

## केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल आज मध्य प्रदेश को देंगे विकास की दो बड़ी सौगातें



**भोपाल** : केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल आज (शनिवार) मध्य प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। वे इंदौर में विकास की दो बड़ी सौगातें देंगे। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी अरुण शर्मा ने बताया कि इंदौर जिले के सांवेर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 42 हजार से अधिक पात्र हितग्राहियों को 2 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की आवास स्वीकृतियां प्रदान की जाएगी तथा 38 हजार से अधिक परिवारों को उनके नवीन पक्के आवासों में गृह-प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री 2 हजार 935 करोड़ रुपये लागत की 48.10 किलोमीटर लंबी महत्वाकांक्षी इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन परियोजना का भूमि पूजन भी करेंगे।

## उग्रवादी संगठनों पर शिकंजा, कई सक्रिय कैडर गिरफ्तार




**इम्फाल**: मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने उग्रवादी संगठनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कई सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, उग्रवादी संगठन में भर्ती किए जा रहे एक किशोर को भी सुरक्षित बचाया गया है। राज्य में यह कार्रवाई उखरूल पीएनबी बैंक डकैती कांड, 5वीं आईआरबी हथियार लूट मामले, जिरीबाम में हमार महिला की हत्या, चार कुकी लोगों के अपहरण एवं हत्या, नारायणसेना में सीआरपीएफ पर हमले तथा मुख्यमंत्री के काफिले पर हुए घात लगाकर हमले जैसे मामलों की जांच के बीच की गई है। पुलिस के अनुसार 19 जून को सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के सोंगपी गांव से यूकेएनए के एक सक्रिय किशोर कैडर को गिरफ्तार किया। इसी दिन मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थाना क्षेत्र स्थित मैबाम लैकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के सक्रिय कैडर सुरेनसांगबाम बुंगचा उर्फ विनर (46) को गिरफ्तार किया। 18 जून को सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लुकर मायाई लैकाई स्थित उसके आवास से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के स्वयंभू कैप्टन एवं सक्रिय वसूलीकर्ता वांगखेम प्रेमजीत सिंह उर्फ कमचा उर्फ इबोमचा (46) को गिरफ्तार किया। एक अन्य अभियान में आईएसबीटी कॉम्प्लेक्स क्षेत्र से आरपीएफ/पीएलए के सक्रिय कैडर आरके सोलोमन सिंह उर्फ आमोन (51) तथा उसके सहयोगी थांगमेइशांग कासार (32) को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान दोनों द्वारा संगठन में भर्ती किए जाने की कोशिश कर रहे एक किशोर को भी बचाया गया। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के कोंगबा बाजार क्षेत्र से आरपीएफ/पीएलए के स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल तथा इंटेलिजेंस प्रभारी सरांगथेम जयेंता मीतेई उर्फ बिकी उर्फ वांगलेन (48) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादियों के कब्जे से आपत्तिजनक सामग्रियों के अलावा 2,000 रुपये तथा एक बोलेरो कैंपर वाहन बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## यहीं रुकेंगे, यहीं सोएंगे: जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे अभिजीत दीपके का बड़ा ऐलान



**नयी दिल्ली** : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही कॉकरोट जनता पार्टी दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। आसपास के राज्यों के छात्र भी इस प्रदर्शन में पहुंचे और थाली और चम्मच बजाकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस बीच कॉकरोच जनता पार्टी के चीफ अभिजीत दीपके ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, वह यहां से नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, लड़ाई अभी शुरू हुई है। यहीं रुकेंगे यहीं सोयेंगे जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते। अभिजीत ने न्याय न मिलने तक यहीं बैठने के लिए कहा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से अनुरोध किया है कि उनकी प्रोटेस्ट की रिक्वेस्ट को आगे बढ़ाया जाए। हालांकि पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने लाउड स्पीकर लगाकर ऐलान किया है कि शाम 5 बजे कर धरना स्थल खाली कर दिया जाए। इसके बावजूद अभिजीत दीपके धरना जारी रखने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा, यह प्रदर्शन कल तक जारी रहेगा। अगर लाठी खानी पड़ी तो सबसे पहले मैं खाऊंगा। अगर हिरासत में लिया गया तो सबसे पहले मैं जाऊंगा। इसी के साथ उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक के चलते जान गंवाने वाले छात्रों के परिवार के लिए आर्थिक मदद की मांग भी की है। उन्होंने कहा है कि उन परिवारों को एक करोड़ रुपए दिए जाएं जिनके बच्चों ने अपनी जान गंवाई है। इसके लिए उन्होंने शाम 6 बजे तक सभी छात्रों और परिजनों को प्रदर्शन स्थल पर आने के लिए कहा है। प्रदर्शन स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है। इस दौरान छात्रों ने नारेबाजी की और पारदर्शी परीक्षाएं सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा करने में सरकार के कथित तौर पर विफल रहने को लेकर पोस्टर लहराए। अभिजीत दीपके के आह्वान पर समर्थक थाली और चम्मच लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारी थाली और चम्मच बजाते रहे। प्रदर्शनकारियों ने 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' के नारे भी लगाए और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही की अपनी मांग दोहराई। दीपके के प्रदर्शन स्थल पर पहुंचने पर भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वे छात्रों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम यहां छात्रों की समस्याओं का समाधान करने आए हैं।'पीएम मोदी को लिखा था खुला पत्र प्रदर्शन से पहले दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुला पत्र लिखकर छात्रों द्वारा उठाई गई चिंताओं को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग की थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902